सुविचार
हार वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देती है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

आज नो निगेटिव अखबार

नई दिल्ली | सोमवार 4 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-दशमी, 2082

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 6.00
वर्ष 19, अंक 20


देश के प्रमुख शहरों में बारिश का हाल

| | अब तक | कम/ज्यादा |
|---|---|---|
| दिल्ली | 363.6 मिमी | +91.9 मिमी |
| मुंबई | 970.4 मिमी | -275.6 मिमी |
| कोलकाता | 872.6 मिमी | +214.3 मिमी |

## पॉजिटिव न्यूज

### इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ संवारे 80 तालाब

नई दिल्ली | रामवीर तंवर ने करियर के रूप में इंजीनियरिंग को चुना था, लेकिन जल्द ही समाजसेवा की लगन लगी।



इसके बाद सामुदायिक प्रयासों से तालाबों को पुनर्जीवित करने लगे। अब तक देशभर के 80 से अधिक तालाबों को नया जीवन दे चुके हैं। अब लोग उन्हें 'पॉन्ड मैन' के रूप में जानते हैं। युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए 'सेल्फी विद पॉन्ड' शुरू किया। उनके अभियान के चलते जो स्थान कभी दलदल या कूड़े से भरे थे, वे अब पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक बन गए हैं।

### पहला लाभ 9 रु., अब 2 करोड़ कमा रहे हरिओम

देहरादून | हरिओम नौटियाल ने वेब डेवलपर का काम छोड़कर 'धन्य धेनु' नाम से डेयरी बिजनेस शुरू किया।



वे दूध, अचार, आइस्क्रीम बेचने लगे। उनका पहले दिन का मुनाफा 9 रुपए था। लेकिन शुरुआती दिक्कतों के बाद बिजनेस चल निकला। 5000 रुपए रोज मुनाफा होने लगा। अब उनका सालाना मुनाफा 2 करोड़ रुपए हो गया है।

**बिहार** • राजद नेता के पास दो एपिक नंबर का मामला, सियासत गरमाई

# आयोग ने तेजस्वी से कार्ड मांगा, एनडीए ने कहा- केस दर्ज हो

भास्कर न्यूज | पटना/नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने रविवार को राजद नेता व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को नोटिस भेजा है। इसमें आयोग ने तेजस्वी से उनका मतदाता पहचान पत्र जांच के लिए सौंपने को कहा है।



आयोग का कहना है कि जो एपिक नंबर उन्होंने दिखाया, वह आधिकारिक रूप से जारी नहीं हुआ है। एक अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद तेजस्वी ने दावा किया था कि सूची में उनका नाम नहीं है। शनिवार को तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक एपिक नंबर दिखाकर दावा किया कि वोटर आईडी कार्ड के एपिक नंबर से मिलान करने पर वोटर ड्राफ्ट लिस्ट में उनका नाम नहीं दिख रहा है। हालांकि आयोग ने उनके दावे का खंडन किया।

इस बीच, पटना सदर के एसडीएम व दीघा विधानसभा क्षेत्र के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर ने तेजस्वी को नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है, 'जांच में पाया गया कि आपने जो एपिक नंबर बताया, वह रिकॉर्ड में नहीं है। ऐसे में उसे जांच के लिए पेश करें।' इस बीच सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने तेजस्वी पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक, जदयू के नीरज कुमार और लोजपा (आर) के राजेश भट्ट शामिल ने कहा, अगर तेजस्वी के पास दो वोटर कार्ड हैं, तो यह अपराध है। उन पर केस दर्ज होना चाहिए।

### तमिलनाडु में 6.5 लाख प्रवासी मजदूरों को जोड़ा गया, बिहार में हटाया जा रहा: चिदंबरम

कांग्रेस सांसद पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया पर लिखा, बिहार में 65 लाख लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, वहीं तमिलनाडु में करीब 6.5 लाख प्रवासी मजदूरों को वोटर लिस्ट में अवैध रूप से शामिल किया गया है। जब एक राज्य में नाम हटाए जा रहे हैं तो दूसरे राज्य में बाहर से आए लोगों को जोड़ने का क्या तुक है? यह लोकतंत्र है? या किसी और व्यवस्था की तैयारी हो रही है? निर्वाचन आयोग को इसका जवाब देना चाहिए।

**निर्वाचन आयोग ने कहा- चिरंबरम का दावा गलत:** दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने चिदंबरम के आरोपों को 'पूरी तरह भ्रामक' बताया है। आयोग ने कहा, तमिलनाडु में 'विशेष गहन पुनरीक्षण' की प्रक्रिया अभी शुरू ही नहीं हुई है, लिहाजा दोनों राज्यों की तुलना करना बेमानी है। प्रवासी मजदूरों को उनके निवास स्थान के आधार पर वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है, और कोई व्यक्ति दो स्थानों पर वोटर नहीं हो सकता।

### इंडिया गठबंधन: 7 को बैठक, 8 को मार्च करेंगे

- कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी 5 अगस्त को बेंगलुरु में निर्वाचन आयोग की गंभीर अनियमितताओं का खुलासा करेगी। वहीं, 7 अगस्त को दिल्ली में इंडिया गठबंधन बैठक होगी। इसके अगले दिन यानी आठ मार्च को विपक्षी गठबंधन के नेता निर्वाचन आयोग तक मार्च करेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन की पहली फिजिकल बैठक होने जा रही है।

### ड्राफ्ट लिस्ट में नाम शामिल करने या हटाने की किसी भी पार्टी ने मांग नहीं की: आयोग

- आयोग ने दावा किया कि एक अगस्त को बिहार की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद से अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने नाम जोड़ने या हटाने की कोई आधिकारिक मांग नहीं की है। 1 से 3 अगस्त के बीच सिर्फ 941 व्यक्तिगत दावे और आपत्तियां मिली हैं।
- आपत्तियों-दावे में कुछ नाम शामिल करने और कुछ हटाने से जुड़े हैं। आयोग ने 1 सितंबर तक नाम शामिल करने या हटाने के लिए समय दिया है। अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

**एसआईआर पर बहस चाहता है विपक्ष:** केंद्र सरकार सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल पास करवाना चाहती है। विपक्ष एसआईआर पर चर्चा चाहता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आयोग संवैधानिक संस्था है। उस पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती।

**श्रीनगर एयरपोर्ट** • 26 जुलाई की वारदात का वीडियो सामने आया, आरोपी पर एफआईआर

# लगेज का चार्ज मांगने पर आर्मी अफसर ने 4 स्पाइसजेट कर्मियों को पीटा, एक की रीढ़ टूटी

एजेंसी | नई दिल्ली/श्रीनगर

श्रीनगर एयरपोर्ट पर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट एयरलाइन के चार ग्राउंड स्टाफ को बुरी तरह पीट दिया। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी और दूसरे का जबड़ा टूट गया है। विमानन कंपनी ने आरोपी सेना अधिकारी के खिलाफ एफआईआर कराई है। साथ ही, उसे नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की प्रक्रिया शुरू की है।

कंपनी ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि 26 जुलाई को श्रीनगर एयरपोर्ट पर दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एसजी-386 के बोर्डिंग गेट के पास एक यात्री ने अतिरिक्त लगेज का चार्ज मांगने पर हमारे चार ग्राउंड स्टाफ पर हमला किया। यात्री ने घूंसे, लात और क्यू-स्टैंड से हमला किया। किसी तरह वहां मौजूद सीआईएसएफ जवानों ने सेना के अधिकारी को वहां से हटाकर स्थिति को संभाला।

### एक कर्मचारी गिरकर बेहोश हुआ, पर उसको पीटते रहे...




- कंपनी ने बताया- आरोपी यात्री दो बैग लेकर बोर्डिंग के लिए जा रहा था, जिनका वजन 16 किलो था। जबकि केबिन बैग की अधिकतम सीमा 7 किलो है। अतिरिक्त वजन के लिए चार्ज मांगा, तो इनकार किया और जबरन एयरोब्रिज में घुसने लगा। कर्मचारी ने रोका तो हमला कर दिया। कर्मचारी के बेहोश होने पर भी लात-घूंसे बरसाए।
- कंपनी ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को इसकी जानकारी और पुलिस को घटना की सीसीटीवी फुटेज सौंपी है।
- सेना ने कहा, हम इसे गंभीरता से ले रहे हैं। जांच प्रक्रिया में सेना की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**एक साल में 167 केस...** सीआईएसएफ के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में देश के 67 हवाई अड्डों पर 'अशिष्ट, असामान्य व्यवहार' के 167 केस दर्ज हुए। इनमें यात्रियों द्वारा विमानन कर्मियों से गाली-गलौज और हमले जैसी घटनाएं थीं। आईबीएस सॉफ्टवेयर की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 72% विमानन कर्मियों ने यात्रियों से मौखिक या शारीरिक दुर्व्यवहार का अनुभव किया।

## एक दिन में राष्ट्रपति से अलग-अलग मिले पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कुछ घंटों के अंतराल पर अलग-अलग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इन मुलाकातों के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दोपहर 12:41 बजे जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। शाम 6:37 बजे राष्ट्रपति भवन ने लिखा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रधानमंत्री की हाल की यूनाइटेड किंगडम और मालदीव यात्रा के बाद राष्ट्रपति के साथ यह पहली मुलाकात थी। यह मुलाकात ऐसे समय हुई, जब बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर संसद में गतिरोध बना है।

**हादसा** • एक हफ्ते से लापता थे चारों बुजुर्ग

## अमेरिका: चार लापता भारतीय सड़क हादसे में मृत, जांच जारी

एजेंसी | न्यूयॉर्क


हादसे में मृत लोगों की फाइल फोटो

अमेरिका में लापता हुए एक ही परिवार के चार बुजुर्गों के शव मिले हैं। ये चारों भारतवंशी न्यूयॉर्क के बफलो सिटी से पेनसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग की ओर रोड ट्रिप पर निकले थे। चारों इस सप्ताह की शुरुआत से लापता थे। रविवार को मार्शल काउंटी पुलिस ने सड़क हादसे में मौत की पुष्टि की।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि उनकी गाड़ी शनिवार रात करीब 9:30 बजे वेस्ट वर्जीनिया के बिग व्हीलिंग क्रीक रोड पर ढलान के नीचे मिली। करीब 5 घंटे तक सर्च ऑपरेशन के बाद चारों शव मिले। मृतकों की पहचान आशा दीवान (85), किशोर दीवान (89), शैलेश दीवान (86), और गीता दीवान (84) के रूप में हुई है। इन्हें आखिरी बार पिछले मंगलवार को पेनसिल्वेनिया के एरी शहर के पीच स्ट्रीट स्थित बर्गर किंग में देखा गया था। वेस्ट वर्जीनिया के मार्शल और ओहायो काउंटी की पुलिस ने इनके लिए तलाशी अभियान चलाया था। रविवार को खोज में हेलीकॉप्टर उतारा गया।

दिल्ली विधानसभा में ई-विधान एप्लिकेशन का उद्घाटन

# न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार लाई न्याय संहिता: अर्जुन मेघवाल

### स्कूल फीस वृद्धि को नियंत्रित करने आज विधेयक होगा पेश: सीएम

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, अंग्रेजों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) भारतीयों को 'सजा देने' के मकसद से बनाई थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भारतीय न्याय संहिता' इसलिए लागू की ताकि "जनता को न्याय' मिल सके। रविवार को दिल्ली विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मेघवाल ने कहा, पहली बार दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता सहित तीनों नए कानून पूरी तरह से लागू हो चुके हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पहले भी इस एप्लिकेशन (नेवा) को लागू करने की चर्चा होती रही, लेकिन पिछली सरकार ने इसे लागू नहीं किया, पता नहीं उन्होंने क्या सोचा। नेवा केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय की एक प्रमुख परियोजना है, जिसका उद्देश्य देशभर में कागज रहित विधान प्रणाली लागू करना है, ताकि विधानसभा की कार्यवाही डिजिटल और पारदर्शी हो सके। सीएम रेखा गुप्ता ने ऐलान किया कि उनकी सरकार सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में स्कूल फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक लाएगी। पिछली सरकार ने स्कूल फीस को लेकर सिर्फ बातें कीं, कोई ठोस कदम नहीं उठाया।


नई दिल्ली विधानसभा में 500 किलोवाट के छत वाले सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय कानून अर्जुन राम मेघवाल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और अन्य।

### लगभग 15 लाख प्रतिमाह की लागत बचत होगी: मेघवाल

500 किलोवॉट की क्षमता वाले अत्याधुनिक रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र और नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के लोकार्पण पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कहा, यह सौर ऊर्जा संयंत्र दिल्ली विधानसभा के संचालन को न केवल शत-प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाता है, बल्कि लगभग 15 लाख प्रतिमाह की लागत बचत सुनिश्चित करता है। इससे वार्षिक अनुमानित बचत 1.75 करोड़ तक हो सकती है। इस परियोजना से नेट मीटरिंग के माध्यम से अतिरिक्त विद्युत उत्पादन की भी आशा है।

**रांची** • आर्थिक तंगी और घरेलू विवाद में टूटी जीवन की डोर

# मां ने पहले दोनों बच्चों को फंदे से लटकाया, फिर खुदकुशी की

निगेटिव न्यूज — सिर्फ वही नकारात्मक खबर, जो आपको जानना जरूरी है...

भास्कर न्यूज | रांची

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित लटमा रोड के एक फ्लैट में एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फांसी लगाकर जान दे दी। मृतकों की पहचान संयुक्ता सिंह उर्फ संध्या सिंह (35), आरव सिंह (12) और आराध्या सिंह (11) के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार, संयुक्ता ने पहले अपने दोनों बच्चों को दुपट्टे से एक साथ फांसी पर लटकाया और फिर खुद भी दुपट्टे के सहारे जान दे दी। घटना तब सामने आई जब शनिवार शाम संयुक्ता के पति ब्रजेश कुमार सिंह फ्लैट पर पहुंचे। दरवाजा नहीं खुलने पर जगन्नाथपुर पुलिस को सूचना दी। उसने कहा कि वह बच्चों से मिलना चाहता है। लेकिन, न दरवाजा खुल रहा है और न ही कोई फोन उठा रहा है। शनिवार रात करीब 8 बजे पुलिस ब्रजेश के साथ फ्लैट पहुंची। दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीतर का दृश्य बेहद दर्दनाक था। मामा बैजनाथ सिंह ने बताया कि संयुक्ता के माता-पिता का निधन पहले ही हो चुका था। उन्होंने ही उसकी शादी कराई थी। संयुक्ता और ब्रजेश के बीच विवाद चल रहा था। इससे वह तनाव में रहने लगी थी।

### पति से अलग रह रही थी संयुक्ता, आय का कोई साधन नहीं था

संयुक्ता का पति ब्रजेश सिंह निजी कंपनी में कार्यरत हैं और बाहर रहते हैं। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। यही वजह थी कि वे अलग-अलग रह रहे थे। संयुक्ता दोनों बच्चों के साथ लटमा स्थित फ्लैट में अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। बच्चों की फीस तक भरने के पैसे नहीं थे। इस कारण उसने बच्चों को स्कूल से निकाल लिया था। संयुक्ता का फ्लैट उसी के नाम पर था, लेकिन आय का कोई निश्चित स्रोत नहीं था।

### पड़ोसियों ने सुध नहीं ली, समाज की संवेदनहीनता भी उजागर

जिस अपार्टमेंट में यह परिवार रहता था, वहां एक ही फ्लोर पर चार फ्लैट हैं। दो दिन तक संयुक्ता का दरवाजा नहीं खुला, पर पड़ोसी ने सुध नहीं ली। दुर्गंध फैलने लगी, तब भी किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। पड़ोसियों ने बताया कि बालकनी में कपड़े टंगे देखकर उन्हें लगा कि परिवार घर में ही है।

## एअर इंडिया की एक दिन में दो फ्लाइट रद्द

भास्कर न्यूज | मुंबई/नई दिल्ली

एअर इंडिया को रविवार को तकनीकी कारणों से दो फ्लाइट रद्द करनी पड़ीं। पहली फ्लाइट एआई500 भुवनेश्वर से दिल्ली आने वाली थी। लेकिन, भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर फ्लाइट रवाना होने से पहले केबिन का तापमान अधिक मिला। इसके बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई। फ्लाइटराडार24 डॉट कॉम के मुताबिक, एयरबस ए 321 को दोपहर 12:35 बजे उड़कर दोपहर 2:55 बजे दिल्ली पहुंचना था।

इससे पहले रविवार को ही एअर इंडिया की सिंगापुर-चेन्नई फ्लाइट भी मरम्मत के काम के लिए रद्द कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि एआई 349 रवाना सिंगापुर से रवाना होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही मरम्मत की जरूरत दिखाई दी, जिसमें अतिरिक्त समय लगना था। इसके चलते फ्लाइट रद्द कर दी गई।






**भास्कर खास** शादी के आयोजनों में जुड़ने का खर्च 10-15 हजार रुपए, ड्रेस कोड और नियम मानना जरूरी

# फ्रांस में नया ट्रेंड... टिकट खरीदें, शादी में मेहमान बनें; अजनबियों से जुड़ने का अनुभव... खुशियों के साथ खर्च बांटने में भी मिल रही मदद

भास्कर न्यूज | पेरिस

जेनिफर और पाउलो इस महीने के अंत में पेरिस के पास एक ग्रामीण इलाके में शादी के बंधन में बंधेंगे। भव्य रिसोर्ट और शाही सजावट के बीच उनकी शादी में 80 वयस्क और 15 बच्चे मेहमान होंगे। ये इंग्लैंड, जर्मनी और पुर्तगाल से आएंगे। खास बात यह है कि शादी में एक दर्जन अजनबी मेहमान भी होंगे, जिन्होंने आयोजन में शामिल होने के लिए बाकायदा टिकट खरीदे हैं।

इन अजनबी मेहमानों को आमंत्रित करने का आइडिया जेनिफर का ही है। पेशे से अभिनेत्री जेनिफर, पाउलो के साथ वेडिंग फेयर में गईं, तो एक स्टॉल ने उन्हें चौंका दिया। यह पेरिस का एक स्टार्टअप था। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि दूल्हा-दुल्हन शादी के टिकट कुछ अजनबियों को बेच सकते हैं। इससे उन्हें शादी के खर्च में मदद मिलेगी और टिकट खरीदारों को भी शादी का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा, जिन्हें शायद ज्यादा शादियों में जाने का मौका नहीं मिलता। वे असली मेहमानों के साथ मिल-जुल सकते हैं। दोपहर की रस्मों से लेकर शाम को लाइव संगीत के साथ शानदार डिनर और डांस पार्टी में भी ये मेहमान शामिल रहेंगे। जेनिफर व पाउलो ने उनके प्रोफाइल को ध्यान से जांचने के बाद ही उन्हें चुना है। जेनिफर कहती हैं, 'ये बात सिर्फ पैसे की नहीं है, ये अनुभव मजेदार होगा।'

### स्टार्टअप का आइडिया, मेहमानों से कमीशन लेकर करते हैं काम



ऐसे अजनबी मेहमानों को जोड़ने वाली 'इनविटिन' की संस्थापक कैटिया लेकार्स्की बताती हैं, 'पेरिस में ऐसी छह शादियां होने वाली हैं। मैं पहले इवेंट्स के लिए घर किराए पर देती थी। मेरी 5 साल की बेटी अक्सर पूछती, 'हमें शादियों में क्यों नहीं बुलाते हैं?' मैंने सोचा, अगर हम टिकट खरीदकर शादी में जा सकें और जोड़े की मदद करें, तो इससे अच्छी बात क्या होगी। इसके बाद इनविटिन की शुरुआत हुई। भारत में 'जॉइन माय वेडिंग' विदेशी पर्यटकों को शादियों से जोड़ता है। फ्रांस में ये स्थानीय लोगों के लिए यह नया अनुभव है, जिसमें इनविटिन कमीशन लेता है। लेकार्स्की कहती हैं, अभी ये प्रोजेक्ट शुरुआती दौर में है, और सबसे बड़ी चुनौती जोड़े और मेहमानों को ढूंढ़ना है।

कैटिया के मुताबिक 25 से 35 के बीच की उम्र वाले जोड़े इसमें रुचि दिखाते हैं। मेहमानों को ऐसी पार्टी में शामिल होने के लिए 10-15 हजार रु. देने पड़ते हैं। सही कपड़े पहनना, समय पर पहुंचना व बिना अनुमति फोटो शेयर न करना, जैसे नियम मानने पड़ते हैं। दूल्हा-दुल्हन पर मेहमानों से बात करने का दबाव नहीं होता। मेहमान खुद ही घुल-मिल जाते हैं।

जेनिफर की शादी में ऐसे ही अजनबी दंपती लॉरेन व उनके पति शामिल होने आएंगे। वे पारिवारिक मेहमानों की तरह जाने की तैयारी कर रहे हैं। लॉरेन मानती हैं कि शादियां खुशियां बांटने का सबसे बेहतरीन जरिया हैं। 'हर कोई खुश और प्यार भरे मूड में होता है। यह ऐसा अनुभव नहीं है जो आप बार-बार ले सकें, टिकट खर्च ज्यादा लग सकता है पर यह शानदार मौका है, जिसे छोड़ना नहीं चाहिए।'

**सिस्टम से सवाल** • यमुना नदी में गाद नहीं निकलने से जम रही सिल्ट की तहें, घटती जा रही नदी की गहराई

## दीर्घकालीन समाधान नहीं होने से कई इलाकों में पानी निकासी फेल, समस्या में पिस रही जनता

शेखर घोष | नई दिल्ली

राजधानी में नालों की अधूरी सफाई और पंपों के सहारे अस्थाई जल निकासी की समस्या का दीर्घकालीन समाधान नहीं हो रहा है। इस समय छोटे-बड़े करीब 2846 नाले-नालियां हैं। आरोप है कि मानसून आने के दो-तीन माह पूर्व निकाय कुछ ही नालों की आधी-अधूरी सफाई करते हैं। जलभराव से निपटने के लिए पंप खरीदने व स्थापित करने का प्रावधान करते हैं। नालों की अच्छे ढंग से सफाई हुई या नहीं, संपूर्ण गाद निकाली गई या नहीं, निकाली गई गाद व मलबा की मात्रा की सत्यता पर हमेशा प्रश्न रहता है। इस कारण कई इलाकों में पानी नकासी फेल है। शहरी विकास मामलों के विशेषज्ञ व एकीकृत दिल्ली नगर निर्माण समिति के अध्यक्ष रहे जगदीश ममगांई ने कहा, यमुना में लगातार डालते सीवेज के चलते लगातार सिल्ट की तहें जम जाती हैं। नदी की घटती गहराई व अधिक बारिश होने से जब हथिनी बैराज से पानी छोड़ा जाता है तो नदी का जलस्तर बढ़ जाता है।



टोडापुर के इंद्रपुरी नाला का हाल।

### यह हैं जल निकासी मामले में कमजोर प्रबंधन के अहम बिंदु

- **अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर प्रबंधन कमजोर:** अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर प्रबंधन कमजोर होने के कारण वहां का अनुपचारित सीवेज कहीं भी बहता है। कई नाली पूर्ण या आंशिक रुप से ढंकी हैं, उन पर निर्माण होने के कारण गाद निकाला नहीं गया है।
- **यमुना लबालब होने पर मिंटो ब्रिज से जलनिकासी हो सकती है फेल:** मिंटो ब्रिज पर बड़े-बड़े सेंसर युक्त स्वचालित पंप लगा दिए गए। ये 6 इंच पानी भरते ही स्वतः चल पड़ते हैं। यहां से पानी निकालकर नाले में डाल देते हैं। यह नाला यमुना नदी की ओर जाता है। पर जब यमुना भर जाएगी, तो नाला अवरुद्ध हो जाएगा।
- **यांत्रिक सफाई के लिए पर्याप्त मशीनें नहीं:** पॉश इलाकों में नालियां पूर्ण रुप से ढंकी होती हैं, उन पर निर्माण होने से अधिकांश ढके हुए नालों में गाद निकाला नहीं जाता है। अभी नाला-नालियों की सफाई हाथों से हो रही है। यांत्रिक सफाई के लिए पर्याप्त मशीनें नहीं है।
- **सभी जलाशयों में हो गए अवैध कब्जे:** अच्छी बारिश होने के बाद भी दिल्ली का बरसाती पानी झीलों, तालाबों और कुंओं में इकट्ठा नहीं होता। लगभग सभी जलाशयों पर अवैद्य कब्जे हो गए हैं। कई जल निकाय पिछले कुछ वर्षों में सूखने व अतिक्रमण के कारण बेकार हो गए हैं।

### मौसम विभाग... इस हफ्ते जोरदार बारिश संभव

दिल्ली में रविवार को सुबह जोरदार बारिश हुई। कई इलाकों में जलभराव भी देखने को मिला। इसमें विजय चौक, कनॉट प्लेस, मिंटो ब्रिज, सरोजिनी नगर, एम्स और पंचकुइयां मार्ग सहित कई इलाके शामिल हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस हफ्ते जोरदार बारिश संभव है।

*दिल्ली के पास अतिरिक्त आउटफॉल का विकल्प नहीं है। सभी नालों से बारिश का पानी व सीवेज को यमुना में डाला जाता हैं। शाहदरा नाला व गाजीपुर नाले के माध्यम से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद व नोएडा के नालों का पानी व सीवेज भी यमुना में मिलता है। गुरुग्राम जिले में नजफगढ़ ड्रेन की पटरी न बनाने के कारण गुरुग्राम का सारा सीवर व बारिश का पानी रावता-नजफगढ़ गांव से दिल्ली में प्रवेश करता है।*

– **जगदीश ममगांई,** अध्यक्ष, एकीकृत दिल्ली नगर निर्माण समिति।

## यमुना में सिर्फ ट्रीटेड पानी ही छोड़ा जाए, एक्शन प्लान दाखिल करें: हाई कोर्ट

विशेषज्ञों ने कोर्ट में पेश की एसटीपी जांच की रिपोर्ट, 7 अगस्त को अहम मीटिंग

### यमुना नदी में बिना ट्रीटमेंट के सीवेज गिरने के मामले में कोर्ट ने सख्ती दिखाई

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने राजधानी में यमुना नदी में बिना ट्रीटमेंट के सीवेज गिरने के मामले में सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अधिकारियों को 7 अगस्त को विशेष समिति के साथ बैठक करने का आदेश दिया है। यह विशेष समिति कोर्ट के निर्देश पर बनाई गई थी।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि विशेष समिति की रिपोर्ट में कई खामियों की ओर इशारा किया गया है। इन्हें जल्द सुधारना जरूरी है ताकि यमुना में सिर्फ ट्रीटेड पानी ही छोड़ा जाए। समिति ने राजधानी के सभी 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश की है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 7 अगस्त को दोपहर 4 बजे, डीजेबी के चीफ इंजीनियर भूपेश कुमार के ऑफिस में यह बैठक होगी। बैठक के बाद जरूरत पड़ने पर आगे भी बैठकें की जा सकती हैं। अंत में डीजेबी और एमसीडी को संयुक्त रूप से एक रिपोर्ट और एक्शन प्लान कोर्ट में दाखिल करना होगा।

**पिछली सुनवाई में हुआ था बड़ा खुलासा:** 5 मई को हुई पिछली सुनवाई में पर्यावरण कार्यकर्ता पंकज कुमार ने कोर्ट को बताया था कि बड़ी मात्रा में बिना ट्रीटमेंट का सीवेज यमुना में छोड़ा जा रहा है। इसी आधार पर कोर्ट ने विशेष समिति गठित कर एसटीपी का ऑन-साइट निरीक्षण कराने का आदेश दिया था।

**रिपोर्ट में सामने आईं गंभीर खामियां:** 28 जुलाई को दायर रिपोर्ट में साफ कहा गया कि यमुना में गंदा पानी जाने से रोकने के लिए काफी काम किया जाना बाकी है। रिपोर्ट में STPs के टेस्ट पैरामीटर्स, उनकी कार्यप्रणाली, कमियां और सुधार की जरूरतें विस्तृत रूप से बताई गई हैं।

### कोर्ट में पेश रिपोर्ट में उठाए गए अहम सवाल

- क्या यमुना में जाने वाला सारा सीवेज एसटीपी से होकर गुजरता है
- क्या सभी एसटीपी पर फ्लो मीटर और सेंसर लगे हैं
- क्या सीवेज पूरी तरह ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम से गुजरता है, या कोई बायपास हो रहा है
- क्या ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम प्रभावी ढंग से काम कर रहा है
- साथ ही समिति से यह भी पूछा गया कि क्या इनलेट पर भी फ्लो मीटर लगाने की जरूरत है और यह कितना व्यावहारिक होगा

### कैलाश कॉलोनी में एसएसबी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सीएम रेखा गुप्ता ने रविवार को कैलाश कॉलोनी में एसएसबी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि यह अस्पताल उचित दरों पर 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। इस अस्पताल में रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध हैं और इसमें गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, श्वसन देखभाल, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो और स्पाइन सर्जरी के लिए समर्पित विभाग हैं। अस्पताल के अध्यक्ष श्याम सुंदर बंसल भी इस दौरान उपस्थित थे।

## बिजली कटौती में भाजपा का उत्तर प्रदेश मॉडल लागू: प्रियंका

केजरीवाल के बंगले की बिजली गुल, आप का प्रहार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भाजपा के सत्ता में आने के बाद विपक्षी दल आप बिजली कटौती को लेकर लगातार हमलावर है। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को आरोप लगाया कि रेखा सरकार ने यहां भाजपा का उत्तर प्रदेश मॉडल लागू कर दिया है। एनसीआर के कई इलाकों में रोजाना 5-6 घंटे बिजली कटौती हो रही है। इसमें पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का आवास भी शामिल है।

### कांग्रेस का प्रर्दशन आज

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सभी 258 ब्लाक कांग्रेस कमेटियों ने दिल्ली के झुग्गी झोपडी क्षेत्रों में मासिक बैठक का आयोजन किया। इसमें विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस सोमवार की सुबह 11 बजे चंदगीराम अखाड़ा, ट्रामा सेंटर पर आएंगे। वहां से कांग्रेस नेता विधानसभा की ओर कूच करेंगे।

### एसएससी परीक्षाओं में अव्यवस्थाएं दुर्भाग्यपूर्ण, कार्रवाई की मांग

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) परीक्षा में हुई अनियमितताओं, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर एबीवीपी ने उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश पत्र निर्धारित समय से मात्र दो दिन पूर्व जारी करना, अनेक अभ्यर्थियों को सुदूर केंद्र आवंटित करना और विरोध करने पर अभ्यर्थियों के साथ दुर्व्यवहार की घटना अत्यंत निंदनीय हैं।

## न्यू अशोक नगर में युवती की बहादुरी, झपटमारों को दबोचा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

न्यू अशोक नगर में 22 वर्षीय युवती प्रियंका ने अपनी हिम्मत और साहस का परिचय देते हुए बाइक सवार बदमाशों से छीना गया अपना मोबाइल फोन वापस हासिल किया और आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना में प्रियंका ने हार न मानते हुए अपने दोस्त राहुल और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान न्यू अशोक नगर निवासी बपन हलदर और आकाश के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, प्रियंका मयूर विहार फेज एक के महात्मा गांधी कैंप में अपने परिवार के साथ रहती हैं और न्यू अशोक नगर में एक ग्रॉसरी एप के कार्यालय में नौकरी करती हैं। सुबह करीब छह बजे वह कार्यालय जा रही थीं। जब वह सरपंच चौक, न्यू अशोक नगर के पास पहुंची, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया और ए-ब्लॉक की ओर फरार हो गए। इस घटना से विचलित लेकिन हिम्मती प्रियंका ने अपने कार्यालय पहुंचकर अपने दोस्त राहुल को सूचना दी और दोनों आरोपियों की तलाश में निकल पड़े थे।







आप पढ़ रहे हैं देश का एकमात्र नो निगेटिव अखबार

# दैनिक भास्कर

सप्ताह की शुरुआत पॉजिटिव सोच के साथ

नई दिल्ली, सोमवार 4 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-दशमी, 2082

क्विज - 92

दैनिक भास्कर जीतो सोना चांदी

आज अखबार में चांदी के कितने सिक्के छपे हैं ?

A:5 | B:6 | C:2

क्विज 90 का सही जवाब C है। | विजेताओं के नाम अंदर देखें।

जीतो सोना चांदी में भाग लें

रोजाना 100 विजेता जीतेंगे — 10 ग्राम चांदी का सिक्का

हर हफ्ते 10 विजेता जीतेंगे — 01 ग्राम सोने का सिक्का

जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

**भास्कर एनालिसिस** आधा मानसून बीत चुका, देशभर में अब तक 4.1% ज्यादा बारिश

# अब तक जमकर बरसे बादल... 12 साल बाद लगातार दो महीने ज्यादा बारिश हुई

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

देश में मानसून का आधा मौसम बीत चुका है। पूरे देश में इस दौरान अच्छी बारिश हुई। अब तक के ट्रेंड में बारिश का वितरण बीते 12 वर्षों में सबसे बेहतर है। अभी सामान्य से 4.1% ज्यादा बारिश हो चुकी है। जून में 9% तो जुलाई में 5% ज्यादा बारिश हुई। 2013 के बाद यह पहला मौका है, जब जून और जुलाई में लगातार सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा कभी-कभार ही होता है, जब मानसून के दौरान सभी महीनों में बारिश का वितरण समान रहे।

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के प्रेसिडेंट जीपी शर्मा कहते हैं कि कभी जून अच्छा रहता है तो जुलाई बिगड़ जाता है। कई बार जून बिगड़ता है तो जुलाई में अधिक बारिश से उसकी भरपाई हो जाती है। 2013 के बाद 2025 पहला साल है, जब बारिश का वितरण बेहतर रहा है। बाकी वर्षों में किसी एक महीने ज्यादा बारिश मिली तो दूसरे महीने कमी झेलनी पड़ी या दोनों महीने कम बारिश वाले रहे। इसी बीच, मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते देश के विभिन्न हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मेघालय, उत्तर प्रदेश, बिहार, अरुणाचल, केरल व तमिलनाडु में कई जगह अत्यधिक भारी बारिश संभव है। असम, उत्तराखंड और हिमाचल में फ्लैश फ्लड का अलर्ट है।

## जुलाई में 6 लो-प्रेशर एरिया बने, 28 दिन होती रही बारिश



प्रयागराज में बाढ़... गलियों में चलीं नाव

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारी बारिश से बाढ़ के हालात हैं।

जुलाई बीते एक दशक में सर्वाधिक लो-प्रेशर एरिया वाला महीना रहा। इस बार 6 लो-प्रेशर एरिया बने। इनमें से 4 डिप्रेशन में बदले। लो-प्रेशर एरिया मौसमी सिस्टम है, जिसमें बादल इकट्ठा होते हैं और बारिश होती है। नमी से जब यह सिस्टम और सघन होता है तो इसे डिप्रेशन कहते हैं। एक लो-प्रेशर एरिया बनने पर एक-दो दिन से लेकर हफ्ते तक बारिश होती है। जुलाई के 31 में से 28 दिन तक लो-प्रेशर एरिया सक्रिय रहे।

### 12 साल का रिकॉर्ड... जून-जुलाई में लगातार सामान्य से ज्यादा बारिश नहीं

| वर्ष | जून | जुलाई |
|---|---|---|
| 2013 | +34% | +7% |
| 2014 | -43% | -10% |
| 2015 | +16% | -17% |
| 2016 | -10% | +7% |
| 2017 | +5% | 0% |
| 2018 | -5% | -5% |
| 2019 | -32% | +5% |
| 2020 | +18% | -10% |
| 2021 | +9% | -7% |
| 2022 | -8% | +17% |
| 2023 | -10% | +13% |
| 2024 | -11% | +9% |
| 2025 | +9% | +5% |

▪ मानसून में बारिश का वितरण अक्सर असमान रहता है।

### आगे क्या... अगस्त के पहले पखवाड़े में 8-10 दिन का मानसून ब्रेक संभव

अगस्त कम और सितंबर ज्यादा बारिश वाला महीना रह सकता है। अगस्त के पहले पखवाड़े में 8-10 दिन का मानसून ब्रेक संभव है। इस दौरान मानसूनी धाराएं हिमालय की तलहटी में सिमट जाएंगी। तराई को छोड़ बाकी देश में सामान्य से कम बारिश होगी। अगस्त मानसून ब्रेक के लिए कुख्यात है। 2023 में 12, 2009 में 13 और 2002 में 14 दिन का ब्रेक रहा था। अगस्त में सबसे लंबा ब्रेक 1972 में 17 दिन का था।

**सोच** कार्डियक अरेस्ट से उज्जैन की लीना की गई जान

# मौत से पहले लिखी डायरी, हर किसी को कहा शुक्रिया

राजेश पांचाल | उज्जैन



मन के भाव शब्दों में पिरो दिए।

मैं कृतज्ञ हूं अपने ससुरजी के लिए, जिन्होंने मुझे बहू नहीं बेटी समझा। मैं कृतज्ञ हूं, अखबार पहुंचाने वाले हॉकर की, जो सर्दी, गर्मी, बारिश... मौसम कैसा भी हो, आप तक अखबार पहुंचाता रहता है। उस पहले पर्सन की जिसने अखबार के बारे में सोचा। उसे प्रिंट करवाया। अखबार ही है, जिससे हमें घर बैठे दुनियाभर की जानकारी मिल जाती है। ये शब्द उज्जैन की 43 साल की लीना वर्मा की डायरी के थे, जिन्होंने 22 अप्रैल को हाथ में महाकाल का चित्र और मुंह से सतत ॐ नमः शिवाय का जाप करते हुए इस दुनिया से विदा ले ली। डायरी लिखने की आदत थी... इस दुनिया को अलविदा कहने से पहले भी उन्होंने अपनी भावनाएं लिखीं। अपनी डायरी में उन्होंने उस अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और वॉर्ड बॉय का भी शुक्रिया किया, जहां 2 साल तक उनकी डायलिसिस होती रही।

पति संजय बताते हैं, वो कहती थीं- अब मेरी जिम्मेदारियां खत्म हो गईं। अब तुम जानो और बच्चे। 5-6 माह से पीटीएम में भी नहीं गईं। शिक्षक पूछने लगे। दोनों बच्चे क्या कहें। एक अगस्त को जन्म दिन था। संजय बताते हैं कि अगर वे जीवित होतीं तो 43 वर्ष की हो जातीं। अब बस उनकी यादें ही शेष हैं। उनकी डायरी में, उनकी लिखावट में, उनके कृतज्ञ भाव में। घर, पूजा स्थल, आंगन सब सूना छोड़कर चली गईं। यह संदेश देकर गईं कि जीवन में कृतज्ञ भाव रखें तो कोई तकलीफ बड़ी नहीं लगेगी। सांसें गिनी हुईं हैं, हर सांस का आनंद लीजिए।

### बीमार... 2012 में किडनी सिंक हो गई थी, 2023 से डायलिसिस

2012 में लीना की किडनी अचानक सिंक हो गई। 2023 से डायलिसिस शुरू हुआ। दो साल तक सब कुछ सामान्य चल रहा था। 21 अप्रैल को आए कार्डियक अरेस्ट ने सब बदल दिया। एमआरआई करवाई तो जांच में आया कि आर्टीज में लीकेज हो गया है। मई 2003 में लीना का विवाह संजय से हुआ था। लीना ने संस्कृत में एमए किया था। दो बेटे हैं, पार्थ और रुद्राक्ष। कोविड से पहले तक दोनों की हाजिरी 100 फीसदी रही।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रंट रनिंगः एक्सिस एमएफ के पूर्व फंड मैनेजर गिरफ्तार

नई दिल्ली | एक्सिस म्यूचुअल फंड के पूर्व फंड मैनेजर वीरेश जोशी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत गिरफ्तार किया है। जोशी ने फंड की ओर से किए जाने वाले ट्रेड की गोपनीय जानकारी का इस्तेमाल कर शेयरों में ट्रेडिंग की और भारी लाभ कमाया। कथित घोटाले के वक्त एक्सिस म्यूचुअल फंड 2 लाख करोड़ रुपए की असेट का प्रबंध देख रहा था।

### मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जल्द शुरू होगीः वैष्णव

भावनगर | रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होगी। इससे मुंबई-अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय घटकर दो घंटे सात मिनट रह जाएगा। यह 320 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से 508 किमी दूरी तय करेगी। ट्रेन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर अहमदाबाद तक चलेगी।

### गडकरी के घर को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

नागपुर | केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 112 पर धमकी दी थी। मोबाइल लोकेशन और तकनीकी मदद से पुलिस ने उमेश विष्णु राउत को गिरफ्तार किया।

दैनिक भास्कर जीतो सोना चांदी

चांदी का कूपन 86

कूपन काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं

## पधार रहे भगवान गणेश...



फोटो स्टोरी

### गणपति बप्पा मोरियाः मुंबई में गजानन का आगमन शुरू; उनके स्वागत में सड़कों पर उमड़े हजारों लोग...

मुंबई | महाराष्ट्र में 27 अगस्त से शुरू होने वाले 10 दिवसीय गणेश महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। राजधानी मुंबई में 11 हजार से ज्यादा बड़े गणेशोत्सव पांडाल सजते हैं। इनमें विराजित करने के लिए भगवान गणेश की विशालकाय मूर्तियों का आगमन शुरू हो गया है। रविवार को मुंबई में ट्रकों और ट्रॉलियों पर सजाकर ले जाई जा रही मूर्तियों के दर्शन के लिए हजारों लोग सड़कों पर उमड़े। बीएमसी और ट्रैफिक पुलिस ने पांडालों तक प्रतिमाएं लाने के लिए विशेष मार्गों और समय का निर्धारण किया है ताकि जाम और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

### बौद्ध स्थलों के विकास के लिए ओडिशा अपनाएगा बिहार मॉडल

भास्कर न्यूज | बोधगया

ओडिशा सरकार के पर्यटन सचिव बलवंत सिंह (आईएएस) और सांस्कृतिक सचिव विजय केतन उपाध्याय (आईएएस) के नेतृत्व में ओडिशा के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार की देर शाम को बोधगया में महाबोधि मंदिर का भ्रमण किया। सचिवों और उनकी टीम ने पवित्र बोधि वृक्ष की पूजा की और बुद्ध के जीवन-चित्र का अवलोकन किया। इस यात्रा में बलवंत सिंह, विजय केतन उपाध्याय, डॉ. महाश्वेता महारथी और भिक्षु डॉ. दीनानंद के बीच चर्चा हुई, जिसमें बिहार के मॉडल के अनुरूप ओडिशा के बौद्ध पर्यटन क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रमुख प्रस्तावों में बिहार और ओडिशा के बीच समन्वय बढ़ाना, ओडिशा में बौद्ध तीर्थयात्रियों को आकर्षित करना, प्राचीन पुष्पगिरि बौद्ध विश्वविद्यालय के आसपास बौद्ध देशों को मठ स्थापित करने के लिए आमंत्रित करना, और ललितगिरि से उत्खनित बुद्ध के पवित्र अवशेषों को संरक्षित करने के लिए वैशाली के पाषाण अवशेष स्तूप के समान एक स्तूप परिसर का विकास करना शामिल था।

**लिविंग लैब** 2 एकड़ में हर पौधे पर क्यूआर कोड लगा है

# जंगलों से लाए 500 प्रजातियों के पौधे, बनाया देश का पहला प्लांट टैक्सोनॉमिक सेक्शन

बबीता माली | हावड़ा

प. बंगाल के हावड़ा स्थित आचार्य जगदीश चंद्र बोस इंडियन बॉटनिक गार्डन में देश का पहला 'प्लांट टैक्सोनॉमिक सेक्शन' बनाया गया है। इसे लिविंग लैब कहा जा रहा है। 2 एकड़ में फैले इस सेक्शन में 175 पौधों के परिवारों के 500 से अधिक फूल वाले और गैर फूल वाले पौधों की प्रजातियां को उनकी फैमिली, डिवीजन, क्लास, जीन्स, स्पीसीज और सेक्शन के अंतर्गत एक ही छत के नीचे लाया गया है। छात्र छूकर या देखकर इनका अध्ययन कर सकेंगे। साधारण भाषा में समझें तो ये लाइब्रेरी में किताबों को व्यवस्थित करने जैसा है। 4 जुलाई को खोले गए इस लिविंग लैब में अब तक 300 छात्र पहुंचे हैं। हावड़ा बी गार्डन के हेड डॉ देवेंद्र सिंह कहते हैं- देश के पहले ऐसे सेक्शन में 175 प्लांट परिवार के लिए 3.5 मीटर X 3.5 मीटर के 175 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें 143 डायकोट परिवार, 29 मोनोकोट, 3 जिम्नोस्पर्म परिवार के प्लांट रखे गए हैं। इसके अलावा 5 क्रिप्टोगेमिक ब्लॉक भी बनाए गए हैं।

गार्डन के क्यूरेटर डॉ जे. स्वामी और उनके दो अधिकारियों ने करीब साल भर तक देश भर के घने जंगलों में घूम-घूमकर पौधों के सैंपल इकट्ठा किए। खाद भी यही पेड़ों से गिरी पत्तों और ढहे पेड़ों की छाल से बनाते हैं।

### विज्ञानः देश भर के छात्रों के लिए बन गया है लैब

डॉ देवेंद्र सिंह कहते हैं- प्रत्येक प्लांट परिवार को डिजिटल इंडिया के तहत क्यूआर कोड से लैस कर दिया गया है। इससे छात्र खुद ही मोबाइल से क्लिक कर सारी जानकारी ले सकेंगे। एक तरह से यह पूरी किताब है। इस गार्डन में देश भर से ही स्टूडेंट्स का जत्था पढ़ने और रिसर्च के लिए आता है।

पटना गायघाट में फिसली, 30 किमी दूर बिदुपुर में मिली

# गंगा में बही बुजुर्ग महिला, 17 घंटे बाद मछुआरों ने बचाया

भास्कर न्यूज | हाजीपुर/बिदुपुर

बिदुपुर के कष्ठहरिया घाट महादेव मठ के सामने गंगा नदी की धारा में रविवार की सुबह एक महिला बहती नजर आई। किनारे खड़े मछुआरों ने दूर नदी में बह रही महिला को देखा। मछुआरे नाव लेकर नदी में गए और तेज धारा में बह रही महिला को खींचकर नाव पर लादा और किनारे लेकर आए। महिला अर्द्ध बेहोशी की हालत में थी। घाट किनारे की बस्ती की महिलाओं ने उसके कपड़े बदले, मालिश की, जिसके बाद वह होश में आई। महिला मुजफ्फरपुर के खानपुर बखरी की रहने वाली है। उसने अपना नाम विमला देवी पति का नाम हीरा साह बताया। उसके तीन बेटे और बहुएं हैं। महिला ने बताया कि उसके ससुर ने उसके नाम पर दो कट्ठा जमीन खरीद की थी। तीनों बेटे जमीन बेच देने के लिए दबाव बना रहे थे, जिसके बाद शनिवार को घर से निकल गई। वह दिल्ली रह रही अपनी बहन के यहां जाने के लिए निकली थी। बस से पटना आ गई। पटना गायघाट पर शनिवार की दोपहर में नहाने के दौरान धारा में बह गई।

**अभियान** गुजरातः 501 तालाब बनेंगे

# 389 तालाब खोदे, 1554 करोड़ लीटर पानी सहेज रहे



14 साल से खोद रहे तालाब।

नवीन जोशी | भुज (कच्छ)

हमेशा से सूखे की मार झेल रहे गुजरात के कच्छ-सौराष्ट्र अंचल की तस्वीर बदल रही है। लोगों नेश्रमदान और आपस में चंदा करके ही 389 तालाब तैयार कर दिए हैं। इनमें 1554 करोड़ लीटर तक बरसाती पानी इकट्ठा हो सकता है। इलाके में भूजल स्तर को बेहतर करने के लिए तालाब खोदने का अभियान 14 साल से आंदोलन की तरह चल रहा है। इस अभियान को 'कच्छ जलमंदिर अभियान' नाम दिया गया है। आम-बोलचाल में स्थानीय लोग इन सरोवरों को 'जलमंदिर' कहते हैं। 501 जल मंदिर निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जो कि बरसाती पानी को रण-समुद्र में जाने से रोक कर आकार लेंगे। 389 तालाब तैयार करने में अब तक 6.50 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसमें से 2.93 करोड़ रुपए लोगों ने इकट्ठे किए हैं। बाकी पैसे अभियान से जुड़े लोगों ने वहन किए हैं। हालांकि सरकारी स्तर पर भी सुजलाम-सुफलाम सहित तालाब निर्माण की कई योजनाएं चल रही हैं।

पानी बचाने का यह आंदोलन साल 2012-13 में शुरू हुआ था। इसके तहत स्थानीय लोगों और दानदाताओं की मदद से हर साल मार्च से जुलाई तक तालाब तैयार किया जाता है, ताकि मानसून में जलमंदिर तैयार हो जाए और इसमें बरसाती पानी इकट्ठा किया जा सके। इंजीनियरिंग संस्थाएं इस काम के लिए मशीन देती हैं और स्थानीय लोग इसमें श्रमदान करते हैं।

### जंगली जानवरों के पीने के लिए भी तालाब खुदवा रहे

पेयजल की दृष्टि से 'नो सोर्स' घोषित लखपत तहसील में सबसे ज्यादा 28 जलमंदिर का निर्माण किया गया है। मुख्यतः पशुधन पालने से जुड़े मालधारी समाज के लोगों ने जलमंदिर निर्माण के दौरान ट्रैक्टर का किराया चुकाया। भुज तहसील के सेडाता, भारापर, सूरजपर, सणोसरा में वन्य-प्राणियों के पीने के लिए 22 तालाब बनाए।

**'मने मनेगे यक्षगान'** कर्नाटक के लोकनृत्य को नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के लिए कलाकार आंदोलन चला रहे हैं

# जब थिएटर नहीं पहुंचे दर्शक तो कलाकारों ने लोगों के घरों को बना दिया मिनी मंच; मेंगलुरु, गोकर्ण, उडुपी जैसे तटीय शहरों में अब घरों में हो रहे यक्षगान

एम रघुराम | मेंगलुरु

कर्नाटक का लोकनृत्य यक्षगान अब मंच से उतरकर लोगों के घरों तक पहुंच गया है। मेंगलुरु, गोकर्ण, उडुपी जैसे कर्नाटक के तटीय शहरों के घर यक्षगान के नए मंच बन गए हैं। पारंपरिक यक्षगान को नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने के लिए कर्नाटक के कलाकार 'मने मनेगे यक्षगान' आंदोलन चला रहे हैं, जिसमें कलाकार लोगों के घरों में जाकर यक्षगान की प्रस्तुति देते हैं। वे 15 मिनट में ही वह रोमांच पैदा कर देते हैं, जो आमतौर पर 6 घंटे चलने वाले यक्षगान में होता है। इसमें मेडले की थाप पर कलाकार पूरी साज-सज्जा के साथ घूंघरू बांधकर जो समां बांधते हैं, उससे नई पीढ़ी के बीच भी यक्षगान लोकप्रिय हो रहा है। इस मिनी मंच पर एक भागवत (गायक-कथाकार) और दो कलाकार होते हैं। इसमें रामायण-महाभारत या फिर पुराणों का कोई प्रसंग दिखाया जाता है। यहां भी कम से कम एक प्रसंग पूरा दर्शाया जाता है।

मंगलुरु की रहने वाली लक्ष्मी शेनॉय कहती हैं- मुझे पहले नहीं लगा था कि यक्षगान घर में भी इतना सुखद अनुभव हो सकता है। घरों में यक्षगान का आयोजन करने वाले जगदीश कुनाल नलका बताते हैं- यक्षगान का मंच बदला है तो प्रस्तुति का तरीका भी बदलना पड़ा है। जब हम थिएटर में यक्षगान आयोजित करते हैं तब रामायण-महाभारत, पुराण या किसी देवी महात्म्य की पूरी कहानी का मंचन करते हैं, लेकिन घरों के लिए हमने उपकथाएं तैयार की हैं, जिसमें किसी एक प्रसंग को उसी उत्साह से मंचित किया जाता है। इसमें नृत्य, संगीत और डायलॉग सबकुछ होता है।



घरों में होने वाले इस यक्षगान प्रस्तुति के लिए कोई फीस नहीं ली जाती। दर्शक जो दे देते हैं, कलाकार वही ले लेते हैं। घरों में यक्षगान आयोजन के तेजी से बढ़ने की वजह यह मान्यता भी है कि मेडले और घूंघरू की आवाज घर की नकारात्मकता दूर कर घर में पॉजिटिविटी लाती है। फोटो- एसएन भट्ट बायर

### बदलाव... एक दिन में 15 से 20 घरों में आयोजन करता है

लोकनृत्य यक्षगान के वरिष्ठ संगीतकार कृष्णा सेट्टी बताते हैं- थिएटर, साउंड सिस्टम और टीम के आने-जाने का खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में घरों में यक्षगान के आयोजन से इस कला को जीवनदान मिल गया है। कलाकारों की रोजी-रोटी का संकट दूर हो गया है। एक ग्रुप में कम से कम 6 कलाकार होते हैं। वे रोज करीब 15 से 20 घरों में यक्षगान का मंचन कर रहे हैं। कई बार तो रात के 11 साढ़े 11 बजे तक आयोजन चलते रहते हैं। वे बताते हैं कि बारिश के मौसम में इस तरह के आयोजन पहले भी कम होते थे, लेकिन घरों के मंच बनने के बाद माहौल बदल गया है।

**सख्ती** • भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़, मौके से 33 हजार 500 रुपए बरामद

# सीएम फ्लाइंग व हेल्थ विभाग की टीम ने 3 दलाल पकड़े, कई कागजात जब्त

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

## 35 हजार में तय हुई थी डील, सेंटर में घुसकर टीम की छापेमारी

सीएम फ्लाइंग व पलवल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग की जांच कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने इस काम को करने वाले तीन दलालों को गिरफ्तार कर लिया। हेल्थ विभाग की टीम ने मौके से 33 हजार 500 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पलवल हेल्थ विभाग को मिली थी शिकायतः** पलवल स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डा. संजय शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में एक गिरोह सक्रिय है जो पैसे लेकर भ्रूण लिंग जांच कराता है। इस गिरोह को राधेश्याम नामक व्यक्ति चला रहा है। इसके बाद उन्होंने एक महिला को तैयार किया। महिला ने राधेश्याम से भ्रूण लिंग जांच कराने की बात पक्की की। आरोपी ने इस काम के लिए महिला से 35 हजार रुपए की मांग की। इसके बाद सौदा तय हो गया।

आरोपी ने 2 अगस्त को बल्लभगढ़ में महिला को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बुलाया। महिला एक बजे अपने पति के साथ बताई गई जगह पर पहुंच गई। वहां राधेश्याम ने अपने एक साथी मोहित को भेजा, जो उसे मोहना रोड स्थित संजीवनी अल्ट्रासाउंड एंव डायग्नोस्टिक सेंटर पर लेकर गया। वहां शाम करीब चार बजे महिला का अल्ट्रासाउंड कराया गया। इसके कुछ समय बाद दलाल ने महिला को भ्रूण लिंग की जानकारी दी। इसके बाद महिला की तरफ से जानकारी मिलते ही टीम ने सेंटर के अंदर घुसकर छापेमारी कर जरूरी कागजात कब्जे में ले लिए। इस दौरान टीम ने आरोपी मोहित को भी पकड़ लिया। मोहित को पकड़ने के बाद टीम ने एक पेट्रोल पंप पर खड़े मनीष को भी हिरासत में ले लिया। इसके बाद टीम ने कॉल कर गिरोह के मुख्य आरोपी राधेश्याम को बकाया पैसे लेने के लिए बुलाया। जब राधेश्याम पैसे लेने के लिए पहुंचा तो टीम ने उसे भी पकड़ लिया।



सीएम फ्लाइंग व हेल्थ विभाग की ओर से पकड़े गए आरोपी।

**महिला से लिए गए पैसे आरोपियों से बरामद...** आरोपियों ने अल्ट्रासाउंड कराने से पहले महिला से साढ़े 33 हजार रुपए ले लिए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से उक्त पैसे बरामद कर लिए है। डा. संजय ने बताया कि इस मामले में अल्ट्रासाउंड के डाक्टर के शामिल होने को लेकर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। तीनों आरोपी पुलिस के हवाले कर दिए गए। आरोपी राधेश्याम बल्लभगढ़, मनीष गांव पन्हेड़ा खुर्द b मोहित सेक्टर 58 का रहने वाला है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

## पार्टी के दौरान बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर पर की फायरिंग, बाल-बाल बचे

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

बुढ़ैना गांव के एक घर में शनिवार रात पार्टी के दौरान बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग कर दी। लेकिन वह बाल-बाल बच गए। खेड़ीपुल थाना पुलिस जांच में जुटी है। बुढ़ैना गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर अशोक चंदीला ने शिकायत में कहाकि कुछ दिन पहले उनके चचेरे भाई को संतान हुई। इस उपलक्ष्य में शनिवार को घर में पार्टी थी। इसमें यूपी निवासी सचिन नागर भी था। उसके साथ मच्छगर गांव निवासी सौरभ, रोहित, बिट्टू बैसला और बंदर समेत चार पांच अन्य लोग भी आए थे।

पार्टी के दौरान अचानक युवकों ने अशोक चंदीला के साथ हाथापाई कर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन पर फायरिंग कर दी। आरोपियों ने करीब तीन-चार राउंड फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की। इसमें अशोक चंदीला बाल-बाल बच गए। आरोप है हमलावरों के पास चार पिस्टल थीं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को मौके से तीन-चार खोखे बरामद हुए हैं। खेड़ीपुल थाना प्रभारी नरेश कुमार के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मामल दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुए झगड़े के बाद बड़ा हादसा

# युवक ने पहले प्रेमिका, फिर खुद को गोली मारी, दोनों की मौके पर ही मौत

### आरोपी युवक आपराधिक किस्म का था, उसके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं

भास्कर न्यूज़ | पलवल

मानपुर गांव में एक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका फिर खुद को गोली मार ली। इससे दोनों की मौत हो गई। मुंडकटी थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार मानपुर गांव निवासी रवि गांव की ही पूजा नामक युवती से प्रेम करता था। दोनों के बीच करीब दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद रविवार दोपहर रवि कट्टा लेकर पूजा के घर में घुसा और उसे गोली मार दी।

आरोपी ने पूजा के सिर व कंधे में गोली मारी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद रवि ने अपने सिर में भी गोली मार ली। उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के समय पूजा की छोटी बहन घर पर थी। उसने शोर मचाया तो ग्रामीण पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। उसने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मौके पर एसएफएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक रवि आपराधिक किस्म का था। उस पर लड़ाई झगड़े के कई केस दर्ज थे। उसने बीते वर्ष पुलिस पर मानपुर गांव के निकट गोलियां चलाई थीं। इस मामले में वह आरोपी था। वह दो माह पहले ही जेल से बाहर आया था। रवि के पिता की 16 वर्ष व मां शीला की 13 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार रवि ने पूजा की हत्या कर खुद को भी गोली मार ली। इससे दोनों की मौत हो गई। पूजा के चाचा सुरेंद्र की शिकायत पर रवि के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए।

## कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**पलवल** | पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर कैंटर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। कैंटर चालक को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। कैंप थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार के अनुसार यूपी के एटा जिले के पहाड़पुर गांव निवासी अनूप ने दी शिकायत में कहा कि वह फरीदाबाद की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। रविवार को छुट्टी के चलते वह पत्नी शिवानी के साथ बाइक से अपने गांव पहाड़पुर जा रहे थे। इसी दौरान पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। इससे बाइक सड़क पर गिर गई। इसके बाद कैंटर उनकी पत्नी के ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद लोगों ने कैंटर चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसकी पहचान यूपी निवासी मोहम्मद नाजिम के रूप में हुई है। घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## महिला की संदिग्ध मौत, जहर खिलाकर हत्या का आरोप, पति सहित 4 पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | पलवल

सौंद गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत हो गई। भाई का आरोप है कि ससुराल वालों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर बहन की हत्या की है। होडल थाना पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के अनुसार छज्जूनगर गांव निवासी दीपक ने दी शिकायत में कहा कि उनकी बहन बिमलेश की सौंद गांव निवासी राहुल के साथ शादी हुई थी। दो अगस्त को राहुल का फोन आया कि तुम्हारी बहन ने जहर खा लिया है। सरकारी अस्पताल होडल आ जाओ, जब वे अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहां न ले जाकर उसे होडल के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया।

# दिव्यांग की ट्रेन से कटकर मौत, ट्रैक पर मिला शव

### दिहाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

एक दिव्यांग की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय दामू अहीरवाल के रूप में हुई है। जो मूलरूप से मध्यप्रदेश का निवासी था। वह 10 साल से मेवला महाराजपुर क्षेत्र में परिवार के साथ किराए पर रह रहा था।

परिजनों के अनुसार दामू सुबह सब्जी मंडी जाने के लिए निकला था। जब दोपहर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान जब वह एनएचसी क्षेत्र के रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि सुबह वहां एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। मृतक का शव बीके अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने शव की पहचान दामू के रूप में की। बेटे राघवेंद्र ने बताया कि उनके पिता कुछ साल पहले सड़क दुर्घटना में दिव्यांग हो गए थे। उनके पैरों में लोहे की रॉड पड़ी थी। इससे वह काफी धीरे चलते थे। वह दिहाड़ी कर सात सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। परिवार में तीन बच्चों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## सेक्स रैकेट चलाने का आरोपी बता साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 1.82 लाख ऐंठे

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

साइबर ठगों ने एक व्यक्त को डिजिटल अरेस्ट कर 1.82 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोपियों ने पीड़ित को सेक्स रैकेट चलाने का आरोपी बता गिरफ्तारी का डर दिखाया था। साइबर थाना सेंट्रल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरस्वती कालोनी निवासी पीड़ित ने पुलिस शिकायत में कहा कि आठ जुलाई को उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने अपने को पुलिस का अधिकारी बताया। उसने उन्हें सेक्स रैकेट चलाने का आरोपी बताया। वीडियो कॉल से जुड़ने के बाद आरोपियों ने उन्हें पोर्न साइट देखने का भी आरोपी बता तुरंत गिरफ्तार करने का डर दिखाया। वीडियो कॉल के दौरान आरोपी पुलिस की वर्दी में थे।

# बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने पर निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर केस दर्ज

### जांच में परिजनों द्वारा लगाए गए लापरवाही बरतने के आरोपों को सही पाया

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

इलाज में लापरवाही बरतने पर नौ माह की बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले की स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कमेटी बनाकर जांच कराई गई थी। इसमें बच्ची के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस को जांच रिपोर्ट सौंप दी गई। उसके आधार पर आदर्श नगर थाना पुलिस ने निजी अस्पताल के डाक्टरों के खिलाफ इलाज में लापरवाही बरतने का केस दर्ज किया है।

दयालपुर गांव निवासी अर्जुन के मुताबिक 30 दिसंबर 2024 को उनकी नौ माह की बेटी भावी घर में खेल रही थी। इस दौरान खेलते हुए वह किचन पहुंच गई। वहां चाय बन रही थी। इसी दौरान अचानक चाय उसके ऊपर गिर गई। इससे उसके पैर बुरी तरह जल गए। उसे पास के जेनिथ हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां बेटी का डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे। लेकिन बेटी की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी। अर्जुन के अनुसार उन्होंने बार-बार डॉक्टरों से बेटी को डिस्चार्ज कर कहीं और भेजने की बात कही। लेकिन डॉक्टर उन्हें यह आश्वासन देते रहे कि आप बेफिक्र रहें। बेटी जल्द ठीक हो जाएगी। 5 जनवरी को बेटी की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद उनसे बिना पूछे उसे आईसीयू में डाल दिया गया। जब उन्होंने बेटी की तबीयत के बारे में पूछा तो डा. कमल और सिद्दीकी ने कहा कि आप घबराएं नहीं बेटी ठीक हो जाएगी। बेटी की हालत ज्यादा खराब होने पर वह उसे आईसीयू से निकालकर अमृता हॉस्पिटल ले गए। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत आदर्श नगर थाने में की। मामले में पुलिस की तरफ से शिकायत जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई। स्वास्थ्य विभाग ने कमेटी बनाकर इसकी जांच कराई। जांच में बच्ची के परिजनों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस को जांच रिपोर्ट सौंप दी गई।

## फायरिंग कर 5 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

फायरिंग कर पांच लाख की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सभी आरोपी बल्लभगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार आर्य नगर निवासी मयंक की शिकायत पर शहर थाना बल्लभगढ़ में घर के बाहर गाड़ी पर फायरिंग कर पांच लाख की रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सीआईए सेक्टर 30 ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पहले व एक आरोपी आर्य नगर निवासी गौरव शर्मा को अब गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि फायरिंग करने के बाद आरोपियों ने मोबाइल फोन कर शिकायतकर्ता से रंगदारी मांगी थी।



## पुराने सिक्के बेचने के नाम पर युवती से 54 हजार रुपए की ठगी, केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

जालसाजों ने एक युवती से पुराने सिक्के बेचने के नाम पर 54 हजार रुपए की ठगी की है। युवती ने इंस्टाग्राम की रील पर पुराने सिक्के व नोट खरीद-बेचने संबंधी विज्ञापन देखकर क्लिक किया था। पीड़ित युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना मानेसर में मामला दर्ज किया है।

पटौदी के गांव खोड़ निवासी सोनू ठाकराण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 08 मार्च को उसने इंस्टाग्राम की रील पर पुराने सिक्के व नोट ज्यादा दाम पर बेचने संबंधी विज्ञापन देखा था। जब उसने विज्ञान पर क्लिक किया तो उसके पास अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आनी शुरू हो गई। कॉल करने वालों ने सोनू ठाकराण को बताया कि पुराने सिक्के व नोट के बदले 85 लाख रुपये मिल सकते हैं। जालसाजों ने पंजीकरण फीस और डिलीवरी चार्ज के नाम पर सोनू ठाकराण ने नासिर खान के नाम व्यक्ति के अकाउंट में चार बार में कुल 54000 रुपए 09 मार्च से 13 मार्च तक ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने पुराने सिक्के व नोट बेचने के बारे में पूछा तो जालसाजों ने उसे कोई जवाब नहीं दिया।

## दो रुपए की ट्रांजेक्शन कराकर ठगे 48 हजार रुपए, पुलिस की जांच जारी

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

जालसाज ने कूरियर कंपनी का डिलीवरी बॉय बनकर दो रुपए ट्रांसफर कराकर युवक से 48 हजार रुपए की ठगी कर ली है। पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साइबर अपराध थाना मानेसर की पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के बहराइ गांव निवासी टिंकू सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खांडसा गांव में किराए पर रहता है। उसका एक कूरियर ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी से आना था। 24 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और टिंकू सिंह से कहा कि आपका कूरियर आया है। कॉल करने वाले कहा कि एड्रेस कंफर्म करने के लिए दो रुपए की ट्रांजेक्शन व स्क्रीन शेयर करने के लिए कहा। इसके बाद टिंकू सिंह का मोबाइल हैक करके 48 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। ठगी होने के बाद टिंकू सिंह ने हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके पुलिस को शिकायत दी।

## बिलासपुर थाना पुलिस ने एक पिकअप से दो गोवंश बरामद किए, वाहन जब्त

पटौदी | बिलासपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से दो गोवंश बरामद किए हैं। पिकअप चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पिकअप को जब्त कर लिया है। इस संबंध में पुलिस में दी अपनी रपट में सब इंस्पेक्टर जगमाल सिंह ने बताया कि वह क्राइम पड़ताल पचगांव टोल केएमपी रोड पर मौजूद था कि एक गाड़ी महिन्द्रा सुपरो का चालक अपनी गाड़ी को फर्रुखनगर की तरफ से चलाता हुआ आया। नजदीक आने पर सामने खड़ी पुलिस पार्टी को देखकर उसने एकदम से अपनी गाड़ी को रोका और वापिस मोड़ने लगा, जिसको मैने चालक सहित गाड़ी को साथी मुलाजमान की सहायता से काबू कर लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम चन्दन मुखिया पुत्र गौरी मुखिया गांव कथना मोहनपुर थाना हटारूपोली जिला मधुबनी बिहार हाल किरायेदार पटेल नगर सेन्ट्रल दिल्ली बताया। गाड़ी चैक करने पर गाड़ी के आगे पीछे एक गाय काला रंग व एक गाय सफेद काला रंग व एक बछड़ा ठुस ठुस कर भरे हुए मिले। आरोपी ने गौधन के संबंध में कोई लाइसेंस परमिट व कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका।

**असुविधा**• कादीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया से वाहन चालकों का निकलना हो रहा मुश्किल

# गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाइवे के निर्माण के लिए बारिश में खोदी सड़क, लगा ट्रैफिक जाम

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

## रोजाना पीक ओवर्स में लग रहा 10 किलोमीटर तक जाम

गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाइवे के निर्माण कार्य बारिश के सीजन में परेशानी बन गया है। हालांकि हाइवे का दो साल पहले ही निर्माण कार्य पूरा होना था, लेकिन लगातार निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं से इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा करना है। इस हाइवे के निर्माण कार्य को दिसंबर तक पूरा करने के लिए बारिश के दौरान भी काम चल रहा है। लेकिन बारिश के दौरान हाइवे के लिए खोदे गए गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर कादीपुर इंडस्ट्रीयल क्षेत्र के आसपास पीक ओवर्स में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। रविवार सुबह हुई बारिश के बाद 10 किलोमीटर तक वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। हालांकि एनएचएआई के अधिकारियों का दावा है कि हाइवे का निर्माण कार्य तय दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। बारिश के दौरान कुछ परेशानी आ रही है, ऐसे में वाहन चालकों को दूसरे रूट से यात्रा करनी होगी।

गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे का निर्माण कार्य करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। लेकिन लगातार हाइवे निर्माण में देरी होने के पीछे बिजली की लाइनों को शिफ्ट किए जाने व अन्य बाधाएं आई थी। फिलहाल अन्य बाधाओं को दूर कर लिया गया है। बारिश के कारण खुदाई के स्थानों पर पानी भरने से फिलहाल निर्माण कार्य भी थम गया है। लेकिन काम को जल्द निपटाने के लिए एनएचएआई के अधिकारी भी लगातार हाइवे का जायजा ले रहे हैं। इस बारे में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर योगेश तिलक ने कहा कि एक फ्लाईओवर द्वारका एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी के लिए बनाया गया है, जिससे गुरुग्राम-रेवाड़ी हाईवे के बीच यातायात सुगम होगा। हालांकि इससे अतिरिक्त समय लगा है।


गुरुग्राम। गुरुग्राम-पटौदी रोड का हो रहा बुरा हाल।

**दिसंबर तक पूरा होगा हाईवे :** गुरुग्राम-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण एनएचएआई द्वारा 2020 से किया जा रहा है। सड़क के विस्तार के लिए पेड़ों की कटाई, अतिक्रमण हटाने और भूमि संबंधी मुकदमेबाजी से संबंधित मुद्दों के कारण परियोजना का कार्य लक्ष्य से पीछे चल रहा है। इस 46 किलोमीटर परियोजना को 2022 में पूरा किया जाना था। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार अब इस साल अक्तूबर-दिसंबर तक परियोजना पूरी हो जाएगी। इससे सीधे द्वारका एक्सप्रेसवे से रेवाड़ी हाईवे होकर नारनौल, जयपुर, रोहतक और राजस्थान जाना आसान होगा।

### पटौदी चौक से कादीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में आ रही परेशानी

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइवे का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। करीब पांच साल पहले काम शुरू किया गया था। लेकिन बीच-बीच में काम रुकने के कारण इस हाइवे का निर्माण तीन साल बढ़ गया है। अब बारिश के मौसम में कादीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया के आसपास से वाहनों का निकलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। पीक ओवर्स में सुबह व शाम को रोजाना जाम झेलना पड़ रहा है। इस बारे में कोई ट्रैफिक पुलिस भी यहां नहीं रहती है, जिससे वाहन आडे-टेडे होकर जाम लगने का कारण बन रहे हैं।

## लिव-इन पार्टनर हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

बालियावास गांव निवासी हरीश शर्मा नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लिव इन पार्टनर यसमीत कौर को पुलिस ने शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं रविवार को पुलिस ने हत्या के दौरान मौके पर मौजूद मृतक के गांव बालिवावास निवासी विजय उर्फ सेठी को भी हत्या में संलिप्तता मिलने पर गिरफ्तार कर लिया।

हरीश नामक युवक की हत्या डीएलएफ फेस-3 थाना क्षेत्र में गत शनिवार सुबह होने की सूचना पुलिस को मिली थी। मृतक के भतीजे ने पुलिस को शिकायत के माध्यम से बताया कि वह और इसका चाचा हरीश (मृतक) एक कम्पनी में काम करते हैं। गत एक अगस्त को इसके गांव का एक व्यक्ति विजय उर्फ सेठी इसके घर इसके चाचा को लेने आया था। इसके चाचा हरीश (मृतक) ने इससे कहा कि सात लाख रुपए लाओ और इसने वह रुपए इसके चाचा को दे दिए। इसके बाद विजय उर्फ सेठी व उसका चाचा हरीश गाड़ी में बैठकर चले गए थे। इसके बाद रात को हरीश से उसकी बात हुई। लेकिन शनिवार सुबह यशमीत कौर का फोन आया कि चाचा हरीश की मौत हो गई।

## घर से फार्म भरने निकली छात्रा संदिग्ध हालत में लापता, सीआईए करेगी जांच

**नूंह** |आगे की पढ़ाई के लिए ऑनलाइन फार्म भरने गई छात्रा के संदिग्ध हालत में लापता होने का मामला गरमा गया है। इस मामले को लेकर निवासियों की एक बैठक हुई जिसमें प्रबुद्धजनों ने कई तरह की आशंका जताई। लोगों की मांग पर इस मामले की जांच सीआईए को सौंप दी गई है। फिरोजपुर झिरका की एक कालोनी की रहने वाली युवती बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। पढ़ाई में अच्छी होने के कारण परिवार की ओर से कोई रोकटोक नहीं है। इसी के चलते छात्रा की आगे पढ़ने की इच्छा पर परिवार के लोगों से सहमति दे दी। बताते हैं कि चार दिन पहले छात्रा आगे की पढ़ाई के लिए ऑनलाइन फार्म भरने जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई।

## अमर शहीद संदीप धनखड़ की शौर्य गाथा देश याद रखेगाः ओम प्रकाश

फर्रुखनगर | हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री एंव भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने रविवार को क्षेत्र के गांव ढाणा में अमर शहीद संदीप धनखड़ की 20वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अप्रित की और जिला गुरु ग्राम के शहीदों के परिजनों को प्रतिक चिंह, शाल आदि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अमर शहीद संदीप कुमार मैमोरियल कमेटी ढाणा के चेयरमैन चौधरी समुंद्र धनखड़ पहलवान व ग्रामीणों ने औम प्रकाश धनखड़ का पगड़ी, फूलमालाओं व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि धनखड़ ने कहा कि शहीद संदीप धनखड़ की मां बिमला देवी ने वीर पुत्र को जन्म देकर भारत माता की रक्षा के लिए भेजा। दुश्मनों को धूल चटाई और सदा के लिए मां भारती के आंचल में खुशी खुशी चीर निंद्रा में सो गया। ऐस वीर की मां होना अपने आप में गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि अमर शहीद संदीप कुमार मैमोरियल कमेटी ढाणा के चेयरमैन चौधरी समुंद्र धनखड़ पहलवान व उनकी टीम भी बधाई की पात्र है, जिसने अमर शहीद के नाम से पार्क, प्रतिमा, मुख्यद्वार, स्कूल का नाम आदि रखने और उनकी याद को ताजा करके युवाओं में देशभक्ति की भावना को जिंदा रखा हुआ है। पूर्व मंत्री ने शहीद की माता, पिता, बहन सभी को सम्मानित किया। इस मौके पर शहीद के पिता चौधरी अवतार सिंह चेयरमैन समुंद्र सिंह धनखड, धनखड़ चौधरी राजेंद्र सिंह धनखड, तेजू ठेकेदार, कैप्टन प्रेमपाल, सावत सिंह प्रधान थे।


अमर शहीद संदीप धनखड़ की माता को नमन करते औम प्रकाश धनखड़।

## डेंगू के 4 नए मरीज मिले, पांच अन्य संदिग्ध के सैंपल लिए गए

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में डेंगू का डंक लगातार पैर पसार रहा है। साथ ही मलेरिया के मरीज भी मिल रहे हैं। जिला में रविवार को डेंगू के चार मरीज मिले जबकि पांच संदिग्ध मरीजों के सैंपल डेंगू की जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 33 हो गई। जबकि मलेरिया के सात मरीज सामने आ चुके हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक शहरी क्षेत्र में भी फॉगिंग तक शुरू नहीं की है। जबकि मच्छर जनित बीमारियां लगातार बढ़ रही हैं। गत शनिवार को गुरुग्राम में कुल 14 मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें से चार की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। सीजन में अब तक बुखार के 2511 मरीजों की डेंगू की जांच कराई गई, जिनमें से डेंगू के 33 मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं रविवार को भी बुखार के पांच मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि वजीराबाद क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव होने के कारण सबसे अधिक डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। इसके अलावा अर्बन पीएचसी क्षेत्र में भी डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं नगर निगम की ओर से अभी तक फॉगिंग शुरू नहीं किए जाने से लोगों में डर बना हुआ है।

## परचून दुकानदार व अन्य ने पिता व 10 साल की बेटी को पीटा, तीन गिरफ्तार

**गुरुग्राम**| गुरुग्राम के सेक्टर-17-18 थाना क्षेत्र में एक परचून की दुकान पर गई लड़की व दुकानदार के बीच 50 रुपए को लेकर विवाद हो गई। इसी बीच जब लड़की पिता भी दुकान पर पहुंचा तो दुकानदार व उसके अन्य साथियों ने पिता-पुत्री को बुरी तरह पीटा। वहीं लड़का पिता छह से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह झगड़ा गत 28 जुलाई का है, जब एक लड़की परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। जहां लड़की व दुकानदार के बीच 50 रुपए के लेन-देन पर विवाद बढ़ गया। इसी बीच लड़की का पिता टिंकू उर्फ सुमेर भी मौके पर पहुंचा और झगड़े का कारण पूछने लगा। लेकिन दुकानदार देवकुमार व उसके अन्य साथियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

## ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में उद्योग मंत्री राव नरबीर सुनेंगे शिकायतें

भास्कर न्यूज़ | नूंह

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरवीर सिंह करेंगे। बैठक में नई व पुरानी 18 शिकायतें रखी जाएंगी।

सीटीएम नूंह हिमांशु चौहान ने बताया कि बैठक में ग्राम पंचायत अडबर के सरपंच इमरान की शिकायत शिक्षा विभाग नूंह, गांव औथा निवासी सहरत की पुलिस विभाग, गांव तिरवाड़ा निवासी जल सिंह की शिकायत एसडीएम पुन्हाना कार्यालय व तहसीलदार पुन्हाना से, गांव चाहलका निवासी सरीन की शिकायत बिजली विभाग, गांव हसनपुर सोहना निवासी संजय कुमार की शिकायत सिंचाई विभाग से संबंधित है। मंत्री इन शिकायतों को सुनकर संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के संबंध में निर्देश देंगे। इसी प्रकार गांव नोटकी खंड नगीना निवासी सरीक की शिकायत एसडीएम कार्यालय फिरोजपुर-झिरका, गांव बैंसी निवासी भगवत की शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इंडरी कार्यालय, गांव शादीपुर ब्लॉक नगीना निवासी हाकम की शिकायत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित है। इसके अलावा गांव हिलालपुर निवासी प्रहलाद सिंह व हरकेश सिंह की शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी इंडरी, गांव पाडा तहसील तावडू निवासी रवींद्र कुमार की शिकायत शिक्षा विभाग से जुड़ी हैं।




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

आधार कार्ड पर$ लोन और कैश EMI

Get instant discount up to 10,000# on your credit card EMI
HDFC BANK & on select cards#.
Powered by pine labs
#T&C apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on **www.HeroMotoCorp.com**. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.T&C apply.

टोल फ्री
**1800 266 0018**

**Authorised Dealers:** South Delhi: Lajpat Nagar: **Sapphire Hero-** 9289923175, **Pashupati Hero Adchini (Main Mehrauli Road)-** 9289922381, **Singla Hero Pul Prahladpur Badarpur-** 9289922771, Okhla Phase II: **ARC Hero-** 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): **Himgiri Hero-** 9289922380, Pushta Kartar Nagar: **Aman Hero-** 9289922735, Dilshad Garden: **RK Hero-** 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: **Singla Autoneeds Hero-** 9289923222, North Delhi: Azadpur: **Shraman Hero-** 9289923185, Rithala (Rohini): **Metro Hero-** 9289922597, Budh Vihar: **JMD Autoworld Hero-** 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): **EssAay Hero-** 9289922382, **Upper India Hero-** 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): **Avni Hero-** 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): **Shivganga Hero-** 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): **Singla Hero-** 9289922530, Tilak Nagar: **Khanna Hero-** 9289922383, Bali Nagar: **Khanna Hero-** 9289924309, Nawada: **Khanna Hero-** 9289924310. Ghaziabad: **Globe Hero- Meerut, Delhi Road-** 9289922073, **Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar-** 9289232123; Sahibabad: **Sahib Hero-** 9289922486; Noida: **Dhansri Hero, H-206A, Sector 63 -** 9289923044, **Uppal Hero (B 124, Sector-5)-** 9289922462, **Singla Hero (C-70, Sector-58)-** 9289923059; BulandShahr: **Shri Durga Hero, Delhi Road-** 9289922504, **Krishna Hero, RajeBabu Road-** 9289922410, Hapur: **Globe Hero-** 9289923209, Gurugram: **Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave-** 9289233915, **Himgiri Hero-** 9289923046, **Sharma Hero, Basai Road Sector 11-** 9289923221, **Autoneeds Hero-** 9289922051, **Jasodha Hero-** 9289922495, **Himgiri Hero (Wazirabad)-** 9289924247, **Himgiri Hero (Railway Road)-** 9289924248; Sohna: **Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road-** 9289924089; Faridabad: **Sehgal Hero-** 9289922419, **Sehgal Hero, NIT-** 7217627327.

VML.5827.2025

**परमार जयंती संस्मरण** • बचपन में मिले थे डॉ. यशवंत सिंह परमार से, उन्हें मिलना चाहिए भारत रत्नःपंत

# बच्चों से विशेष लगाव था हिमाचल निर्माता को, जहां देखते रुक जाता था उनका काफिला

**शिमला** | डॉ. यशवंत सिंह परमार, महज एक राजनेता नहीं, वह भविष्य के दूरदृष्टा, दार्शनिक, योगी और एक महान जननायक थे, जिन्हें बच्चों से विशेष लगाव था। यही कारण है कि डॉ. परमार के समय जो लोग बच्चे थे और उनसे कुछ क्षण भी मिले, वे आज तक उनका प्रेम, सादगी और उस समय की बातों को नहीं भूले, जो उनसे परमार साहब ने कही थी। आज वही बच्चे, अपनी बुजुर्गावस्था में हैं, लेकिन उनके मानस पटल पर उन जनहितैषी यादें अमिट हैं। यही लोग अब हिमाचल निर्माता और राज्य के पहले मुख्यमंत्री को "भारत रत्न" की मांग कर रहे हैं।

पहाड़, पहाड़ी, पंचायत, प्रदेश व पूर्णता, इन पांच शब्दों का मेल डॉ. यशवंत सिंह परमार, के लिए कोई भी उपमा सूरज को दीया दिखाने के समान है। आज उन्हीं डॉ. परमार की 119वीं जयंती है, जिस मौके पर पूरा प्रदेश उन्हें याद कर रहा है।

### श्रमदान से बनवाई थी सोलन-राजगढ़ सड़क : कुल राकेश पंत

सोलन नगर परिषद के अध्यक्ष रहे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुल राकेश पंत डॉ. यशवंत सिंह परमार से जुड़ा संस्मरण बताते हैं कि वह "सड़कों को पहाड़ों की भाग्यरेखा" कहते ही नहीं थे, इसके लिए पूरे प्रयास भी करते थे। ये उस समय की बात है, जब सिरमौर जिले के राजगढ़ के लिए सोलन से सड़क नहीं थी। उन्होंने गांव के लोगों के सहयोग से राजगढ़ तक श्रमदान से ही पुरी सड़क बनवा दी। पंत भी उस समय बच्चे ही थे, जिन्होंने अपने हाथों में छोटा सा खिलना लेकर अपने पिता के साथ सोलन-राजगढ़ रोड, के लिए श्रमदान दिया। इसके अलावा भी पंत, परमार से जुड़ा एक और वाक्या बताते हैं कि 1959-60 की बात रही होगी, उनके पिता पंडित कुलानंद पंत, नैनाटिक्कर में वैद्य थे, जो प्रजामंडल आंदोलन से भी जुड़े थे। एक बार कुल राकेश, अपने पिता व अन्य बच्चों के साथ नैनाटिक्कर में सड़क पर खेल


हिमाचल के दूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ डॉ. यशवंत सिंह परमार, शांता कुमार और वीरभद्र सिंह। (फाइल फोटो)

रहे थे और उसी समय सीएम का काफिला वहां से नाहन की ओर जा रहा था। परमार साहब ने जैसे ही उनके पिता को बच्चों के साथ देखा तो काफिला रुक गया। वह उनके पास आकर बातचीत करने लगे।

वहीं डॉ. परमार स्मृति समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार, बलदेव चौहान बताते हैं कि वह उस समय आठवीं कक्षा में पढ़ते थे, जब डॉ. परमार मुख्यमंत्री थे और रेणुकाजी की तरफ दौरे पर जा रहे थे। उस समय मुख्यमंत्री की आगवानी करने और उनके साथ चलने वाले लाव-लश्कर को चाय-पानी के लिए गांव-गांव में कई जगह स्टॉल लगते थे। उस दिन उनके गांव चुनवी में कोई स्टॉल नहीं लगा था, इसलिए उन्हें बुरा लगा और कुछ बच्चों को साथ लेकर अपने स्तर पर स्टॉल लगा दिया। थोड़ी देर में सीएम का काफिला आया और जैसे ही उन्होंने स्टॉल पर कुछ बच्चों को खड़े देखा तो तुरंत सभी गाड़ियां रुक गई। परमार साहब अपनी गाड़ी से उतरे और बच्चों के पास जाकर उनसे बातचीत करने लगे। उन्होंने हम लोगों से हमारे नाम, हमारी क्लास वगैरह पूछी और उत्साह बढ़ाया।

### मुख्यमंत्री को सौंपा डॉ. परमार को 'भारत रत्न' दिलाने का मांग-पत्र

हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न दिलवाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार स्मृति समारोह आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक मांगपत्र सौंपा है। इनका कहना है कि डॉ. परमार, उन सभी मापदंडों पर खरे उतरते हैं जो भारत रत्न मिलने के लिए जरुरी हैं। समिति ने डॉ. परमार को भारत रत्न दिलवाने के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में प्रस्ताव पारित करके भारत सरकार को भेजने का भी आग्रह किया है। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष बलदेव सिंह चौहान व समिति के संस्थापक सदस्य कुल राकेश पंत ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से भी निवेदन किया है।

## ग्रुप-डी के चयनितों को जारी होगा आखिरी नोटिस

**चंडीगढ़** | पिछले सीईटी के अनुसार ग्रुप-डी के 7200 युवाओं को ज्वॉइनिंग के लिए बुलाया गया, लेकिन इनमें से चार हजार लोगों ने ही ज्वॉइन किया है। इन्हें दो दिन पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खुद नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। वहीं, बाकी रहे 3200 कर्मचारियों को एक नोटिस दिया गया, लेकिन ज्वॉइन नहीं किया। अब सरकार की ओर से उन्हें एक और नोटिस दिया जाएगा। वे इसके बाद भी निर्धारित समय में ज्वॉइन नहीं करते हैं तो मान लिया जाएगा कि वे इस नौकरी के इच्छुक नहीं हैं। ऐसे में इन सीटों को रिक्त मानकर नए सिरे से भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी और इकोनॉमिक विषय के टेस्ट की तारीख तय** : हिंदी और इकोनॉमिक विषय के कॉलेज कैडर के असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए परीक्षा की तारीख तय कर दी गई है। हिंदी विषय के पदों के लिए 10 अगस्त को स्क्रीनिंग टेस्ट होगा, जबकि इकोनॉमिक विषय के लिए इसी दिन सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट होगा। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 अगस्त को एचपीएससी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

**संगरूर की घटना** • एसी लगा सो रहा था बुजुर्ग दंपती और बहू, चोरों ने खंगाला कमरा-कमरा

# बेटे विदेश में... दीवार फांदकर घर में घुसे चोर 1 करोड़ का सोना और 2.35 लाख कैश ले गए

भास्कर न्यूज़ | संगरूर

जिला संगरूर स्थित गांव नमोल में चोरों ने एनआरआई भाइयों के घर पर निशाना साधा और 1 करोड़ रुपए के गहने व नकदी चुराकर ले गए। वारदात शनिवार देर रात 12 से 3 बजे के बीच की है। घटना के समय बुजुर्ग दंपती और बहू सो रहे थे। परिवार को चोरी का पता सुबह चला। शिकायत के बाद पुलिस ने चोरों पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी उनकी पहचान नहीं हो सकी है। चूहड़ सिंह उर्फ भोला नंबरदार निवासी गांव नमोल ने पुलिस को बताया कि उनके 2 बेटे और 1 बेटी है, जो विदेश में रहते हैं। तीनों शादीशुदा हैं और उनके शादी के गहने घर पर रखे थे। रात को वह और उनकी पत्नी, बहू व पोती कमरे में एसी लगाकर सो रहे थे। चोर घर की पिछली दीवार फांदकर अंदर दाखिल हो गए।

चोरों ने कमरा-कमरा खंगाला और फिर स्टोर रूम का दरवाजा तोड़ दिया। चोरों ने कमरे में पेटी और अलमारियों के लॉक तोड़ दिए और गहने-नकदी लेकर पिछले दरवाजे से भाग गए। सुबह जब उठा तो स्टोर रूम का दरवाजा टूटा था। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो अलमारियों से 92 तोले सोने के गहने और 2.35 लाख रुपए नकद गायब थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

### संगरूर और मालेरकोटला में 7 माह में चोरी की 111 घटनाएं


घर में बिखरा पड़ा सामान। (दाएं) घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

पीड़ित परिवार ने थाना चीमा पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने और गहनों की बरामदगी की मांग की है। इधर, थाना चीमा एसएचओ विनोद कुमार का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है। गौर हो कि संगरूर और मालेरकोटला में 7 माह में चोरी की 111 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से अधिकतर मामले अनट्रेस हैं।

### इधर... जेल में खालिस्तानी हवालाती ने फंदा लगाया, मौत

**निगेटिव न्यूज़**
सिर्फ वही नकारात्मक खबर, जो आपको जानना जरूरी है...

**संगरूर** | जिला जेल में बंद हवालाती ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार का आरोप है कि बेटे ने फंदा नहीं लगाया, बल्कि मारा गया है। जिला तरनतारन के गांव नौशेहरा निवासी जंगीर सिंह ने बताया कि बेटा गुरविंदर सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह खालिस्तानी था। उसे एनआईए ने गिरफ्तार किया था और फिर कपूरथला जेल भेज दिया गया। डेढ़ माह पहले उसे संगरूर शिफ्ट किया गया था। खालिस्तानी होने के कारण पुलिस बेटे को परेशान करती थी। 1 अगस्त को बेटे ने बताया था कि उसे टॉर्चर किया जा रहा और बैरक में नहीं भेजा जा रहा है। उन्होंने बेटे को बताया था कि 4 अगस्त को पेशी है और जमानत हो सकती है। 2 अगस्त रात को बेटे ने फंदा लगा लिया। बेटे के गले और बाजुओं पर निशान थे, जिससे पता चलता है कि बेटे से मारपीट हुई है। उन्हें संगरूर पुलिस पर विश्वास नहीं है, ऐसे में मामले की जांच दूसरे जिले में कराई जाए। शव का ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट की देखरेख में पोस्टमार्टम किया गया। इधर, डीएसपी सुखदेव सिंह ने कहा, सूचना मिली कि गुरविंदर ने बैरक में फंदा लगा लिया है। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत करार दिया।

आम आदमी क्लीनिक के मरीजों को वॉट्सऐप पर मिलेगी मेडिकल रिपोर्ट, अपॉइंटमेंट

# पाकिस्तान से आ रहा प्रदूषित पानी, इससे बॉर्डर एरिया में निसंतान दंपतियों की संख्या बढ़ रहीः सीएम मान

**चंडीगढ़** | पंजाब में आम आदमी क्लिनिक से इलाज करवाने वाले मरीजों को अब वॉट्सऐप पर ही पर्ची, टेस्ट रिपोर्ट, अगली अपॉइंटमेंट और मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी मिलेगी। अब पंजाब के 881 आम आदमी क्लीनिक वॉट्सऐप चैटबॉट से जुड़ गए हैं। वॉट्सऐप इंटीग्रेशन सिस्टम से मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन और जरूरी हेल्थ डिटेल्स सीधे मोबाइल पर भेजी जाएंगी। इसकी शुरुआत रविवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आम आदमी क्लिनिक में आने वाले



मरीजों के डेटा से हमें पता चला है कि बॉर्डर एरिया की स्थिति चिंता में है। इन इलाकों का पानी बेहद खराब है, जिसमें यूरेनियम और दूसरे खतरनाक तत्व पाए जा रहे हैं। कई गांवों में ऐसे हालात हैं कि बच्चों के बाल छोटे उम्र में ही सफेद हो रहे हैं। कई बच्चे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं। कुछ घरों में तो व्हीलचेयर आम हो गई है। इस स्थिति पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) को भी ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान से होता हुआ जो पानी पंजाब में आता है, वह काफी प्रदूषित है। उसी की वजह से बॉर्डर एरिया में निसंतान (चाइल्ड लेस) दंपतियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

**सूबे में 200 और आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे...**
मान ने कहा कि राज्य में जल्द ही 200 और आम आदमी क्लीनिक खोले जाएंगे। इससे इनकी कुल संख्या 1081 हो जाएगी। इस समय 565 क्लीनिक ग्रामीण क्षेत्रों में और 316 शहरी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 70,000 मरीज आ रहे हैं। इससे हमें पता चल रहा है कि पंजाब के किस इलाके में कौन-सी बीमारी के कितने मरीज हैं। इससे हम जरूरत के हिसाब से उस इलाके में विशेषज्ञ डॉक्टर भेज सकते हैं।

## जासूस नोमान इलाही के खिलाफ 1600 पेज की चार्जशीट पेश की

भास्कर न्यूज़ | पानीपत

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले नोमान इलाही के खिलाफ सीआईए-1 ने शनिवार को 1600 पेज की चार्जशीट पेश की। इसमें नोमान को सजा दिलाने के लिए सबसे अहम सबूत डिजिटल हैं। इसमें 100 से अधिक पेज की पाकिस्तान में बैठे आईएसआई एजेंट इकबाल काना व अन्य लोगों से वॉट्सएस चेट शामिल है। इसके अलावा वॉट्सएप व फोन कॉल की सीडीआर, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन आर्मी की मूवमेंट की पाकिस्तान भेजी वीडियो व खुफिया जानकारी भी शामिल है। उन खातों को भी शामिल किया है, जिसमें नोमान के खाते में फंड आया था। इस मामले में अगली सुनवाई 13 अगस्त को होनी है। बता दें कि कैराना निवासी नोमान इलाही को पुलिस ने 13 मई को पानीपत के सेक्टर-29 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में नोमान ने बताया कि उसने भारत की खुफिया जानकारी आईएसआई एजेंट इकबाल काना से शेयर की है। पुलिस ने उसके कैराना स्थित घर से नोमान समेत 6 पासपोर्ट बरामद किए थे। एक पाकिस्तानी दस्तावेज की कॉपी मिली थी।

### लॉटरी जनता के आर्थिक हितों के साथ खिलवाड़ः अनुराग

**हमीरपुर** | मौजूदा कांग्रेस सरकार ने पहले तो प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेला अब लॉटरी के जरिए ये परिवारों को बर्बाद करना चाह रहे हैं। कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीतियों ने प्रदेश को आर्थिक बदहाली के की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और इनके आर्थिक कुप्रबंधन के चलते आज हिमाचल एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के कर्जे में डूब गया है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।

कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा हत्याकांड से जुड़े तार, 3 माह पहले हुई थी साहिलप्रीत की हत्या

# फाजिल्का मुठभेड़ में 2 आरोपी जख्मी, गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | फाजिल्का

कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर 22 अप्रैल को साहिलप्रीत हत्याकांड के 2 आरोपियों को पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों ने पुलिस पर फायर किए, पर जवाबी कार्रवाई में दोनों की टांगों में गोलियां लगी हैं। दोनों सिविल अस्पताल फाजिल्का में भर्ती हैं। घायल आरोपियों की पहचान साहिल जोसन निवासी गांव चक सुक्कड़ और सुखपाल सिंह उर्फ पालू निवासी मोना रोड गांव अरनीवाला है। एसएसपी गुरमीत सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी साहिलप्रीत की हत्या में वांछित थे। एसएसपी ने कहा, शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि साहिलप्रीत हत्याकांड में शामिल 2 आरोपी गांव में देखे गए हैं। जब पुलिस ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिए। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों युवकों के संबंध गैंगस्टर राजिंदर उर्फ बिल्ला से बताए जा रहे हैं, जो कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा हत्याकांड में नामजद हैं।

### दोनों के गैंगस्टर बिल्ला से संबंध, बातचीत के सबूत मिले

पुलिस को जांच में दोनों आरोपियों और बिल्ला के बीच बातचीत के सबूत मिले



हैं। इससे संदेह है कि दोनों वारदातें आपस में जुड़ी हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक साहिलप्रीत खुद आपराधिक पृष्ठभूमि का था और उस पर आर्म्स एक्ट समेत 4 केस दर्ज थे। पुलिस घायलों से पूछताछ कर रही है और इनके नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। एसएसपी ने कहा कि जांच के बाद और नाम सामने


जानकारी देते एसएसपी गुरमीत सिंह।

आने की संभावना है। एसएचओ लेख राज के अनुसार साहिल और सुखपाल के खिलाफ 9-9 मामले दर्ज हैं, जिनमें साहिल पर 1 कत्ल का, जबकि सुखपाल पर 2 कत्ल के अलावा इरादतन कत्ल, आर्म्स एक्ट, लूटपाट के 7 से 8 मामले दर्ज हैं।

**24 घंटे में एक्शन** • सुखजिंदर रंधावा के बेटे को सोशल मीडिया पर मिली थी धमकी

# सांसद के बेटे को धमकाने वाला अरेस्ट बोला- मैंने तो मजाक में कमेंट किया

भास्कर न्यूज़ | बटाला

बटाला पुलिस ने पूर्व डिप्टी सीएम एवं गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा के बेटे को सोशल मीडिया पर धमकीभरा कमेंट करने वाले आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। कॉन्फ्रेंस में एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने बताया कि 31 जुलाई दोपहर 3 बजे सांसद रंधावा के बेटे उदयवीर सिंह रंधावा ने अपने सोशल मीडिया पर अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिस पर पोस्ट गगन रंधावा ने धमकीभरा कमेंट किया था। हालांकि यूजर ने कुछ समय बाद कमेंट को हटा दिया था, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। एसएसपी मीर ने बताया कि लॉ इन्फ्रोर्समेंट टीम की मदद से आईपी एड्रेस और लॉगइन विवरण प्राप्त किए गए। तकनीकी निगरानी और डिजिटल विश्लेषण आधार पर आरोपी का पहचाना और उसे अमृतसर से काबू कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान गगनदीप सिंह निवासी गांव घनिएके बांगर हाल वासी अमृतसर है। एसएसपी ने बताया कि यूजर के मोबाइल की जांच के दौरान गगन रंधावा का अकाउंट सक्रिय और लॉगइन पाया गया। पुलिस ने थाना कोटली सूरत मल्ली में बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अमृतसर का रहने वाला है आरोपी गगन

एसएसपी मीर ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में आरोपी गगन ने पुलिस को बताया कि उसने मजाक में कमेंट किया था। मामले में अभी तक गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया से गगन का कोई सीधा संबंध साबित नहीं हुआ है। लेकिन पुलिस ने पेशेवर तरीके से जांच को जारी रखा है ताकि किसी करीबी संबंध का पता लगाया जा सके। आरोपी गगनदीप सिंह अमृतसर का रहने वाला है।

### इधर... हमलावरों ने श्री गुरु रविदास फोर्स नेता को घेरा, हथियारों से हमला किया, सिर पर लगे 12 टांके

**होशियारपुर** | मोहल्ला दीप नगर में शुक्रवार रात 12:20 बजे आधा दर्जन हमलवारों ने श्री गुरु रविदास फोर्स पंजाब के सीनियर दलित नेता डॉ. अजय मल्ल को घेर लिया और हथियारों से गंभीर घायल कर दिया। हमला उस समय हुआ जब डॉ. मल्ल देर रात अपने दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर घर आ रहे थे। युवकों ने उसका पीछा किया और घर के आगे पहुंचकर उसको बाहर बुलाया गया। हमलावरों ने घर से बाहर आते ही दातरों और हथियारों से हमला कर दिया। हमलावर उन्हें मारने की धमकियां देकर फरार हो गए। घटना का पता चलते ही पुलिस चौकी पुरहीरां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। घायल हालत में डॉ. मल्ल को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉ. अजय मल्ल ने बताया कि शुक्रवार रात दोस्त की बर्थडे में गया था। रात 12 बजे घर आया। उसे एक कॉल आई और बहसबाजी कर गलत भाषा बोलने लगा। हमलावर नशे में था। उन्होंने अपना फोन बंद किया और घर आ गए। रात 12:20 बजे कुछ गाड़ियों में युवक घर के आगे आकर रुके। जब वह घर के बाहर आए तो आरोपियों ने बाजू से पकड़कर गली में घसीटा और फिर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर, बाजू और मुंह पर कई वार किए। शोर सुनकर पत्नी मोनिका मल्ल और लोग आए। सिविल अस्पताल के डॉक्टर्स के अनुसार सिर पर 12 टांके लगे और अब हालत नाजुक है। इधर, थाना मॉडल टाउन एसएचओ गुरसाहिब सिंह ने बताया, वह घटना का पता चलते ही अस्पताल पहुंचे, वा अभी बयान दर्ज नहीं हुए हैं। बयानों के बाद कार्रवाई होगी।


भर्ती अजय मल्ल।

पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला

## सीबीआई ने सबूतों की जांच के लिए गठित की 3 मेंबरी टीम

**शिमला** | हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में जांच कर रही सीबीआई ने एक और टीम गठित की है। इस टीम के पास सबूतों की जांच का जिम्मा रहेगा। एएसपी की अगुवाई में तीन सदस्य टीम गठित की गई है। अब ये टीम फॉरेंसिक जांच को समयबद्ध पूरा करने और कॉल रिकॉर्ड को खंगालेगी। दरअसल, सीबीआई अब जांच में तेजी लाना चाहती है। ऐसे में अलग से टीम को गठित किया गया है। गौर रहे कि प्रदेश हाईकोर्ट ने पावर कारपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की संदेहास्पद मौत मामले में पेन ड्राइव को गायब करने और डाटा डिलीट करने के आरोपी एएसआई पंकज शर्मा की याचिका पर सीबीआई सहित राज्य सरकार नोटिस जारी किए हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने मामले की सुनवाई के बाद प्रतिवादियों को 20 अगस्त तक याचिका का जवाब दायर करने के आदेश दिए हैं।

### डिफाल्टरों से वसूली को लोकायुक्त ने मांगे सुझाव

**चंडीगढ़** | लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद से वित विभाग में उनके अनुभव को देखते हुए उनसे आरटीआई एक्ट में जुर्माना राशि जमा न कराने वाले सूचना अधिकारियों से जुर्माना राशि वसूली के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। लोकायुक्त ने इस जुर्माना जमा न कराने वाले डिफाल्टर सूचना पर शिकंजा कस दिया है।

**भास्कर खास** कोटला कलां स्कूल के प्रिंसिपल ने किया सम्मानित

# बंगाणा के कोडरा की बेटी मोरमा लेवल-वन का प्रमाण पत्र हासिल कर बनीं वालीबॉल की अंतरराष्ट्रीय कोच

**ऊना** | बंगाणा के कोडरा निवासी मोरमा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वालीबाल कोच के लिए मान्य हो गई हैं। वालीबाल में आठ बार बतौर कोच नेशनल खेल कर प्रदेश और अपने गांव को देश में गौरवांवित कर चुकी मोरमा को मालदीव में कोचेस कोर्स लेवल-वन में इसके लिए प्रमाणित किया गया है। यहां पर 27-31 जुलाई तक अंतराराष्ट्रीय स्तर पर फेडरेशन आफ इंटरनेशनल वालीबाल (एफआइवीबी) के बैनर तले वालीबाल एसोसिएशन आफ मालदीव के तत्वाधान में इस कोर्स को आयोजित किया गया। इसमें भारत सहित श्रीलंका, बांग्लादेश, सिंगापुर, जापान, कोलंबिया, यूके, फिलिपीइंस, थाईलैंड व मालदीव के 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मोरमा भारती की उपलब्धि से यकीनन उन महिलाओं को प्रेरणा मिली है, जिन्होंने अपने आप में प्रतिभा होने के बावजूद सीमित क्षेत्र


स्कूल के प्रिंसिपल सम्मानित करते हुए।

तक बांध दिया है। एफआइवीबी के कोर्स लेवल-वन का प्रमाण पत्र पाने के बाद औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कहीं भी वालीबाल खेल के गुर खिलाड़ियों की नई पौध को सिखा पाएंगी। वर्तमान में मोरमा भारती पीईटी के पद पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला कलां में पीईटी तैनात हैं और यहां पर स्कूली बच्चों को वालीबाल खेल से जोड़कर इस खेल के विकास में योगदान प्रदान कर रही हैं।

### 24 बार राष्ट्रीय खेलों में बतौर खिलाड़ी कर चुकी प्रदर्शन

मोरमा भारती का मायका बंजार कुल्लू में है। वालीबाल खेल में वह बेस्ट सैटर की पोजिशन पर खेलती हैं। प्रारंभिक पढ़ाई बंजार में हुई तो इसके बाद नौवीं कक्षा से साई धर्मशाला की स्टूडेंट रहीं। अब तक के सफर में विभिन्न प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मोरमा 24 बार राष्ट्रीय खेलों में बतौर खिलाड़ी अपना जबरदस्त प्रदर्शन दे चुकी हैं। इसमें 2001 से 2011 तक राष्ट्रीय स्तर पर 11 बार सीनियर नेशनल, 2002 व 2009 में दो बार वूमन नेशनल, 2000-01 दो बार स्कूली नेशनल, एक बार जूनियर नेशनल, आठ बार ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वालीबाल प्रतियोगिता में चार बार हिमाचल व चार बार पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से खेल चुकी हैं।

## हमारा ध्यान पुनर्वास की योजनाओं के क्रियान्वयन परः जयराम ठाकुर


सराज में राज्यपाल के साथ नुकसान का जायजा लेते नेता प्रतिपक्ष।

**मंडी** | नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्र में आने के लिए और आपदा प्रभावितों के लिए रेड क्रॉस के द्वारा सहायता भेजने के लिए राज्यपाल का आभार जताया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारे लोगों का जीवन चला गया, घर चले गए, पशुधन चला गया, बाग बगीचे चले गए, खेत खलियान चले गए। अब हमारा ध्यान पूरी तरीके से पुनर्वास की योजनाओं को क्रियान्वित करने पर है। सभी विषयों को लेकर मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ऊर्जा तथा शहरी एवं आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जल संसाधन मंत्री सीआर पाटील से मुलाकात की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मैंने मुलाकात की और उन्हें आपदा प्रभावित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। अपनी विदेश यात्रा से आते ही उन्होंने मुलाकात के लिए समय दिया।

## बेरोजगार युवाओं के हुनर को निखारने के लिए उन्हें दिया जाएगा वर्ल्ड क्लास प्रशिक्षण

### भुवनेश्वर के वर्ल्ड स्किल सेंटर में निखारा जाएगा उनका कौशल

भास्कर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश में वह बेरोजगार युवा जो विदेश में नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं उनके इस सपने को श्रम एवं रोजगार विभाग सच करेगा। विदेशों में नौकरी के लिए विभाग युवाओं को तैयार करेगा। विभाग न केवल उनके हाथ के हुनर को निखारेगा बल्कि उनकी विदेशी भाषा में भी पकड़ को मजबूत करेगा। विभाग विदेश में नौकरी के इच्छुक युवाओं को विदेशी भाषा में दक्ष बनाएगा। इसके लिए विभाग इच्छुक युवाओं को विदेशी भाषा विशेषकर फ्रैंच, जर्मनी, जापानी आदी का प्रशिक्षण देगा। यह प्रशिक्षण उन्हें भुवनेश्वर स्थित वर्ल्ड स्किल सेंटर में दिया जाएगा। विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। इसे लेकर श्रम एवं रोजगार विभाग ड्राफ्ट रूल तैयार कर रहा है। इसके पीछे सरकार का मकसद राज्य के बेरोजगार युवाओं को विदेशों में रोजगार के बेहतर अवसर दिलाना है। वहां पर इन युवाओं को भाषा की कोई परेशानी न हो इसलिए युवाओं को फोरन लेंगवेज की ट्रेनिंग दी जाएगी। रोजगार कार्यालय में पंजीकृत युवाओं को दी जाएगी प्राथमिकता विभाग का पहला प्रयास रोजगार कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को ट्रेंड करना है। इसमें इच्छुक युवाओं से पहले उनकी राय ली जाएगी। युवा अगर विदेश में नौकरी करने का इच्छुक होगा और वह विदेशी भाषा सीखना चाहता है तो उसे ही प्राथमिकता दी जाएगी। ट्रेनिंग के लिए युवाओं का चयन कैसे और कितना किया जाना है इस पर विभाग अभी वर्कआउट कर रहा है। चूंकि यह विभाग का पहला प्रयास है इसलिए सभी तरह की संभावनाओं का पता लगाया जा रहा है। इसका बाकायदा एक ड्राफ्ट रूल तैयार किया जाएगा। सरकार से चर्चा के बाद विभाग आगे बढ़ेगा।

**सरकार से मंजूरी के बाद सेंटर के साथ होगा करारः** सरकार से ड्राफ्ट रूल को मंजूरी मिलने के बाद विभाग भुवनेश्वर स्थित वर्ल्ड स्किल सेंटर के साथ करार करेगी। इसमें राज्य के युवाओं को प्रशिक्षण का प्रावधान होगा। यहां पर युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार तथा विदेशों की मांग को देखते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा • पीएमसीएच ने ऑडिट टीम को नहीं दिए कई कागजात

# PMCH: कोरोना इलाज में 2.53 करोड़ की गड़बड़ी... और बढ़ सकती है रकम

भास्कर न्यूज़ | पटना

कोरोना काल (2020-22) के दौरान पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में इलाज के नाम पर 2 करोड़ 53 लाख 53 हजार रुपए की अनियमितता उजागर हुई है। यह खुलासा बिहार सरकार के वित्त विभाग के अंकेक्षण निदेशालय की ऑडिट रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि गड़बड़ी की राशि इससे भी अधिक हो सकती है, क्योंकि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज ऑडिट टीम को उपलब्ध नहीं कराए गए।

ऑडिट टीम द्वारा साल 2020-21 और 2021-22 में कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए कोरोना उन्मूलन कोष से प्राप्त राशि से किए गए व्यय की जांच की गई। जांच में पाया गया कि इलाज के लिए 33.97 लाख की दवाएं खरीदी गईं, और पूरा भुगतान सिर्फ एक फार्मा कंपनी को किया गया। पीएमसीएच का 16 मार्च 21 का एक आदेश है, जिसमें चार प्रकार की दवा और इम्प्लांट की चर्चा है। इसमें फार्मा कंपनी को इथिकल (ब्रांडेड) दवाओं की एमआरपी पर 22 से 25 प्रतिशत की छूट देने को कहा गया है। ऑडिट टीम ने इस पर आपत्ति दर्ज की और कहा कि ऐसी स्थिति में यह फर्म पर निर्भर करता है कि वह 22 से 25 प्रतिशत के बीच किसी भी दर पर दवाओं की आपूर्ति कर सकता है। ऐसे में दर अनुमोदन का क्या औचित्य है।

## सिर्फ एक फार्मा कंपनी को भुगतान, दर अनुमोदन पर सवाल




### क्रय समिति बनाने में भी अनियमितता

ऑडिट में यह भी कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में मशीन, उपकरण, औषधि या रासायन की खरीद के लिए निर्धारित क्रय समिति का गठन किया जाना है। पीएमसीएच अधीक्षक ने जो टीम बनाई उसमें संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष की जगह मुख्य आकस्मिक चिकित्सा पदाधिकारी को रखा जो स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार नहीं है।

▪ तीन कंपनियों से कोटेशन आए। लेकिन जेनरिक दवाओं का कोटेशन केवल एक से मिला। ऐसे में क्रय समिति को दर अनुमोदन की प्रक्रिया को रद्द कर देना चाहिए था। फिर भी उसे टेंडर दे दिया। यह बिहार वित्त संशोधन नियमावली 2005 का उल्लंघन है।

### एमआरपी छूट में मनमानी

रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को इथिकल दवाओं पर 2-25%, सर्जिकल पर 40-50%, इम्प्लांट पर 40-45% और जेनरिक दवाओं पर 50-60% की छूट देने को कहा गया। यह भी आपत्ति उठाई गई कि जब छूट की सीमा तय नहीं, तो सप्लायर अपनी मर्जी से दर तय कर सकता है। 5 लाख तक का ही क्रय किया जा सकता था। लेकिन 2021-22 में कुल 33 लाख 97 हजार 205 रुपए की दवाएं खरीदीं।

### दस्तावेज नहीं दिए

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में भी इसी अनुमोदित दर पर एक मात्र चयनित फर्म से दवा खरीद की गई। ऑडिट रिपोर्ट में इसे वित्तिय अनियमितता माना गया है। ऑडिट टीम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत खरीदी गई दवाओं के कागजात मांगे, लेकिन उपलब्ध नहीं कराए गए। इससे दवा, सर्जिकल सामग्री और इम्पलांट पर कुल खर्च का आकलन नहीं हो सका।

### गैस पाइपलाइन में गड़बड़ी

कोरोना वार्ड में 1668 मानवबल दिखाए। लेकिन जांच में केवल 1324 मिले। शेष 344 के लिए 1.43 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया गया। बिना टेंडर 1.32 करोड़ से ज्यादा की गैस पाइपलाइन विस्तारीकरण पर भी खर्च किया गया। मरीजों के आहार पर 6.5 लाख और इनोवा गाड़ी भाड़े पर लेने के लिए 4.77 लाख रुपए खर्च किए गए। जिन पर भी आपत्ति की है।

**ऑडिट का जवाब भेजेंगे** *ऑडिट टीम का जबाव उस टीम को भेजा जाएगा। इस पर हमें कुछ नहीं कहना है।* **-आईएस ठाकुर,** अधीक्षक, पीएमसीएच

## शिबू सोरेन की हालत स्थिर, डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी

भास्कर न्यूज़ | रांची/दिल्ली



दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। वह इन दिनों दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है। शिबू सोरेन को 19 जून को सांस संबंधी दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुरुआती दिनों में उनकी स्थिति चिंताजनक थी, लेकिन अब उनकी तबीयत में आंशिक सुधार हुआ है।

डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है। राज्य भर से उनके समर्थकों और आदिवासी समाज के लोगों की दुआएं लगातार जारी हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग गुरुजी की जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।




## गयाजी : आठ साल से फरार नक्सली रवींद्र सिंह गिरफ्तार हुआ

भास्कर न्यूज़ | डुमरिया (गयाजी)

8 वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली रवींद्र सिंह को पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को की गई। रवींद्र सिंह 2018 में किए गए विस्फोट और सीआरपीएफ जवानों पर हमले का मुख्य आरोपी है। छकरबंधा थाना अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह एवं एसएसबी के शस्त्रधारी जवानों ने संयुक्त रूप से मोनबार गांव में छापेमारी की। सहायक कमांडेंट सौरव रंजन ने बताया कि सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि रवींद्र सिंह अपने गांव मोनबार आया हुआ है। उसने 2018 में मोनबार जंगल में सीआरपीएफ के जवानों पर हमला किया था, जिसमें कई जवान शहीद हुए थे।




## इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एक करोड़ रुपए की अफीम संग तस्कर गिरफ्तार

**आदापुर (मोतिहारी)** | भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और छौड़ादानों पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब एक करोड़ रुपये की अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक तस्कर भारी मात्रा में ड्रग्स की खेप के साथ भारतीय सीमा में घुसने वाला है। इस पर महुआवा एसएसबी के जवानों और पुलिस ने छौड़ादानों-रक्सौल जीबीसी मुख्य पथ पर नाकेबंदी कर दी। इसी दौरान उत्तरी भेलवा गांव के समीप इंडो-नेपाल बॉर्डर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास 1 किलो अफीम बरामद हुई जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए है।

अयोध्या • श्रृंगी ऋषि आश्रम में 4 दिवसीय कार्यक्रम

## राम लला की कलाई पर बांधी जाएंगी मधुबनी शैली पर बनी राखी

भास्कर न्यूज़ | अयोध्या

राम मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा के बाद राजा राम के साथ माता सीता और तीनों भाई के लिए पहला रक्षाबंधन का त्योहार अति विशिष्ट और ऐतिहासिक होने जा रहा है। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त पर सभी विग्रहों को बड़ी बहन शांता की ओर से मधुबनी की शैली पर बनी जरी और मोतियों की राखियां बांधी जाएंगी। जिले में श्रृंगी ऋषि आश्रम से 6वें श्री रामलला रक्षाबंधन महोत्सव के तहत चार दिवसीय आयोजन संपन्न किए जाएंगे।



### क्या है पौराणिक मान्यता

श्रृंगी बाबा सेवा संस्थान के पदाधिकारी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं है कि पुत्रेष्टि यज्ञ के मूर्धन्य आचार्य श्री श्रृंगी ऋषि जी का विवाह चक्रवर्ती महाराज दशरथ की पुत्री देवी शांता के साथ हुआ था। इस कारण से रक्षाबंधन के पर्व पर देवी शांता की ससुराल से प्रभु श्रीराम व उनके अनुजों के लिए रक्षासूत्र कारसेवकपुरम पहुंचेगा।

## शेखपुरा: डॉक्टर का अपहरण, पेट्रोल खत्म होने पर भागे अपहरणकर्ता

**शेखपुरा** | महुली में कार सवार हथियारबंद अपराधियों ने एक ग्रामीण चिकित्सक का अपहरण कर लिया। बीच रास्ते कार का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद अपराधी कार छोड़ भाग गए। चिकित्सक को अपहरणकर्ताओं ने कार की डिक्की में डाल रखा था। लोगों ने निकाला। मुंह में गमछा ठूंसकर हाथ पीछे से बांध दिए गए थे। अपहरण शेखपुरा-आढ़ा मार्ग पर अरियरी के समीप डाक बाबा स्थान के समीप रविवार की सुबह किया गया। ग्रामीण चिकित्सक की पहचान गोहदा गांव निवासी राजू रजक के 35 वर्षीय पुत्र मनोज रजक के रूप में हुई है। टाटा इंडिगो कार झारखंड नंबर की है। पनसल्ला के पास उनकी गाड़ी का तेल खत्म होने से कार रुक गई थी।

उद्योगपति-समाजसेवी प्रेम कुमार पोद्दार की 80वीं जयंती

## देश को बचाना है, समृद्ध करना है तो पहले परिवार को बचाना होगा: त्रिवेदी

**रांची** | राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर राष्ट्र को बचाना है, उसे समृद्ध करना है तो अपने परिवार को हर हाल में बचाना होगा। उसमें भारतीय मूल्यों और परंपराओं को आत्मसात करवाना होगा। क्योंकि परिवार वह इकाई है, जिस पर पूरा देश टिका होता है। भारत ही वह देश है, जहां परिवार में त्याग सिखाया जाता है। उद्योगपति-समाजसेवी स्व. प्रेम कुमार पोद्दार ने इसे आत्मसात करते हुए अपनी जिंदगी जी। वे प्रेम कुमार पोद्दार की 80वीं जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




**प्रेम कुमार ने सिखाया, कठिन परिस्थितियों में भी कैसे आगे बढ़ सकते हैं: हरिवंश**

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि प्रेम कुमार पोद्दार का जीवन मूल्यों से भरा था। उन्होंने अपने जीवन को जिस तय जीया, संघर्ष किया, वह मेरी आंखों के सामने से गुजरा। उन्होंने अपने जीवन से बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे आगे बढ़ सकते हैं, जिससे परिवार और समाज को नई दिशा मिल सके।

## बाबाधाम: 46 लाख से अधिक कांवरियों ने चढ़ाया जल



**देवघर।** श्रावणी मेला अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 4 अगस्त को मेला की चौथी और अंतिम सोमवारी होगी। लगभग ढाई लाख से अधिक कांवरियों के बाबा बैद्यनाथ धाम आने का अनुमान है। इसके बाद कांवरियों की संख्या में भी गिरावट आने की संभावना है। रविवार सुबह से ही रिमझिम बारिश के बीच बोल बम के जयघोष के साथ कांवरिए बाबा धाम की ओर बढ़ते रहे। कांवरियों की रफ्तार में कमी आने के कारण कतार बीएड कॉलेज तक सीमित रही। मंदिर के पट बंद होने तक करीब डेढ़ लाख कांवरियों ने बाबा का जलाभिषेक किया।

भागलपुर-हंसडीहा पर पुनसिया चौक पर हादसा

## ऑयल टैंकर ने 3 कांवरियों को कुचला, 2 की जान गई

**रजौन (बांका)** | भागलपुर-हंसडीहा पथ पर पुनसिया चौक स्थित मध्य विद्यालय पुनसिया बाजार के पास रविवार दिन में 10 बजे बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार ऑयल टैंकर ने कुचल दिया। दुर्घटना में दो महिला कांवरिया की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। झारखंड के गोड्डा जिला के मोतिया ओपी क्षेत्र के मोतिया गांव निवासी पीयूष मांझी की पत्नी राधा देवी (28) और सोनू मांझी की पत्नी आरती देवी (25) दोनों गोड्डा मगहिया गांव के रतन मंडल के साथ बाइक से जल भरने भागलपुर गंगा घाट जा रही थीं। यहां से अंतिम सोमवारी को दोनों बाबा बासुकीनाथ जातीं लेकिन हादसा हो गया।

### ट्रक जब्त कर पुलिस भीड़ से घिरे चालक को थाने लाई

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और ट्रक को जब्त करने के साथ चालक सुबोध चौधरी को भीड़ से छुड़ाकर थाना लाई। करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। जान गंवाने वाली दोनों महिलाएं आपस में गोतनी थी और घायल रतन ननदोई थे।

## बांका के दस केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा, 3 छात्र निष्कासित

**बांका** | बांका जिले के दस केंद्रों पर रविवार को केंद्रीय चयन पार्षद की ओर से आयोजित हुए सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान बांका के सार्वजनिक प्लस टू उच्च विद्यालय सर्वोदयनगर परीक्षा केंद्र से 2 अभ्यर्थी जबकि एसएनएस हाई स्कूल मोहनपुर केंद्र से कदाचार के आरोप में एक परीक्षार्थी निष्कासित किए गए है। अंतिम दिन की परीक्षा के दौरान 3469 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें 2715 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 754 अभ्यर्थी केंद्र पर परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

**नीलामी सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तावडू नगर के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 2 बाईपास तावडू (पूर्व मेवात मॉड्ल स्कूल) में बेकार एवं खराब हो चुके लोहे, प्लास्टिक, लकड़ी तथा अन्य सामान की नीलामी 8 अगस्त 2025 को सुबह 9:30 बजे उपरोक्त स्कूल में की जाएगी जो भी इच्छुक व्यक्ति इस नीलामी में भाग लेना चाहता है वह स्थान एवं समय अनुसार आवश्यक पहुंचे।**

प्राचार्य
राजकीय आदर्श
वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 2
बाईपास तावडू
(पूर्व मेवात मॉड्ल स्कूल)

## क्विज 90 के 100 विजेताओं के नाम




| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विनय तिवारी | *****20470 |
| | | सोनिया खिचर | *****01970 |
| | | विनोद | *****74175 |
| | | एम.पी.शर्मा | *****46777 |
| | | दीपक खथूरिया | *****64411 |
| | | दीप्ति सामरिया | *****75586 |
| | | महेंद्र सैनी | *****91899 |
| | | पवन सोनी | *****55575 |
| | | उमा मीना | *****06317 |
| | | चेतन सिंह | *****39211 |
| | | खुशबू लखानी | *****98928 |
| | | रोहित टाक | *****04774 |
| | | धर्मनारायण | *****69222 |
| | | विजयलक्ष्मी दर्जी | *****98970 |
| शशि गुप्ता | *****89975 | संजीव सैनी | *****73369 |
| सुरिंदर सैनी | *****99451 | पंकज जैन | *****41708 |
| रविंदर सिंह | *****51751 | सुरेश माली | *****08204 |
| वंदना | *****01174 | विश्वास तनेजा | *****06844 |
| राहुल | *****14837 | दाऊ दयाल गुप्ता | *****75475 |
| शिल्पा पाटनी | *****19712 | अनीता करवा | *****82913 |
| सैयद अहमद | *****70117 | लवली | *****82278 |
| प्रतिभा प्रकाश | *****66021 | भूपिंदर कौर | *****27452 |
| पूनम गिरी | *****24640 | अरुण शर्मा | *****21634 |
| बिनोद कुमार | *****86472 | उन्नति भाटिया | *****30996 |
| रवि कांत प्रसाद | *****04828 | हिम्मत लोढ़ा | *****31513 |
| विजय रंजन | *****27550 | सुनील भावसार | *****20118 |
| होरीलाल सोनवानी | *****61643 | राजकुमारी अग्रवाल | *****43104 |
| योगेश यादव | *****36884 | अथर्व श्रीवास्तव | *****45407 |
| अनीशा शर्मा | *****48787 | राजेंद्र जैन | *****33195 |
| तुलसी साहू | *****34543 | अरविंद जगेतिया | *****64525 |
| संजीव कुमार | *****93934 | राजकुमार गांधी | *****24967 |
| सूरज कंबोज | *****41999 | आनंदी लाल | *****61776 |
| अंकित | *****65128 | अनिल गोस्वामी | *****90765 |
| पुष्पा गौर | *****78808 | निधि रिछारिया | *****99787 |
| राजेश कत्याल | *****66726 | नीलिमा | *****73574 |
| हितेश अग्रवाल | *****00008 | प्रमिला जैन | *****22700 |
| पुष्पा गोयल | *****78687 | ऋषभ मालू | *****21857 |
| शांतनु | *****86848 | माया देवी गांगिल | *****13138 |
| फरहीन कच्ची | *****58695 | हेमंत जैन | *****21608 |
| अलमास सैय्यद | *****81807 | आरज़ू सोमानी | *****89229 |
| आराध्या | *****32157 | ओंकार अतुलकर | *****11977 |
| बैजू भावसार | *****28731 | प्रवीणकुमार वेलारी | *****91657 |
| लक्ष्मणराव सोनारे | *****07840 | पटेल भरतभाई | *****18500 |
| अभिजीत थोसर | *****96692 | रवि माणिकावाला | *****58603 |
| सुमन | *****50604 | चिंतन शाह | *****42674 |
| तुकाराम गावित | *****44774 | जयाबेन रतनपारा | *****17960 |
| सचिन सोनवणे | *****46388 | रंजन मेहता | *****00790 |
| गिरिराज रंगा | *****98999 | सोनल भट्ट | *****29696 |
| वर्षा गर्ग | *****89899 | किरण मकवाना | *****35178 |
| नरेश चावला | *****05798 | भीका पाटिल | *****761692 |
| सुमन अग्रवाल | *****44900 | पंक्ति डिट्टी | *****27073 |
| प्रविण नंदवाना | *****01398 | प्रजय कोकवाला | *****19403 |
| रेशमा | *****82996 | मीनाक्षीबेन ठक्कर | *****33578 |
| मुकेश जैन | *****40089 | संगीताबेन जानी | *****62143 |
| विनोद सिंह | *****77568 | देवांश दाभी | *****58620 |
| तरुण तनेजा | *****58240 | विष्णु प्रजापति | *****64186 |
| नरेश चतुर्वेदी | *****90135 | भाविन कारिया | *****00909 |

चांदी के सिक्के पर ₹1300/- का वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

## मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति गंभीर, ऑपरेशन पर फैसला आज

दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज

भास्कर न्यूज़ | रांची/पटमदा



शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति अब भी क्रिटिकल बनी हुई है। स्थिति में सुधार नहीं है। रामदास सोरेन अपोलो दिल्ली में भर्ती हैं। पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने कहा कि शिक्षा मंत्री का ऑपरेशन किया जाए या नहीं, इसके लिए डॉक्टरों की बोर्ड सोमवार को बैठेगी। डॉक्टरों के निर्णय के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। एक विशेष जांच भी होनेवाली है। रविवार को मंत्री इरफान अंसारी, संजय प्रसाद सहित कई लोग उनका हालचाल जानने पहुंचे। उनके परिजनों से मिले। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

इधर, रामदास के स्वास्थ्य लाभ के लिए परिवार के सदस्यों ने बोड़ाम के लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर में मन्नत पूजा की। इस दौरान उनकी बेटी रेणु सोरेन व भगिना विक्रम बेसरा मौजूद थे। बता दें कि रामदास रविवार को करीब 4.30 बजे जमशेदपुर स्थित अपने आवास में बाथरूम में गिर गए थे। उनके सिर पर गंभीर चोट आई हैं। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया था।

## मुजफ्फरपुर: मठ के महंत की हत्या, कीचड़ में सना मिला शव

भास्कर न्यूज़ | मुजफ्फरपुर

मीनापुर प्रखंड के पानापुर ओपी अंतर्गत बहादुरपुर राम जानकी मठ के महंत कौशल किशोर दास उर्फ रामबाबू सिंह की हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उनका शव मठ से दो किमी दूर बूढ़ी गंडक नदी के किनारे कीचड़ में मिला। चर्चा है मठ की भूमि को लेकर पूर्व में भी विवाद हुआ था, इसी में भू-माफिया ने हत्या की होगी।




**HIGH COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform all applicants who had applied for 126 posts of Peon pursuant to Advertisement No. RB-IV-10/2016, that the said recruitment process has been cancelled. Consequently, the application fee of all eligible candidates-i.e. those who applied on or before the cut-off date of 09.11.2016-is being refunded through cheques.

However, certain cheques have been returned undelivered. The names of such candidates will be published in lists uploaded from time to time on the official website of this Hon'ble High Court. Concerned applicants are advised to personally collect their cheques from the Recruitment Cell, located at the Old District Court Building, Sector 17, Chandigarh, within 15 days from the date of uploading of the respective list. A valid proof of identity must be presented at the time of collection of cheque.

For further updates and to view the lists of undelivered cheques, kindly www.highcourtchd.gov.in visit the official website:

**Sd/-**
**OSD Recruitment**
**High Court of Punjab and Haryana**
**at Chandigarh**



### सात साल में 339 में से 142 लोगों ने दूसरे राज्यों में जाकर कराया ट्रांसप्लांट

# आयुष्मान से हर साल प्रदेश में 48 ट्रांसप्लांट, पर हर दूसरा मरीज दिल्ली-मुंबई-चेन्नई जा रहा; ज्यादा मामले किडनी-बोन मैरो के

दीपक विश्वकर्मा | भोपाल

आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत ट्रांसप्लांट मुफ्त हो रहे हैं, लेकिन मरीज अभी भी मध्यप्रदेश के अस्पतालों पर पूरी तरह भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि मप्र से हर दूसरा ट्रांसप्लांट बाहरी राज्यों जैसे दिल्ली, मुंबई, गुजरात, हैदराबाद के अस्पतालों में हो रहा है। यह खुलासा सितंबर 2018 से जुलाई 2025 के बीच आयुष्मान योजना के तहत ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों के डेटा के आधार पर हुआ है।

मालूम हो कि मप्र में सितंबर 2018 से आयुष्मान योजना लागू हुई थी। उपलब्ध डाटा के अनुसार 7 साल में 339 ट्रांसप्लांट हुए हैं। इस दौरान एमपी के भीतर 197 ट्रांसप्लांट हुए, वहीं 142 बाहर जाकर कराए गए। यानी कुल का लगभग 42% इलाज राज्य के बाहर हुआ। इनमें सबसे ज्यादा किडनी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुए हैं। यह साफ दर्शाता है कि गंभीर ऑपरेशनों के लिए अभी भी दूसरे राज्यों के अस्पतालों को ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है।

**7 साल में हुए ट्रांसप्लांट**

| स्थान | किडनी | बोन मैरो | कुल |
|---|---|---|---|
| ▪ मध्यप्रदेश | 161 | 36 | 197 |
| ▪ अन्य राज्य | 136 | 02 | 142 |

**मध्य प्रदेश की स्थितिः 65% ट्रांसप्लांट सरकारी अस्पतालों में...**

**भोपाल में 7 हार्ट तो 54 किडनी ट्रांसप्लांट**

इधर, डाटा के अनुसार आयुष्मान से इतर भोपाल शहर में अब तक 54 लोगों ने निजी अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट कराई है। इतना ही नहीं, 23 लोगों ने लिवर ट्रांसप्लांट कराया है। इसके अलावा अब तक 7 हार्ट ट्रांसप्लांट भोपाल में हुए हैं। टोटल 25 देहदान हुए हैं। इनमें से 5 इंदौर और जबलपुर में दान किए गए हैं।

**हमीदिया में कैडावर ट्रांसप्लांट की सुविधा नहीं**

मप्र के हमीदिया जैसे सरकारी अस्पताल में लिविंग किडनी ट्रांसप्लांट तो 10 हो चुके हैं, लेकिन अब तक कैडावर ट्रांसप्लांट यानी ब्रेन डेड मरीजों के ऑर्गन लेने की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। हालांकि एम्स में इस साल दो हार्ट ट्रांसप्लांट हुए हैं, इनमें से एक सफल और दूसरा असफल रहा। इसी कारण लोग बाहरी राज्यों की तरफ रुख कर रहे हैं।

**बाहरी राज्यों का रुख क्योंः** प्रदेश में विशेषज्ञों और सुपर-स्पेशियलिटी सुविधाओं की कमी। ▪ किडनी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट्सकी सुविधा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई में बेहतर। ▪ राज्य में फॉलोअप सुविधा कमजोर है।

**देश में हर साल 2 लाख किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरतः** देश में हर साल 2 लाख किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत, जबकि पूरे भारत में हो पाते हैं सिर्फ 10,000। ▪ एमपी से बाहर 136 किडनी और 2 बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुए।

**एक्सपर्ट व्यू**

डॉ. राकेश भार्गव, एक्सपर्ट ऑर्गन डोनेशन व सचिव, किरण फाउंडेशन

**लोकल एक्सपर्टाइज बढ़ा लें तो बाहर जाने की जरूरत नहीं**

अगर लोकल एक्सपर्टाइज बढ़ा लें तो बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। हर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रांसप्लांट यूनिट बनाई जानी चाहिए। सरकार को जागरूकता के साथ ही ट्रस्ट बिल्डिंग पर काम करना चाहिए। ट्रांसप्लांट के लिए सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों और सर्जनों को विशेष ट्रेनिंग दें।

## महाकाल की चौथी सवारी में एकात्म धाम की झांकी रहेगी

**उज्जैन |** सावन माह में महाकाल की चौथी सवारी सोमवार शाम 4 बजे निकाली जाएगी। सवारी को भव्य स्वरूप देने के लिए प्रसंग (थीम) अनुसार सवारी में प्रदेश के वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, ऐतिहासिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन की झांकियां निकाली जाएंगी। इसमें वन्य जीव पर्यटन के अंतर्गत मध्य प्रदेश के प्रमुख वन्य जीव एवं वन्य जीव पर्यटन स्थल, टाइगर रिजर्व जैसे कान्हा टाइगर रिजर्व, पेंच टाइगर रिजर्व, रातापानी टाइगर रिजर्व और पन्ना टाइगर रिजर्व को प्रदर्शित किया जाएगा। धार्मिक पर्यटन के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम, उज्जैन जहां भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ली थी, को प्रदर्शित किया जाएगा।

### सेवा संबंधी जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं

**जबलपुर |** मप्र हाई कोर्ट ने एक मामले में कहा कि सेवा संबंधी मामले को जनहित याचिका का मुद्दा नहीं माना जा सकता। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने उस जनहित याचिका को निरस्त कर दिया, जिसमें विशेष परियोजना के तहत हुई नियुक्तियों को कठघरे में रखा गया था। उक्त याचिका सिर्फ एक व्यक्ति को लेकर है, जिसकी नियुक्ति संविदा आधार पर की गई है। पन्ना निवासी एडवोकेट नंदकिशोर अहिरवार की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि वर्ष 2011 में कुछ व्यक्तियों को एक विशेष परियोजना के लिए नियुक्त किया गया था। परियोजना पूरी होने के बाद उन्हें विभिन्न विभागों में संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया है।

**सरकारी पैसों की बर्बादी** • 2018 में तीन करोड़ का खरीदा गया था सामान, 2.5 करोड़ का हो चुका है खराब

# मजदूरों के लिए आए औजार, सिलाई मशीन जैसे 11 हजार सामान हो गए खराब, 9 हजार किसी काम लायक ही नहीं

अश्विनी पांडेय | रायपुर

आम जनता के टैक्स को सरकारी तंत्र में किस तरह सड़ा दिया जाता है, इसका नमूना श्रम विभाग में सामने आया है। 2018 में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड मजदूरों को 9 तरह के सामान बांटता था। उस साल विधानसभा चुनाव के पहले खरीदी हुई। चुनाव आ जाने की वजह से 11,062 सामान नहीं बंट पाया। इसे जिलों में अलग-अलग जगह पर डंप कर दिया गया। 2019 में कांग्रेस सरकार आई लेकिन उसने इन सामानों को बांटने के लिए कोई आदेश नहीं किया। एक तरफ हितग्राही परेशान थे, लेकिन अफसरों का एक ही जवाब था- अभी सरकारी आदेश नहीं आया है। समय बीता और कोरोना काल आ गया। 2022 में केंद्र सरकार ने नियम बदल दिए, मजदूरों को सामान की जगह उनके खाते सीधे राशि जाने लगी। अब 2025 में जब इन सामानों का ऑडिट किया गया तो सामने आया कि 6,012 सामान तो किसी काम लायक ही नहीं रहा। बाकी 3289 सामानों की मरम्मत की जाए तो वह ठीक हो सकते हैं। केवल 1761 सामान ही सही है, अब बोर्ड के लिए इन सामानों को बांटना भी एक चुनौती है।

**यह है लापरवाही का लेखा-जोखा**

| सामान | बचा हुआ | खराब हो चुका | बांटने योग्य |
|---|---|---|---|
| साइकिल | 175 | 175 | 0 |
| प्लंबर किट | 100 | 100 | 0 |
| रेजा कुल टूल किट | 250 | 250 | 0 |
| कारपेंटर किट | 480 | 462 | 18 |
| इलेक्ट्रीशियन किट | 430 | 412 | 18 |
| पेंटर किट | 497 | 400 | 97 |
| सिलाई मशीन | 274 | 104 | 170 |
| राजमिस्त्री किट | 2246 | 2000 | 246 |
| सुरक्षा उपकरण किट | 6610 | 5398 | 1212 |
| कुल | 11,062 | 9301 | 1761 |

**इतने में हुई थी खरीदी**

| सामान | राशि |
|---|---|
| साइकिल | 6,59,050 |
| प्लंबर किट | 4,50,000 |
| रेजा कुल टूल किट | 11,25,000 |
| कारपेंटर किट | 21,60,000 |
| इलेक्ट्रीशियन किट | 19,35,000 |
| पेंटर किट | 22,36,500 |
| सिलाई मशीन | 21,64,500 |
| राजमिस्त्री किट | 1,01,07,000 |
| सुरक्षा उपकरण किट | 99,15,000 |
| कुल खरीदी | 3,07,52,050 |

सही सामान 4866500

**7900 में खरीदी थी सिलाई मशीन |** वर्ष 2018 में सिलाई मशीन को 7900 रुपए प्रति नग के हिसाब से खरीदी गया था। इसी तरह 6 तरह के औजारों को 4500 रुपए, सुरक्षा उपकरण किट को 1500 रुपए और साइकिल को 3766 रुपए प्रति नग से खरीदा गया। इन सामानों को जिलों के श्रम कार्यालय में डंप कर रखा है। सबसे अधिक सामान रायपुर और सुकमा जिले में ही डंप है। अब आगे क्या जो सामान मरम्मत योग्य हैं उन्हें श्रमायुक्त कार्यालय स्तर पर कमेटी बनाकर सही करवाने का सुझाव आया है। इसके अलावा जो सही सामान है उसे जिला स्तर पर हितग्राहियों से बात कर देने का प्रयास किया जाएगा। जो हितग्राही इस सामान को लेना चाहेंगे उनके खाते में राशि नहीं दी जाएगी। अब चुनौती यह है कि पुराने सामान लेने के लिए कौन तैयार होगा।

**राजमिस्त्री किट बेकार**

राजमिस्त्रियों के लिए 1.01 करोड़ की किट खरीदी गई थी, इसमें 90 लाख की किट खराब हो चुकी है। इसके अलावा 99 लाख की सुरक्षा उपकरण किट में 81 लाख की किट किसी काम लायक नहीं बची है। 21 लाख की सिलाई मशीन में से 13 लाख की मशीनें पूरी तरह खराब हो चुकी है। कुल 3.07 करोड़ रुपए की खरीदी गई, जिसमें से 48.66 लाख रुपए का सामान खराब हो चुका है। अब बोर्ड इस सामान को जल्द ही राइट आफ करने वाला है।

*परीक्षण करवाया गया है। कुछ सामान सही है कुछ खराब हो गया है। अब विधि अनुरूप खराब सामानों का डिस्पोजल होगा। इसके लिए सचिव कार्रवाई करेंगे।*

**राम प्रताप सिंह,** अध्यक्ष, भवन -सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड

## रुदा गांव को जल्द मिलेगा पानी, पीएचई का दावा 10 अगस्त तक लगाएंगे टंकी

भास्कर न्यूज | रायपुर

जल जीवन मिशन के समूह नल-जल योजना के तहत दुर्ग के रुदा गांव में जल्द ही पानी की सप्लाई चालू हो जाएगी। पीएचई के अफसरों ने दावा किया है कि आरसीसी टंकी में जिंक एल्युमिनियम की टंकी लगाई जाएगी। 10 अगस्त तक टंकी लग जाएगी। गांव में पानी सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाने समेत अन्य काम भी पूरा हो चुका है।

जल जीवन मिशन के तहत पूरे प्रदेश में पानी सप्लाई के लिए टंकी बनाने का काम किया जा रहा है। दुर्ग में अलग-अलग गांवों के समूह बनाकर टंकी बनाने का काम किया जा रहा है।

दुर्ग पीएचई विभाग ने निकुम समूह में 13 गांव के लिए अलग-अलग टेंडर जारी किया है। इसी समूह में शामिल रुदा गांव में भी टंकी का स्ट्रक्चर आरसीसी से बनाया गया। विभाग के अफसरों के अनुसार 12 दिसंबर 2022 को वर्क आर्डर जारी किया गया था। 1.23 करोड़ के टेंडर में रुदा में 65.389 लाख से काम 9 माह में पूरा करना था। सितंबर 2023 तक यह काम पूरा होना था, लेकिन काम 3 मई 2025 को पूरा हुआ। स्ट्रक्चर के ऊपर अलग से जिंक एल्युमिनियम टंकी लगाने के लिए 5 जुलाई को खरीदी आदेश जारी किया गया है। हफ्तेभर के भीतर टंकी लग जाएगी। दोनों काम पूरा होने के बाद टंकी ग्राम पंचायत को हस्तांतरित होगी। ठेकेदार मेसर्स कमल कुमार अग्रवाल को भुगतान तब किया जाएगा जब शत-प्रतिशत घरों में पेयजल की सप्लाई शुरू होगी।

### मंदिरहसौद ब्रिज की टेस्टिंग, नीचे जाम लगने पर आरंग-रायपुर लेन से हो रही आवाजाही

**रायपुर |** मंदिर हसौद चौक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर आरंग से रायपुर आने वाली लेन की लोड टेस्टिंग शुरू हो गई है। वहीं रायपुर से आरंग जाने वाली लेन पर करीब चार लोडेड हाइवा खड़ा कर टेस्टिंग की जा रही है। टेस्टिंग का काम पूरा होने के बाद ही सड़क पर डामरीकरण का काम होगा। वर्तमान में लगातार बारिश हो रही है। बारिश के चलते डामरीकरण का नहीं हो पा रहा है। हालांकि एनएचएआई ने एक अगस्त को ओवरब्रिज के शुरू करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन बारिश के चलते सड़क पर डामरीकरण नहीं हो पा रहा है। डामरीकरण में एक सप्ताह और लग सकता है।

### रेत रॉयल्टी गड़बड़ी की फाइल जिला पंचायत से चोरी, इसमें अधिकारियों के खिलाफ सबूत

**रायपुर |** रायपुर जिला पंचायत मुख्यालय से रेत रॉयल्टी गड़बड़ी की पूरी फाइल चोरी हो गई। इसमें दो जनपद सीईओ समेत अन्य के खिलाफ सबूत थे। फाइल में विभागीय जांच और अधिकारी-कर्मचारी के बयान थे। फाइल के अचानक गायब होने से हड़कंप मचा हुआ है। इधर कार्यालय में तलाशी के बाद भी जब फाइल नहीं मिली तो पुलिस में शिकायत की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी जिला पंचायत से चेक चोरी हुआ था। चेक का दुरुपयोग कर पैसा निकाल लिया गया था। पुलिस ने बताया कि 2016 से 2020 के बीच आरंग इलाके में रेत रॉयल्टी में बड़ी गड़बड़ी हुई है।

## रायपुर-जबलपुर के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी, यह रोज चलेगी, 410 किमी की दूरी आठ घंटे में होगी पूरी

### सीएम साय ने कहा- बस्तर समेत प्रदेश भर में रेल सेवाओं का बढ़ा दायरा

भास्कर न्यूज | रायपुर

रायपुर से जबलपुर के लिए रविवार से नई एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के शुरू होने से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मप्र के बीच संपर्क सुविधा बढ़ेगी साथ ही पर्यटन, व्यापार और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम साय ने कहा कि पिछले एक दशक में छत्तीसगढ़ का रेल का बजट 21 गुना बढ़ा है और इस साल 6 हजार 900 करोड़ की राशि मिली है। छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं संचालित हैं जो छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को 680 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त बनाने के साथ ही पूरा कायाकल्प जा रहा है। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह रेल सेवा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच बेहतर संपर्क का सशक्त माध्यम बनेगी। यह गाड़ी रायपुर से जबलपुर तक लगभग 410 किलोमीटर की दूरी को केवल 8 घंटे में तय करेगी।

**रायपुर से दोपहर 2.45 बजे छूटेगी, जबलपुर रात में पहुंचेगी**



रेलवे के अफसरों के मुताबिक गाड़ी संख्या 11701 रायपुर से दोपहर 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और रात 10:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 11702 जबलपुर से सुबह 6:00 बजे चलकर दोपहर 1:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 15 कोच होंगे, जिनमें एक एसी चेयर कार, चार चेयर कार, 8 सामान्य कोच, एक पावर कार और एक एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

## विधायक के दबाव में निलंबन शक्ति का दुरुपयोग : हाईकोर्ट

**जबलपुर |** हाईकोर्ट ने एक मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि विधायक द्वारा शक्ति का दुरुपयोग करके शासकीय अधिकारी का निलंबन पूरी तरह अनुचित है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने इस मत के साथ सहकारी बैंक के सीईओ के निलंबन को गलत पाते हुए निरस्त कर दिया। दरअसल, गांधीग्राम शाखा से सीधी शाखा ट्रांसफर किए गए एक क्लर्क के तबादले को रद्द कराने के लिए यह निलंबन किया गया था। सीधी निवासी राजेश रायकवार की ओर से दलील दी गई कि क्लर्क के तबादले से नाराज होकर महिला विधायक ने 5 जून को फोन पर डांटा व धमकाया।

### कपड़ों में छुपे सांप ने डसा, बेटी की मौत, पिता गंभीर

**उज्जैन |** उज्जैन के आशीर्वाद गार्डन में शनिवार सुबह सांप ने तीन साल की बच्ची और उसके पिता को काट लिया। अस्पताल ले जाते समय बच्ची की मौत हो गई। पिता आईसीयू में भर्ती हैं। गार्डन में मांगीलाल निनामा अपनी पत्नी सुनीता और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। घर में कपड़ों के नीचे छुपे सांप ने तीन साल की मीनाक्षी को काट लिया। बच्ची दर्द से छटपटाने लगी।

**रोड सेफ्टी** • भाजपा की बैठक में उठा हेलमेट का मुद्दा, मंत्री बोले-अफसरों से बात करेंगे

## नेता नाराज, लोगों को भरोसे में लिए बिना नहीं लेना था फैसला

भास्कर न्यूज | इंदौर

बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिए जाने का मुद्दा शनिवार को भाजपा की बैठक में भी छाया रहा। बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों इस पर आपत्ति जताई कि उन्हें भरोसे में लिए बगैर ये निर्णय क्यों लिया गया। कुछ ने तो यह तक कह दिया कि जनता ने हमें किसलिए चुना है? ऐसा कोई भी तुगलकी निर्णय लेने से पहले यह सोचना चाहिए था कि इसका असर क्या होगा? सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे निर्णय लागू करने से पहले जनजागरण अभियान चलाया जाता है। कुछ हफ्तों की समय-सीमा दी जाती है। यहां रातों-रात निर्णय ले लिया गया, लोगों को समय तक नहीं दिया। सभी जनप्रतिनिधि कलेक्टर आशीष सिंह से मिलकर फिलहाल राहत देने के लिए कहेंगे। बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती व नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा मौजूद थे।

दैनिक भास्कर मिशन ट्रैफिक कंट्रोल



हेलमेट पहनने के बजाय हाथ में लेकर चल रहे लोग। चित्र एलआईजी चौराहे का।

**पहले भी कई बार किया लागू, कुछ ही दिनों में बदलना पड़ा**

बैठक में सभी विधायकों ने कहा कि इस मुद्दे पर लोगों की भारी नाराजगी सामने आ रही है। लोग परेशान हो रहे हैं। जिराती ने कहा कि लोगों के बीच क्या जवाब देंगे। विजयवर्गीय ने भरोसा दिलाया कि सभी जनप्रतिनिधि कलेक्टर से चर्चा करेंगे। जनता को भरोसे में लेकर, समय देकर और जनजागरण के माध्यम से जागरूक करने के बाद ही इस पर कोई निर्णय लेंगे। शहर में पांच से छह बार हेलमेट ऐसे सख्ती के साथ लागू करने के प्रयास हुए। लेकिन हर बार विफल रहे।

## तीन पंप सील, कल से दफ्तरों में भी बिना हेलमेट नो एंट्री

भास्कर न्यूज | इंदौर

नो हेलमेट-नो पेट्रोल आदेश के खिलाफ दूसरे दिन हाई कोर्ट में एक और जनहित याचिका लगी है। दोनों याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई होगी। दूसरी ओर सोमवार से सरकारी कार्यालयों में बिना हेलमेट के एंट्री नहीं होगी।

शनिवार को सांवेर क्षेत्र के गणराजे फ्यूल्स सिलोरा बुजुर्ग सील किया गया, वहीं भी बिना हेलमेट लोगों को पेट्रोल दिया जा रहा था। दो दिन में तीन पेट्रोल पंप सील किए जा चुके हैं। कुछ पेट्रोल पंपों पर आज भी हेलमेट की जन-भागीदारी जारी रही। लोग एक-दूसरे से हेलमेट लेकर पेट्रोल डलवाते रहे। उल्लेखनीय है सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित रोड सेफ्टी कमेटी के चेयरमैन एएम सप्रे की निर्देशों के बाद जिला प्रशासन ने यह आदेश जारी किया था। इसी के बाद पुलिस कंट्रोल रूम और सभी पुलिसकर्मियों को भी हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। इस बारे में कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है, कुछ लोगों को शुक्रवार को जानकारी नहीं थी। अब अच्छा फीडबैक है। हम चाहते हैं इंदौर सफाई के बाद ट्रैफिक में भी नंबर-1 बने। इसके लिए यह अभियान जारी रहेगा। जनता का भी सहयोग मिल रहा है।

**बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया तो जलती तीली फेंकी**

छोटा बांगड़दा इलाके में दो युवकों ने बगैर हेलमेट पेट्रोल देने से मना करने पर जलती तीली फेंक कर आग लगाने की कोशिश की और पंपकर्मी पर चाकू अड़ा हाथापाई की। एरोड्रम टीआई तरुण सिंह भाटी के अनुसार पंपकर्मी वीरेंद्र धौलपुरिया की शिकायत पर बाइक (MP14.NJ8045) सवार संजय कनौजिया नि. गोविंद कॉलोनी व शफीक अली निवासी रसूलपुर के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

**कांग्रेस.. करेगी आंदोलन**

कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि पार्टी इस अभियान के खिलाफ आंदोलन करेगी। पूरे शहर में सड़कें खुदी पड़ी हैं। मुख्यमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढों से हादसे हो रहे हैं। थोड़ी सी बारिश जाम लग रहा है। यह निर्णय अव्यवहारिक है। इधर, कुछ लोग और संस्थाएं अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आए हैं। कोठारी मार्केट में एक चाय दुकान पर हेलमेट लगाने वालों को मठरी फ्री दी जा रही है।

**'हर घर तिरंगा'** • केंद्र सरकार की चिट्ठी के बाद 11 विभागों को दिया टारगेट

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला स्वतंत्रता दिवस, राशन दुकानों के साथ पुलिस लाइन में भी मिलेगा तिरंगा

भास्कर न्यूज | भोपाल

ऑपरेशन सिंदूर के बाद मनाए जा रहे पहले स्वतंत्रता दिवस की तैयारी भी इस बार जोर-शोर से हो रही है। केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल के चिट्ठी के बाद मप्र के 11 बड़े विभागों को 'हर घर तिरंगा' अभियान की गाइडलाइन भेजी गई है। इसके तहत पहली बार राशन दुकानों के साथ पुलिस लाइनों में तिरंगे की बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। ग्राम पंचायतों के स्व सहायता समूह खुद झंडे की बिक्री और वितरण करेंगे। अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलेगा। कोई ऐसा स्थल नहीं छोड़ा जाएगा, जहां तिरंगा न दिखाई दे। नगरीय विकास, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास जैसे तमाम महकमों को ताकीद दी गई है कि वे अधिकारियों को पाबंद करें।

केंद्र की थीम, 'स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग' दी गई है। इसी आधार पर विभाग काम करेंगे। वेबसाइट भी बनाई गई है, जिसमें सभी कार्यक्रम, रैली, अभियान की फोटो व सेल्फी अपलोड की जाएगी। विभागों को ताकीद किया गया है कि हर कार्यक्रम में रिकॉर्ड स्तर पर लोगों की भागीदारी हो।

**ऐसी कोई जगह नहीं, जहां तीन रंग न हों...**

- सरकारी भवनों के साथ शिक्षण संस्थान, होटल, ऑफिस, फ्लाईओवर के साथ बांध और पुल भी सजेंगे।
- स्कूलों की दीवारों और बोर्ड पर तिरंगा पेंट होगा।
- राखी भी तिरंगे की हो, इसकी ट्रेनिंग और वर्कशॉप लगाने के निर्देश हैं।
- सार्वजनिक स्थलों और बाजारों को तिरंगे के रंगों भरा जाएगा।
- तिरंगा महोत्सव के साथ मेला लगेगा, कॉन्सर्ट होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों को जुटाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।



- 'आजादी का श्रमदान' नाम से स्वच्छता अभियान चलेगा। गांवों में सुजल गांव संकल्प देंगे।
- अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में तिरंगा झंडा लगेगा।
- पुलिस स्टेशन में पोस्टर्स, स्टैंडी, बैनर के साथ पुलिसक मीं अपने घरों में तिरंगा लगाएंगे। पुलिस कॉलोनी में विशेष झंडा विक्रय केंद्र व वितरण केंद्र बनेंगे।
- पुलिस और परिवहन महकमे के चेक पॉइंट-टोल नाकों पर तिरंगा झंडा होगा। इसके अलावा तिरंगे के पोस्टर लगेंगे।
- सभी वाहनों में झंडे लगेंगे। अंतराज्यीय बसों में तिरंगे झंडे के साथ रिकार्डेड संदेश, तिरंगा गीत, जिंगल्स और वीडियो चलाए जाएंगे।
- सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग बनेंगी। इसके लिए प्रचार के सभी माध्यमों का इस्तेमाल किया जाएगा।

**एमडी ड्रग्स तस्करी मामला**

## मछली के करीबी मुकेश की क्राइम ब्रांच को तलाश



सोशल मीडिया पर वायरल फोटो।

**भोपाल |** एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए मछली कारोबारी यासीन अहमद की कॉल डिटेल और वाट्सएप चैटिंग नए-नए खुलासे कर रही है। उसी आधार पर क्राइम ब्रांच को शारिक मछली के करीबी मुकेश ठाकुर की तलाश है। उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस भी जारी किया, लेकिन वह थाने हाजिर नहीं हुए। इधर, मुकेश द्वारा 22 एकड़ जमीन का घोटाला भी उजागर हुआ है। जमीन की कीमत 100 करोड़ बताई गई है। सोशल मीडिया पर जानकारी वायरल होने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सोमवार को दस्तावेजों का परीक्षण कराएंगे।

**महिला आईएएस अफसर का जमीन विवाद**

## तीनों पक्षों को दिया नोटिस, अब रिसीवर नियुक्त करने की तैयारी

**भोपाल |** कोलार इलाके के दानिशकुंज में महिला आईएएस अधिकारी मंजूषा राय (शिक्षा विभाग की उप सचिव) ने एक बिल्डर पर उनके घर में जेसीबी से तोड़फोड़ का आरोप लगाया। इसके बाद शनिवार को मामले की शिकायत पुलिस डीजीपी के पास की गई। डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर को मामले की जांच कराने का निर्देश दिया।



मामला बढ़ता देख कोलार पुलिस ने कोलार एसडीएम आदित्य जैन को धारा 145 के तहत प्रॉपर्टी पर रिसीवर नियुक्त करने के लिए पत्र लिखा। साथ ही तीनों पक्षों से बयान दर्ज कराने के लिए कहा। तीनों पक्षों को नोटिस जारी किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आईएएस अधिकारी मंजूषा राय और हितेश भटेजा, जिन्होंने प्रॉपर्टी खरीदी थी, इसके बाद उन्होंने यह प्रॉपर्टी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को बेच दी थी। भटेजा ने भी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि आईएएस उन्हें जान से मरवाना चाहती हैं। पुलिस ने तीनों को नोटिस दिए हैं। सभी का पक्ष सुना जाएगा। एसडीएम को धारा 145 के तहत रिसीवर नियुक्त करने के लिए कहा गया है ताकि विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए
9292 91 9292
पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेबाक

## गुजरात से पंजाब जा रहा केमिकल से भरा टैंकर पलटने से लगी आग

**डेह (नागौर)** | बालाजी धाम के पास एनएच-58 राजमार्ग पर रविवार दोपहर बाद करीब 2.30 बजे केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में आग लग गई, जिससे पास के खेतों में बहा केमिकल जलने लगा और खेत की फसल भी आग की चपेट में आ गई। हादसे में टैंकर चालक बाड़मेर जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र स्थित कगाऊं गांव निवासी जोगाराम पुत्र खेताराम जाट घायल हो गया।

### वाहन चालकों ने कहा- बिना भोजन-पानी 3-4 घंटे जाम में फंसे रहना पड़ रहा है

# अंकलेश्वर के पास NH-48 पर 5 दिनों से रोज जाम, 7 किमी तक वाहनों की कतार

भास्कर न्यूज | अंकलेश्वर

अंकलेश्वर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पिछले पांच दिनों से लगातार जाम की समस्या बनी हुई है, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। 7 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिसके ड्रोन वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें दूर से ही वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। वाहन चालकों ने शिकायत की है कि उन्हें बिना खाए-पीए 3 से 4 घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। इस जाम के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों का काफी समय और ईंधन बर्बाद हो रहा है।

**वाहन चालकों का हाल बेहाल:** वाहन चालकों को घंटों इस जाम में फंसा रहना पड़ता है। कई वाहन चालकों ने बताया कि उन्हें भरूच और अंकलेश्वर के बीच तीन-चार घंटे तक बिना खाए-पीए फंसा रहना पड़ता है। जाम के कारण वे समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते और ईंधन की भी भारी बर्बादी होती है। सरकार टोल टैक्स तो वसूलती है, लेकिन सड़क नहीं बनवाती।

### वाहन चालक बोले- सरकार टोल टैक्स तो वसूलती है, लेकिन सड़क नहीं बनवाती



**अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर 10 किमी लंबा जाम**

28 जुलाई को अहमदाबाद-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। 24 जुलाई को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा वडोदरा के सांसद की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को फटकार लगाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### भीषण ट्रैफिक जाम के दो मुख्य कारण

**जर्जर सड़कें:** मानसून के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 48 की सड़कें जर्जर हो गई हैं। जगह-जगह गड्ढे बन जाने से वाहनों की गति धीमी हो जाती है, जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। अंकलेश्वर में राजपीपला चौकड़ी से वालिया चौकड़ी तक की सड़क पर यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है।

**संकरे पुल:** भरूच और अंकलेश्वर के बीच अमरावती खाड़ी और आमला खाडी पर बने पुल संकरे हैं। इन पुलों पर वाहनों की धीमी गति के कारण ट्रैफिक जाम होता है।

### समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा: हितेश

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेश मोदी ने कहा कि अमलाखाड़ी के संकरे पुल को चौड़ा करने के लिए प्रशासन द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। अंकलेश्वर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में यह समस्या ज्यादा चिंताजनक है। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं और जल्द कार्रवाई की मांग की है। वाहन चालक और स्थानीय लोग चाहते हैं कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकाले, ताकि लोगों को रोज़मर्रा की इस परेशानी से राहत मिल सके।

## मुकंदरा पर सरकार बनवा रही फिल्म, जनवरी में तैयार होगी

**कोटा** | मुकंदरा टाइगर रिजर्व की सुंदरता को दुनियाभर के लोग देख सकेंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन प्रोफेशनल वाइल्ड लाइफर के निर्देशन में यहां फिल्म बनवा रहा है। इन दिनों मुकंदरा के अलग-अलग हिस्से में शूटिंग चल रही है। डीएफओ मुथु एस का कहना है कि फिल्म जनवरी तक पूरी बन जाएगी। इसे फिल्म फेस्टिवल में दिखाने का विचार है। इसके लिए सरकार से बजट मिला है। अभी पर्यटन के लिए रूट खोला नहीं है, ऐसे में यह फिल्म नयापन देगी। सीसीएफ सुगनाराम जाट के अनुसार अभी 5 टाइगर हैं, और अक्टूबर में 3 और लाने की मंजूरी मिली हुई है। तब यहां अलग-अलग रूट खोले जाएंगे।

**रिजर्व में ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थल : एएच जैदी, नेचर प्रमोटर** - मुकंदरा टाइगर रिजर्व प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से आकर्षक हो सकता है। रांवठा महल, अबली महल, शिकारगाह, भीमचोरी, किशोर सागर, गागरोन, अमजार पैलेस आदि प्राचीन ऐतिहासिक स्थान हैं। गराड़िया, गैपरनाथ और सेल्जर में सुंदर झरने, जवाहर सागर व कोटा डैम हैं। महादेव, विष्णु और गणेश के मंदिर हैं।

## सालासर बालाजी मंदिर का 271वां स्थापना दिवस, दो दिन में पहुंचे एक लाख श्रद्धालु

**सालासर (चूरू)** | सिद्धपीठ सालासर बालाजी मंदिर का 271वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। इस दिन कलपदरुम, वसुमति, राज व केंद्र त्रिकोण राजयोग का भी संयोग रहा। शनिवार और रविवार को देशभर के करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में शीश झुकाया।



मंदिर समिति के अनुसार रविवार को स्थापना दिवस पर सुबह से शाम तक करीब 60 हजार श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन किए। शनिवार को 40 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। स्थापना दिवस पर बालाजी को ब्रह्मपुरी भोग का भोग लगाया गया।

### भरतपुर : मदनपुर की घटना, जर्जर हो चुके भवन के लिए कई बार प्रशासन को चेता चुके

# स्कूल की छत गिरी, इस भवन में संचालित है आंगनबाड़ी केंद्र, छुट्टी होने से टला हादसा

भास्कर न्यूज | बयाना (भरतपुर)

मदनपुर गांव में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। गांव के सरकारी प्राइमरी स्कूल के एक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। इस भवन में फिलहाल आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। गनीमत रही कि रविवार को अवकाश था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।



ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जर्जर हो चुके इस स्कूल भवन की मरम्मत या ध्वस्तीकरण के लिए कई बार अफसरों को अवगत कराया गया, लेकिन हर बार अनदेखी की गई। स्कूल को कुछ समय पहले हाई स्कूल में मर्ज कर दिया गया, मगर भवन को खाली नहीं किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र अब भी यहीं चल रहा है, जिससे बच्चों की जान पर खतरा बना हुआ है। जिस कमरे की छत गिरी, वैसी ही हालत अन्य हिस्सों की भी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

## दहेगाम में दूसरी मंजिल से सिर के बल गिरी युवती, इलाज के दौरान मौत

**गांधीनगर** | दहेगाम में एक दुखद घटना घटी है। एक युवती दूसरी मंजिल से सिर के बल गिर गई। गंभीर चोटों के कारण उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान 26 वर्षीय ज्योती की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। लवार के चकला महालक्ष्मी डेयरी निवासी 26 वर्षीय ज्योतिबेन नरेंद्रभाई गोयल अपने घर पर कपड़े धोने के बाद दूसरी मंजिल पर सुखाने गई थीं। उस समय परिवार के अन्य सदस्य घर की निचली मंजिल पर थे। ज्योतिबेन दूसरी मंजिल पर कपड़े सुखाने वाली रस्सी पकड़कर कपड़े डाल रही थीं। इसी दौरान कपड़े सुखाने वाली रस्सी अचानक टूट गई। जिससे ज्योतिबेन का संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल नीचे गिर गईं। गिरने की आवाज सुनकर परिवार और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे।

## जोधपुर: दैनिक भास्कर मिर्चीबड़ा महोत्सव, 4 घंटे में 43 हजार मिर्चीबड़े खाकर शहरवासियों ने बनाया रिकॉर्ड





**जोधपुर** | दैनिक भास्कर जोधपुर के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को मिर्ची बड़ा महोत्सव से उत्सव की शुरुआत की गई। इसमें अरोड़ा खत्री नमकीन एंड स्वीट्स एसोसिएशन के सहयोग से 4 घंटे में 43 हजार जोधपुरवासियों ने मिर्चीबड़ा खाते हुए रिकॉर्ड बनाया। सुबह 6:30 बजे से ही लोगों ने मिर्चीबड़ा खाने के लिए लाइनें लगने की शुरुआत हुई। इस बार का आकर्षण 11 किलो का मिर्चीबड़ा रहा, जिसके साथ हर कोई अपनी फोटो ले रहा था।

## कोटा : नीट में पास करवाने का झांसा देकर स्टूडेंट से 8.50 लाख रुपए ठगे

**कोटा** | कोचिंग छात्र को मेडिकल भर्ती परीक्षा 'नीट यूजी : 2025' पास करवाने का झांसा देकर 8.50 लाख रुपए ठग लेने का केस जवाहरनगर थाने में दर्ज हुआ है। इसमें दो आरोपी नामजद हैं, जो उसके साथी हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मादापुर रायती निवासी अंजेशकुमार ने रिपोर्ट में बताया कि उक्त राशि पिता ने मेरी बहन की शादी के लिए मेरे बैंक अकाउंट में जमा करवा रखी थी। कोटा में उसकी दो लड़कों से पहचान हुई। पढ़ाई के दौरान मुझे परेशान देख दोनों ने 'नीट' में अच्छे नंबर दिला देने की बोला। इसके लिए 13 लाख रुपए मांगे और कहा कि ओएमआर शीट खाली छोड़ देना। मेरे खाते में 8.50 लाख रुपए थे, जो उन्हें दे दिए। अंजेश का आरोप है कि 2 लाख यूपीआई के जरिए आरोपी के रिश्तेदार को दिए, जबकि 4.50 लाख रुपए नकद दिए थे। इसके आरोपि को 2 लाख की विभिन्न प्रकार की खरीदारी करवाई।

### झालावाड़ • आदिवासी दिवस कार्यक्रम में भील समाज के ही एक गुट का हंगामा

# सांसद रोत के बयान पर बवाल; चप्पल फेंकने का प्रयास, पुलिस पर पथराव, भीड़ पर लाठियां भांजी

**झालावाड़** | विश्व आदिवासी दिवस पर खंडिया स्थित भीलेश्वर महादेव परिसर में चल रहे कार्यक्रम में बांसवाड़ा से बीएपी सांसद राजकुमार रोत पर हमला और चप्पल फेंकने का प्रयास हुआ। हंगामा करने वाले भील समाज के ही कुछ लोग थे। वे सांसद रोत की ओर से आरक्षण पर पहले दिए बयान को लेकर विरोध जता रहे थे। इधर, सांसद रोत ने कहा-भाजपा ने सुनियोजित तरीके से हंगामा करवाया है। वहीं, कार्यक्रम के दौरान पिपलोदी स्कूल हादसे में मृतक के परिजनों को 1-1 करोड़ मुआवजा देने व अन्य मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

**रोत बोले-भाजपा ने हंगामा करवाया**



### रोत तक जाने से रोका तो लोग पुलिस से भिड़े

अरविंद भील के नेतृत्व जिला परिषद के बाहर कुछ लोग एकत्रित हुए और भगवा झंडों के साथ प्रदर्शन करने खंडिया पहुंचे। यहां मंच पर बैठे सांसद रोत के पास पहुंचने और उन पर चप्पल फेंकने का प्रयास किया, तभी पुलिस ने उन्हें खदेड़ना शुरू कर दिया।

## सरिस्का टाइगर रिजर्व; जब ST-19 की लेंस से मिली नजरें

**अलवर** | सरिस्का टाइगर रिजर्व में क्लिक की गई इस तस्वीर के लिए जयपुर जिले के सांभर कस्बे के गौरव दाधीच को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता 'कैप्चर द वाइल्डलाइफ एट सरिस्का' की सरिस्का के बाघ थीम में प्रथम पुरस्कार मिला। फोटो में दिख रही बाघिन एसटी-19 पीछे मुड़कर कैमरे से सीधी नजर मिलाती है, मानो जंगल में अपनी कहानी खुद कह रही हो। उसकी सतर्क चाल, तीखी आंखें और प्राकृतिक परिवेश इस तस्वीर को एक जीवंत दृश्य में बदल देते हैं। इसी तकनीकी उत्कृष्टता, क्षण की संवेदनशीलता और भावनात्मक अपील के आधार पर इस फोटो को सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि घोषित किया।



गौरव दाधीच

## ऊर्जा सचिव के बड़े भाई एसई अविनाश की बाइक हाईवे पर सांड से टकराई, मौत





**जयपुर** | दौलतपुरा टोल से एक किमी की दूरी पर दिल्ली रोड से अजमेर रोड की ओर जाने वाली लेन में रविवार दोपहर 12:15 बजे बाइक सवार पीडब्ल्यूडी के एसई अविनाश शर्मा (57) की दुर्घटना में मौत हो गई। वे दिल्ली की ओर से हार्ले डेविडसन बाइक पर अकेले ही अपने घर बापू नगर लौट रहे थे। हाईवे पर उनकी बाइक सांड से टकरा गई, जिसमें वे उछलकर 30 फीट दूर जा गिरे। सांड से टकराने के बाद उनकी बाइक हाईवे की स्लिप लेन में करीब 30 मीटर दूर जाकर गिरी। एसई अविनाश शर्मा (सिटी सर्किल) जयपुर में कार्यरत थे और ऊर्जा सचिव (आईएएस) अजिताभ शर्मा के बड़े भाई थे। उनका नवंबर में एडिशनल चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन होना था।

**निगेटिव न्यूज**
सिर्फ वही नकारात्मक खबर, जो आपको जानना जरूरी है...

थानाधिकारी दौलतपुरा नंदलाल नेहरा ने बताया कि किसी ने थाने में हादसे की सूचना दी। टोल प्लाजा की एंबुलेंस से कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। तब वे अचेत अवस्था में थे। हादसे के करीब 20 मिनट बाद उनके मोबाइल पर उनके दोस्त का कॉल आया तो उनकी पहचान हो सकी। हालत गंभीर होने पर एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## वडोदरा: टेस्टिंग के दौरान मजदूर का सिर लिफ्ट में फंसा, मौके पर मौत

### लिफ्ट और एंगल के बीच फंसा मजदूर का सिर

भास्कर न्यूज | वडोदरा

शहर में एक युवक की लिफ्ट में सिर फंस जाने से मौत हो गई है। यह घटना वीआईपी रोड विस्तार में स्थित वृंदावन पार्क सोसाइटी में हुई। जहां टाइल्स लगाने का काम करने वाले कारीगर की मौत हुई। इस मामले में हरणी पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान संजय रणछोड़भाई प्रजापति (उम्र 37, निवासी अंबिकानगर, उमियानगर, चाणक्यपुरी, न्यू समा रोड) के रूप में हुई है। संजय वृंदावन पार्क सोसाइटी में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। घटना के समय वह लिफ्ट का टेस्टिंग करने ऊपर जा रहा था। इसी दौरान उसका सिर लिफ्ट के एंगल में फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसकी चीखें सुनकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वडोदरा अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी गई और दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची। इसके अलावा हरणी पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची। अग्निशमन विभाग की टीम ने युवक को लिफ्ट से बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया, लेकिन दुर्भाग्य से संजय की मौके पर ही मौत हो गई।

## भरूच: मुख्यमंत्री आज जंबूसर के कावी-कंबोई पहुंचेंगे, तैयारियां तेज

**भरूच** | राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल श्रावण मास के दूसरे सोमवार यानी 4 अगस्त को जंबूसर तालुका के कावी-कंबोई पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तंत्र द्वारा जोरों पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री राज्य भर में प्रसिद्ध स्तंभेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। जंबूसर और आमोद विधायक डीके स्वामी और पूर्व आपूर्ति मंत्री छत्रसिंह मोरी ने बताया कि मुख्यमंत्री कावी-कंबोई में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को ध्यान में रखते हुए भरूच जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। कावी-कंबोई के शिव मंदिर और आसपास के क्षेत्र में सफाई का काम तेजी से चल रहा है।

## मुंबई में कबूतरों को दाना डालने पर एफआईआर दर्ज



**मुंबई** | सार्वजनिक रूप से कबूतरों को दाना डालने पर मुंबई पुलिस ने पहला केस दर्ज किया है। ऐसा करना बीएनएस के तहत दंडनीय अपराध है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने दाना डालने पर लगी पाबंदी का उल्लंघन करने वालों पर आपराधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है। करीब 100 साल पुराने इस हेरिटेज स्थल को टारपोलिन से ढंक दिया गया है। यह कदम खाने से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के चलते उठाया है।

**मंडे पॉजिटिव** | बाड़मेर : आदर्श ढूंढा गांव की महिलाओं का नवाचार, इससे मिला रोजगार का एक स्थायी विकल्प

# देसी खाने को बढ़ावा देने को महिलाओं का समूह बना रहा बाजरे के बिस्किट

**लाखाराम जाखड़ . बाड़मेर** | नवाचार को लेकर बाड़मेर की हमेशा पहचान रही है। रेतीले धोरों में अनार, खजूर और अंजीर जैसी बागवानी खेती को जहां किसानों ने सफल बनाकर साबित कर दिखाया, वहीं अब महिलाएं भी पश्चिमी राजस्थान के मोटे अनाज बाजरा से बिस्किट बनाने को लेकर नवाचार कर रही है। जून 2024 से बाड़मेर के आदर्श ढूंढा की 10 महिलाएं जीजी बाई सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर बाजरे से नवाचार की दिशा में काम कर रही है। इन महिलाओं का उद्देश्य है आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना और गांव के स्तर पर बदलाव लाना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलेट्स ईयर की घोषणा की थी, जिसके बाद मोटे अनाज के भाव बढ़े है। पश्चिमी राजस्थान में सदियों से बाजरा की खेती होती रही है। ऐसे में अब मोटे अनाज के रूप में बाजरे से कई तरह के देश-विदेश में भी प्रोड्क्ट बनने लगे है। इससे बाजरे के भाव में भी बढ़ोतरी हुई है। जिस बाजरे को गरीबों का अनाज समझा जाता था, अब वो अनाज वीआईपी लोगों की प्लेट में भी शामिल हो रहा है। बाड़मेर में महिलाओं का समूह ने बाजरे के बिस्किट बनाने की शुरूआत की है और



कई तरह के प्रोडक्ट बनाएंगी। बाड़मेर में कई किसान ऐसे भी है जो शुद्ध ऑर्गेनिक बाजरा बोते है। इसमें किसी भी तरह के पेस्टिसाइड, रासायनिक खाद की मिलावट नहीं है। यह पूरी तरह शुद्ध बाजरी है। इससे बनने वाले प्रोडक्ट काफी स्वादिष्ट होते है।

### खेत में बाजरा उगाती हैं, उसी से बिस्किट बना रहीं

महिलाओं का कहना है कि वे अपने खेत में बाजरा उगाती है, उसी से अब नवाचार की दिशा में बिस्किट भी बना रही है। इसी वजह से महिलाओं ने बाजरे को ही चुना और मिलेट बेस्ड कुकीज बनानी शुरू की। इस कुकीज में जीरा, अजवाइन और ड्राय फ्रूट्स जैसे स्वाद भी शामिल है। इस पहल से ना केवल देसी खाने को बढ़ावा मिला, बल्कि महिलाओं के लिए एक स्थायी रोज़गार का साधन भी तैयार हुआ है। इस समूह को केयर्न सीएसआर फंड से मदद की जा रही है। इन महिलाओं को बेकिंग, पैकेजिंग, फाइनेंशियल लिटरेसी, प्रोडक्ट डेवलपमेंट और रिकॉर्ड रखने जैसी जरूरी ट्रेनिंग दी गई। साथ ही ओवन, रेफ्रिजरेटर और मिक्सर जैसे जरूरी उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए। इससे प्रोडक्शन यूनिट शुरू की है। लगातार ट्रेनिंग और मेंटरिंग के ज़रिए उन्होंने अपनी तकनीक सुधारी और धीरे-धीरे लोकल और रीजनल मार्केट में जगह बनाना शुरू की है। अब जीजी बाई सेल्फ हेल्प ग्रुप सिर्फ एक बिजनेस नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण की पहचान बन चुका है। कलेक्टर टीना डाबी ने मरु उड़ान अभियान में भी इन महिलाओं को जोड़ा है। ये महिलाएं जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल, जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल जैसे बड़े मंचों पर बाजरे के प्रोडक्ट को पहचान दिला चुकी है। अब तक यह समूह 2.5 से 3 लाख की कमाई सिर्फ एग्जिबिशन और इवेंट्स में भाग लेकर कर रहा है। अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं को शामिल करने की योजना है।

## अजमेर : दौराई-गोड्डा वीकली ट्रेन शुरू, देवघर-गया श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

### केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

**अजमेर** | रेल प्रशासन ने रविवार से दौराई-गोड्डा के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन शुरू कर दी। इस ट्रेन के शुरू होने पर गया और देवघर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिल सकेगी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने दौराई स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि यह ट्रेन आस्था, रोजगार, व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और चिकित्सा के लिए यात्रा करने वाले लोगों के लिए किफायती और सुगम रेल सुविधा साबित होगी।

यह ट्रेन दौराई से प्रत्येक रविवार अपराह्न बाद साढ़े तीन बजे रवाना होकर अगले दिन सोमवार को रात 10.20 बजे गोड्डा (झारखंड) पहुंचेगी। गोड्डा-दौराई वीकली ट्रेन 5 अगस्त से गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 5 बजे रवाना होकर बुधवार शाम 5.20 बजे दौराई पहुंचेगी। यह ट्रेन अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, चुनार, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, हंसडीहा व पोडैयाहाट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन में 2 सैकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी इकोनॉमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पावरकार, 1 गार्ड व 1 पेंट्रीकार सहित कुल 22 कोच हैं।



किसी और से बेहतर बनने के बजाय अपने ही पुराने स्वरूप से बेहतर बनकर दिखाएं।

-अर्नेस्ट हेमिंग्वे, लेखक

# अपने भीतर एक नई मानसिकता विकसित करें

**जीवन-सूत्र**



**स्वामी मुकुंदानंद**
आध्यात्मिक गुरु और लेखक

**भगवद्** गीता का शाश्वत ज्ञान एक व्यावहारिक समाधान एवं सर्वोच्च विधि प्रस्तुत करता है, जो प्रत्येक मनुष्य के श्रेष्ठ गुणों को जाग्रत करने में सक्षम है- कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। अर्थात्, तुम्हें अपने निश्चित कर्मों का पालन करने का अधिकार है, परंतु उनके फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। और सरल शब्दों में अगर कहें तो अपने प्रत्येक कार्य में, परिणामों की चिंता किए बिना, अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास ही करें।

यह गूढ़ सत्य हमें बोध कराता है कि हमें अपनी ऊर्जा को निष्ठापूर्ण प्रयासों पर केंद्रित करना चाहिए, फल की लालसा पर नहीं। यह हमें स्वयं को निरंतर सिद्ध करने या फल प्राप्ति की चिंता में उलझे रहने के दबाव से मुक्त करता है, जिससे हम अपने कार्य में पूर्ण एकाग्रता ला सकते हैं।

ऐसा दृष्टिकोण हमें विफलताओं को स्वीकार करने और उनसे सीखने का साहस देता है, जिससे हमारी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इससे हमारे भीतर एक दृढ़ता विकसित होती है, जो हमें हर परिस्थिति में स्थिर बनाए रखती है। यही है विकासशील मानसिकता की असली पहचान। जैसा किसी ने बुद्धिमत्ता से कहा है- यदि तुम लड़खड़ाते हो, तो यह बेहतर चलने की दिशा में एक कदम है।

विकासशील मानसिकता की नींव विनम्रता पर टिकी है, जो जीवन में सफलता के लिए एक आधारभूत गुण है। विनम्र व्यक्ति यह स्वीकार करते हैं कि वे सर्वज्ञाता नहीं हैं। इसी बोध के साथ वे निरंतर सीखने के लिए प्रयासरत रहते हैं, सुझावों को सहजता से ग्रहण करते हैं और अपनी त्रुटियों को स्वीकारने में संकोच नहीं करते। वे जहां एक ओर अपनी योग्यताओं को निरंतर परिष्कृत करने में लगे रहते हैं, वहीं एक उल्लेखनीय चरित्र का भी निर्माण करते हैं।



विफलताओं को स्वीकारने और उनसे सीखने के साहस से हमारे भीतर एक दृढ़ता विकसित होती है, जो हमें हर परिस्थिति में स्थिर बनाए रखती है।

विनम्रता हमें जीवन की अनेक कृपाओं को पहचानने और सराहने की शक्ति भी देती है। भले ही संसाधन सीमित हों, यह उदात्त गुण सकारात्मक दृष्टिकोण को बनाए रखता है। जब हम सचेत रूप से विनम्रता को अपनाते हैं, तो हमारे स्वभाव में अंतर्निहित अहं की भावना धीरे-धीरे विलीन होने लगती है। परिणामस्वरूप, हमारे भीतर एक ऐसी नई मानसिकता विकसित होती है, जो हर परिस्थिति में परमात्मा की कृपा को अनुभव करती है- चाहे वह कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हो या असफलता ही क्यों न हो।

अतएव, वास्तविक महानता प्रशंसा की अपेक्षा नहीं रखती। वह मौन रहकर उन्नति करती है।

हितोपदेश के शब्दों में : विद्या ददाति विनयम्। यानी वास्तविक ज्ञान विनयशीलता प्रदान करता है।

स्वामी विवेकानंद जैसे आध्यात्मिक आदर्श इस सिद्धांत के जीवंत स्वरूप थे। अपार ख्याति और सफलता के पश्चात भी वे सदा सेवा व उच्च उद्देश्य के मार्ग पर अडिग रहे। उनका उत्साह किसी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि मानवता को जाग्रत करने, उसकी सेवा करने और उत्थान करने के उच्चतर आह्वान से प्रेरित था।

आइए हम भी ऐसे व्यक्तित्वों से न केवल प्रेरणा लें, बल्कि उनके आदर्शों और मूल्यों को भी अपनाएं। मनोनिग्रह, अथक प्रयास, विनम्रता और चरित्र की दृढ़ता से हम सभी अपने भीतर छुपे चैम्पियन को जगाकर स्थायी सफलता की ऊंचाइयां छू सकते हैं। ▪ 2 मिनट रीड

**खुशी की गाइड**

## जीवन में भावनाओं का महत्व कम नहीं

**रिसर्च,** 'अमेरिकन साइंटिस्ट', यूएस

**भावनात्मक** बुद्धिमत्ता (इमोशनल कोशेंट या ईक्यू) का विचार निरंतर महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यह हमें बताता है कि भावनाओं पर ध्यान देना हमारे दैनिक जीवन में कैसे मददगार साबित हो सकता है। अगर हम अपनी भावनाओं का अच्छे से प्रबंधन करें तो हम कह सकते हैं कि भावुक होना अच्छा है।

- भावनात्मक बुद्धिमत्ता को मापना आसान नहीं रहा है। इसके बावजूद, मानसिक क्षमताओं के एक समूह के रूप में इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे हम जीवन में भावनाओं की भूमिका को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।
- प्राचीन यूनान के स्टोइक्स मानते थे कि भावनाएं इतनी तीव्र और अप्रत्याशित होती हैं कि वे तर्कसंगत विचार के लिए बहुत उपयोगी नहीं होतीं। भावनाओं को तर्कहीन मानने वाला यह दृष्टिकोण 20वीं सदी तक कायम रहा। बहरहाल, 20वीं सदी में आधुनिक मनोविज्ञान के तेजी से विकास के दौरान कई धारणाएं उलट गई हैं और भावनाओं और विचारों के बारे में सोचने के नए तरीके सामने आए हैं।
- भावनाओं पर नियंत्रण भले ही सामाजिक संबंधों के लिए महत्वपूर्ण हो, लेकिन भावनाएं जीवन के अन्य पहलुओं में अहम योगदान देती हैं। इनका संबंधों हमारी रचनात्मकता से भी है। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और समाज में अपने व्यवहार से अपना एक मुकाम बनाने में भी ईक्यू बहुत कारगर साबित होती है। ▪ 1 मिनट रीड

**सकारात्मक संकल्प**

## कुछ हटकर करें...

**ये** सच है कि जीवन में एक अच्छी योजना बनाकर चलने से हमें सफलता मिलती है, लेकिन कभी-कभी बिना प्लान किए कुछ करने का भी अपना महत्व है। यह आपको नई ऊर्जा से भर सकता है और रचनात्मक बना सकता है। वास्तव में, बहुत फोकस्ड रहने और किसी एक चीज पर पूरा ध्यान केंद्रित कर देने से हम उस सृष्टि से अछूते रह जाते हैं, जिसमें हमारे लिए जाने कितने विकल्प उपलब्ध हो सकते थे। कभी बिना किसी प्री-प्लानिंग के अपने शहर की यात्रा पर निकल जाइए, या कभी अनप्लान्ड तरीके से कुछ पढ़ लीजिए, किसी से बातें कर लीजिए, किसी से मिल आइए। यकीन मानिए, आपको सच्ची खुशी मिलेगी।

***सकारात्मक संकल्प लें कि अनुशासन से भरे जीवन में अप्रत्याशित के लिए भी गुंजाइश रखेंगे।*** ▪ 1 मिनट रीड

**संघर्ष की कहानी** **रानी मुखर्जी,** बॉलीवुड अभिनेत्री

## कभी आवाज और लुक पर उठा था सवाल अब बनीं नेशनल अवॉर्ड विजेता एक्ट्रेस

**बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी (47) अपने दमदार अभिनय और शक्तिशाली महिला किरदारों को चित्रित करने के लिए जानी जाती हैं। फिलहाल रानी चर्चा में हैं क्योंकि उन्हें फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है। जानते हैं रानी मुखर्जी की संघर्ष से सफलता की कहानी...**

**रानी** मुखर्जी ने खुद कहा था कि वे एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती। उन्होंने अपनी मां के कहने पर एक्टिंग को चुना। साल 2014 में रानी मुखर्जी ने 'मर्दानी' फिल्म की रिलीज के बाद कहा था कि वे अब ऐसे किरदार ही निभाना चाहेंगी, जो समाज में बदलाव लाएं। आज, रानी 'हिचकी', 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' जैसी महिला-प्रधान फिल्मों की पहचान बन चुकी हैं।

### संघर्ष : हकलाने की दिक्कत, हाइट पर करते थे टिप्पणी

रानी मुखर्जी का जन्म एक फिल्मी परिवार में जरूर हुआ, लेकिन बॉलीवुड में उनका सफर आसान नहीं था। शुरू से ही लोग उनकी भारी आवाज, गेहुंआ रंगत और कम हाइट (5 फीट 3 इंच) को लेकर टिप्पणियां करते थे। स्कूल के दिनों में उन्हें हकलाने की भी समस्या थी, जिससे आत्मविश्वास कम हो गया था। जब उन्होंने एक्टिंग में करियर शुरू किया, तब एक डायरेक्टर ने साफ कहा



कि 'इस आवाज के साथ तुम हीरोइन नहीं बन सकतीं। इसके चलते कई बार उनकी आवाज डब कराई गई। 'इंडस्ट्री के लोगों ने कहा कि उनकी शक्ल 'ग्लैमरस' नहीं है और कैमरे पर वे फीकी लगती हैं। लोग उन्हें लगातार यह जताते रहे कि वे लीड एक्ट्रेस बनने लायक नहीं हैं।

### सफलता : 8 फिल्मफेयर जीते 200 करोड़ रुपए की नेटवर्थ

साल 1998 में 'कुछ कुछ होता है' में टीना का किरदार निभाकर रानी को पहली बड़ी पहचान मिली थी। उन्होंने अपनी आवाज खुद डब की और फिल्म में जान डाल दी थी। इसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। रानी मुखर्जी अब तक 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वे एक ही साल में बेस्ट एक्ट्रेस और सपोर्टिंग एक्ट्रेस का खिताब पाने वाली पहली एक्ट्रेस बनी थीं। 2018 में आई फिल्म 'हिचकी' में टॉरेट सिंड्रोम से जूझती टीचर का रोल निभाकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तारीफ बटोरी। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी नेटवर्थ करीब 200 करोड़ रुपए है। वे एक फिल्म के लिए करीब 7 करोड़ रुपए लेती हैं और कई ब्रांड्स की एंबेसडर भी रही हैं। ▪ 1 मिनट रीड

**असाधारण रिकॉर्ड** **रॉस एजली,** एथलीट

## 157 दिन तैरकर लगाया ब्रिटेन का चक्कर

**ब्रिटेन** के तैराक रॉस एजली ने 2018 में समंदर के किनारे-किनारे पूरे ब्रिटेन का चक्कर तैरकर पूरा किया। उन्होंने लगातार 157 दिन समुद्र में बिताए। इस दौरान उन्होंने लगभग 2800 किलोमीटर की दूरी तय की थी, वो भी बिना एक भी दिन किनारे लौटे। रॉस हर दिन छह-छह घंटे की दो शिफ्ट में तैरते थे और बाकी समय अपनी नाव पर आराम करने में बिताते थे। तेज लहरें, ठंडा पानी, थकावट और मौसम की मार इन सबका सामना करते हुए रॉस एजली ने यह अभियान पूरा किया। इस दौरान नमक के लगातार संपर्क में रहने से उनकी जीभ तक छिल गई थी, शरीर पर घाव हो गए थे और बाल तक झड़ने लगे थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इस अद्भुत अभियान को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने भी मान्यता दी। उनके अभियान के 74वें दिन उनके नाम सबसे लंबी समुद्री तैराकी का रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ। ▪ 1 मिनट रीड



**सीख :** रॉस कहते हैं, 'सिर्फ शरीर नहीं, दिमाग और दिल भी मजबूत होना चाहिए। जब हालात मुश्किल हो जाएं, तो वही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं।

**सबक वाला पाठ**

## निन्यानवे का फेर

**एक** राजा अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली के बावजूद न तो खुश था और न ही संतुष्ट। वहीं उसका नौकर हमेशा बहुत प्रसन्न रहता था। राजा ने इसका कारण पूछा तो उसने कहा, क्योंकि मैं निन्यानवे के फेर में नहीं पड़ता। राजा के यह पूछने पर कि यह क्या होता है, नौकर ने कहा इसे जानने के लिए आप एक थैली में सोने के 99 सिक्के डालकर किसी के दरवाजे पर रख दीजिए। राजा ने ऐसा ही करने का आदेश दिया। जिसके दरवाजे पर वह थैला रखा गया था, वह 99 सिक्के पाकर खुश तो हुआ, लेकिन 100वां सिक्का कमाने के फेर में पहले से भी ज्यादा मेहनत करने लगा और इस कारण पहले से ज्यादा दुःखी और असंतुष्ट रहने लगा। नौकर ने राजा से कहा- महाराज, यही 99 का फेर है।

**मोरल ऑफ द स्टोरी :** हम बहुत कम से भी खुश रह सकते हैं, लेकिन जैसे ही हमें कुछ मिलता है, हम और चाहने लगते हैं! इससे बचें। ▪ 1 मिनट रीड

# सीनियर सिटीजन

**आपकी योजना**

## ई-संजीवनी: घर से ही डॉक्टर से मुफ्त परामर्श ले सकते हैं




**आयुष्मान** भारत के तहत आप घर से ही डॉक्टर से निशुल्क परामर्श ले सकते हैं। अपने इलाज के बारे जानकारी ले सकते हैं। इसके लिए ई-संजीवनी योजना है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का ई-संजीवनी एक ओपीडी पोर्टल है, जहां ऑनलाइन सेवाएं मुफ्त में हासिल कर सकते हैं। यहां रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बाद मोबाइल या आईपैड-लैपटॉप के जरिए वीडियो कॉल पर डॉक्टर से बात कर सकते हैं। खासकर बुजुर्गों के लिए यह सुविधा बहुत ही फायदेमंद है क्योंकि क्लीनिक या हॉस्पिटल तक जाने की परेशानी नहीं उठानी पड़ती है। इससे उनके ट्रेवल खर्च और समय की बचत तो होती ही है। साथ ही अस्पताल के इंफेक्शन से भी सुरक्षित रहते हैं।

### ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

सबसे पहले वेबसाइट esanjeevaniopd.in पर जाएं या गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर से eSanjeevani एप डाउनलोड करें। इसके बाद Patient Registration पर क्लिक करें। अपना मोबाइल नंबर डालें और भेजे गए ओटीपी से अपने रजिस्ट्रेशन को वेरिफाई करें।




### पुराना पर्चा अपलोड कर सकते हैं, जिससे डॉक्टर आपके स्वास्थ्य के बारे में जान सकें

यदि आपके पास पहले से कोई स्वास्थ्य रिकॉर्ड है, तो उसे भी इस पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं, ताकि डॉक्टर को आपके स्वास्थ्य के बारे में अधिक जानकारी मिल सके। रजिस्ट्रेशन के बाद यहां राज्य का विकल्प दिखाई देगा। इसमें आप जिस राज्य में रह रहे हैं, उसका चयन करें। इसके बाद अपना नाम, जन्म तारीख, जेंडर और पते के साथ जो भी विवरण मांगा जाए वह भरें। आपको एसएमएस से एक पेसेंट आईडी मिलेगी। डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेने के लिए चुने गए क्लीनिक का नाम भी दर्ज करना होगा। यदि पहले और भी कोई अपॉइंटमेंट हैं तो आपको एक सीरियल नंबर मिलेगा। यदि वेटिंग में कोई नहीं है, तो फिर आप तत्काल स्वास्थ्य परामर्श ले पाएंगे। वीडियो कॉल पर स्वास्थ्य समस्या बता पाएंगे।

**आर्थिक साथी** **म्यूचुअल फंड में कहां और कैसे निवेश करें?** एक्सपर्ट से समझिए

## जानिए उन म्यूचुअल फंड के बारे में... जो बुढ़ापे में हर माह पैसा व मुसीबत में एकमुश्त फंड भी दे सकते हैं

**डॉ. चंद्रप्रकाश हेड़ा**
पूर्व प्रेसिडेंट, इंश्योरेंस & इनवेस्टमेंट एडवाइजर एसोसिएशन



**वरिष्ठ** नागरिकों के लिए निश्चित आय वाली सरकारी व निजी स्कीम सुरक्षित निवेश माना जाता है। इनमें नियमित खर्चों के लिए एक निश्चित आय होती रहती है, लेकिन आज जिस रफ्तार से महंगाई बढ़ रही है उसमें यह निश्चित आय कम पड़ जाती है। ऐसे में अधिक रिटर्न के लिए अपनी बचत में से 11 से 12% राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए डेट, बैलेंस्ड व लिक्विड म्यूचुअल फंड अच्छे माने जाते हैं।

### अपनी बचत में से 11-12% राशि इन तीन तरह के म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं



**निवेश कैसे करें?:** सीनियर सिटीजन सबसे अच्छे म्यूचुअल फंड्स में निवेश के लिए एक पंजीकृत वित्तीय सलाहकार या ब्रोकर के साथ खाता खोलें। स्थिरता और नियमित आय पर केंद्रित फंडों की जांच करें।

*म्यूचुअल फंड बाजार जोखिम के अधीन हैं।

1. **लिक्विड फंड:** कम से कम समय के लिए निवेश इसकी खासियत है। इसमें एक से लेकर 91 दिन तक लिए निवेश किया जा सकता है। मुसीबत में पैसों की जरूरत पड़ जाए तो निकासी आसान है। अल्प अवधि के कारण जोखिम कम है।
2. **डेट म्यूचुअल फंड:** इसे सुरक्षित व कम जोखिम वाला फंड माना जाता है। इसमें पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए कम से कम 3 वर्षों के लिए निवेश करना बेहतर होता है। औसत रिटर्न 8 से 10% तक मिल सकता है।
3. **बैलेंस्ड या हाईब्रिड फंड** म्यूचुअल फंड का रिटर्न आम तौर पर पारंपरिक फिक्स्ड-इनकम विकल्पों की तुलना में ज्यादा होता है। खासकर बैलेंस्ड फंड में निवेश करने पर रिटर्न ठीक मिलता है। रिटायर लोगों के लिए यह अच्छा है।

### सेविंग और एफडी जैसी सुरक्षित स्कीम की तुलना में इन फंड में आपको 1 से 2 फीसदी तक ज्यादा रिटर्न मिल सकता है

1. यदि आप पैसा सेविंग अकाउंट में डालते हैं तो इसे लिक्विट फंड में निवेश कर सकते हैं, क्योंकि यहां सेविंग की तुलना में 1-2 % तक ज्यादा रिटर्न मिलेगा। साथ ही लिक्विंड फंड में सेविंग अकाउंट की तरह ही जब चाहें तब पैसे निकाल सकते हैं।
2. यदि सिर्फ एफडी में पैसा रखते हैं तो कुछ राशि डेट फंड में डालिए। यहां 1 से 2% तक ज्यादा रिटर्न मिलेगा। इसमें यदि आप निवेश के बाद सालभर बाद सवा लाख रुपए तक की आय निकालते हैं तो उस पर किसी भी तरह का टैक्स नहीं लगेगा।
3. यदि निवेश पर मासिक आय के साथ ज्यादा ब्याज चाहते हैं तो एकमुश्त राशि बैलेंस्ड या लार्ज कैंप फंड में डालें। इसके लिए सिस्टोमेटिक विड्रॉल प्लान (SWP) लेना होगा। यहां भी 1 साल बाद सवा लाख तक की सालाना आय पर टैक्स नहीं लगेगा।

**आपके अनुभव**

## लिखने की आदत के साथ 91 की उम्र में आनंद से जी रहा हूं

1991 में रेलवे से रिटायर हुआ। नौकरी के दौरान भी लिखने-पढ़ने की आदत थी, वह आज भी जारी है। जॉब में रहते हुए ही ओशो का शिष्य बन गया था। फरवरी 1967 में उनसे मिला था। 91 वर्ष मेरी उम्र हो चुकी है, लेकिन यह उम्र भी मेरी लिखने-पढ़ने की मस्ती को कम नहीं कर सकी। अब तक ओशो पर मेरी हिंदी और अंग्रेजी में 28 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। ओशो पर मासिक पत्रिका में 7 साल से लगातार लिख रहा हूं। इससे मुझे काफी खुशी मिलती है। मेरा मानना है कि बुढ़ापे में जितना ज्यादा सक्रिय और पढ़ने-लिखने में व्यस्त रहते हैं उतना ज्यादा स्वस्थ व खुश रहते हैं, क्योंकि इस उम्र में पढ़ने-लिखने की आदत के साथ आनंद से जीने का अनुभव मैं खुद कर रहा हूं।

– **स्वामी अगेह भारती,** जबलपुर (मप्र)

## रोज 7 घंटे की नींद व सुबह अखबार पढ़ने की आदत मेरे दिमाग को सक्रिय रखती है

**बचपन** से ही अखबार पढ़ने का शौक रहा है। आज भी यह सिलसिला जारी है। 37 वर्ष हरियाणा में नौकरी के बाद भारत सरकार में 15 वर्ष सलाहकार इंजीनियर रहा। कोरोना के बाद 2020 में सेवा से मुक्त होकर समाजसेवा में लग गया। 15 अगस्त को मैं 79 वर्ष का हो जाऊंगा, लेकिन आज भी सूर्योदय की तरह मेरी सुबह दैनिक भास्कर अखबार पढ़ने के साथ होती है। मैं चाय नहीं पीता। भीगे हुए अखरोट, मुनक्का और बादाम के साथ अखबार पढ़कर दिनभर के लिए सक्रिय होता हूं। साथ ही अखबार में आने प्रश्नों के उत्तर देता हूं और लिखकर भी भेजता हूं। रोजाना 7 घंटे की नींद लेता हूं। अच्छी नींद व पढ़ने की आदत से दिमाग को सक्रिय रखता हूं।

– **राम कुमार शर्मा,** करनाल (हरियाणा)

**ओल्ड इज ऑलवेज गोल्ड**

## वेट लिफ्टर दादी, 70 किलो वजन उठा लेतीं



**ये** हैं 70 वर्षीय वेट लिफ्टर दादी। 70 किलो तक वजन उठा लेती हैं। रोजाना वर्कआउट करती हैं। इन्हें वजन उठाते देख युवा हैरान रह जाते हैं। मूलतः हरियाणा की रहने वाली रोशनी देवी अभी छोटे बेटे के साथ दिल्ली में रह रही हैं। वे पूरी तरह से वेजीटेरियन हैं, लेकिन डाइट में प्रोटीन का पूरा ध्यान रखती हैं। इसकी पूर्ति के लिए वह चिया, फ्लेक्स, पंपकिन जैसे सीड डाइट में शामिल करती हैं।

**दवा जैसी है दोस्ती** **बढ़ती उम्र में दोस्तों का साथ जरूरी,** इस सर्वे से समझिए

## 50 के पार दोस्तों के साथ मेंटल हेल्थ अच्छी रहती है

**बुजुर्गों** को जुड़ाव व सहयोग का अहसास दिलाने में दोस्ती अहम भूमिका निभाती है। यह बात बढ़ती उम्र पर अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी द्वारा कराए गए एक सर्वे में सामने आई है। इसमें पाया गया कि 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र के अधिकांश नागरिकों का कम से कम एक करीबी दोस्त होता है, जिसके साथ वे अपने स्वास्थ्य से लेकर भावनात्मक बातें शेयर करते हैं। वहीं सर्वे यह बात भी सामने आई कि इस उम्र में जिनका कोई करीबी दोस्त नहीं था उनके मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति उनसे खराब पाई गई।

### घनिष्ठ मित्रों के साथ होने से सकारात्मकता बढ़ती, अकेलापन दूर होता है

1) दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। ये सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

2) बढ़ती उम्र में घनिष्ठ मित्रों का साथ होने से मन स्वस्थ और प्रसन्न बना रहता है।

3) गहरी दोस्ती से मानसिक तौर पर भी स्थिरता आती है। बढ़ती उम्र में याददाश्त अच्छी रहती है।

4) अकेलेपन की भावना कम होती है। घनिष्ठ मित्रों के साथ से आत्मीयता की भावना आती है।

5) अकेले एक्सरसाइज करने की तुलना में दोस्तों के साथ करने से तनाव का स्तर घटता है।



यह सर्वेक्षण 50 से 94 वर्ष की आयु के बीच किया गया। इसमें 75% लोगों ने कहा कि उनके पास पर्याप्त घनिष्ठ मित्र हैं। वहीं 25% ने कहा कि उनके पास पर्याप्त दोस्त नहीं हैं। जिनके दोस्त थे, उनका मानसिक स्वास्थ्य बिना दोस्त वाले बुजुर्गों से बेहतर पाया गया।

आप अपने ऐसे अनुभव, जो दूसरों के लिए प्रेरणा बनें, srcitizen@dbcorp.in पर भेज सकते हैं। चुनिंदा पत्र प्रकाशित किए जाएंगे।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरू करवाने के लिए
9292 91 9292
पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

## महापौर ने वृक्षारोपण व सफाई अभियान का लिया जायजा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने रविवार को तीसरा पुस्ता, रिज एरिया में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और क्षेत्र में दिल्ली को कूड़े से आज़ादी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

### मास्क धारी बदमाशों ने दुकान व ग्राहक को बंधक बनाकर दिया लूट को अंजाम

# चांद बाग ज्वेलरी शॉप में पिस्टल के बल पर लाखों के गहने और नकदी की लूट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के चांदबाग, गली नंबर 4 में स्थित एक ज्वेलरी शॉप में सरेआम बदमाशों लूट की वारदात को अंजाम दिया है। चार से पांच की संख्या में आए बदमाश न सिर्फ दुकान में रखे गहने और नकदी लूट ले गए, बल्कि इस दौरान वहां मौजूद ग्राहकों से भी पिस्टल के बल पर उनके गहने उतरवा लिए और लूट कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, अभी लूट के सामानों का आकलन चल रहा है, जिसके बाद सही लूट की राशि का अंदाजा लग पाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम करीब 4.10 बजे पुलिस को वारदात की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को ज्वेलरी शॉप का मालिक सादिक (27) मिला, जिसने बताया कि वह घटना के समय दुकान में कुछ ग्राहकों को गहने दिखा रहे थे। तभी अचानक चार-पांच नकाबपोश और चेहरे पर मास्क पहने बदमाश पिस्टल लेकर दुकान में घुसे और शटर गिरा दिया। इसके बाद सभी को हथियार के बल पर बंधक बनाकर दुकान में रखी नकदी और सोने चांदी के गहने लूट लिए। साथ ही ग्राहकों को भी डराकर उनके गहने उतरवा लिए और पिस्टल लहराते हुए शटर खोल भाग गए। जाते समय फिर से उन्होंने शटर गिरा दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की, जहां क्राइम सीन प्रोसेसिंग की कार्रवाई भी की गई। अधिकारी ने बताया कि इस वारदात को अंजाम देने वालों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। स्थानीय लोगों से पूछताछ भी जारी है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। प्राथमिक जांच में पता चला है कि वारदात को अंजाम देने वालों में कुछ ऐसे हैं, जो पीड़ित से परिचित थे क्योंकि उन्हें नकदी के सही स्थान की सटीक जानकारी थी।

## गैस कटर से काटा एटीएम, कैश-ट्रे न खुली तो खाली हाथ भागे बदमाश

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

बिंदापुर इलाके में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी असफलता ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। बदमाशों ने गैस कटर की मदद से केनरा बैंक के एटीएम को काट डाला, लेकिन कैश ट्रे बाहर न निकलने के कारण वे रुपये निकालने में असफल रहे और बिना रकम लिए ही मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी तब सामने आई जब एटीएम मेंटेनेंस कंपनी राइटर बिजनेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी आकाशदीप शनिवार को निरीक्षण के लिए रामदत्त एन्क्लेव स्थित दुकान नंबर 128 में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एटीएम का एक हिस्सा गैस कटर से जला हुआ है और आसपास भीड़ लगी हुई है।स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहले ही मौके पर मौजूद थी। फौरन क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। आकाशदीप के बयान पर बिंदापुर थाने में चोरी के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी हो सके।

# प्रेमी के संग अश्लील वीडियो उजागर होने पर पत्नी ने कराई पति की हत्या

### मृतक की पत्नी व गड्ढा खोदकर दबाने वाले आरोपी को भी किया गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम



गुरुग्राम। पुलिस गिरफ्त में हत्या आरोपी पत्नी व अन्य सहयोगी।

उद्योग विहार थाना पुलिस ने पति की गुमशुदगी व दो दिन बाद दुष्कर्म के आरोपी पर पति की हत्या का आरोप लगाने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में महिला ने अपने पति की हत्या कराने की बात कबूल की है। इसके अलावा पुलिस ने गड्ढा खोदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। महिला ने आरोपी रविंद्र के साथ उसके प्रेम प्रसंग की बात उसकी बेटी को पता लगने के बाद पति को रास्ते से हटाने के लिए कहा था। इसके बाद आरोपी प्रेमी रविंद्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के पति विक्रम का अपहरण कर उसकी हत्या की और बाद में उसके शव को जमीन में दबा दिया था। हत्या से पहले ही आरोपी रविंद्र के चाचा संतरपाल ने मोहम्मदपुर झाड़सा में गड्ढा खोद दिया था। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया जबकि अन्य आरोपी गत शनिवार से पांच दिन के रिमांड पर हैं। गत 28 जुलाई को एक महिला ने थाना उद्योग विहार में अपने पति विक्रम निवासी जिला नवादा (बिहार) के लापता होने को लेकर दी थी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद 31 जुलाई को उसी महिला ने दूसरी शिकायत पुलिस को दी, जिसमें महिला ने आरोप लगाया कि रविन्द्र नामक व्यक्ति जो उनके पड़ोस में रहता है और उसने मार्च 2025 में उसके साथ दुष्कर्म किया था और अश्लील वीडियो बना ली। महिला का आरोप था कि आरोपी रविंद्र ने उसे विडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे चुप कराया था। साथ ही पति को उठाने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस ने गत शनिवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और पांच दिन के रिमांड पर ले लिया। आरोपियों से पूछताछ में हत्या के मामले में मृतक की पत्नी के आरोप झूठे मिले। साथ ही महिला के आरोपी रविंद्र से अवैध संबंध होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने मृतक की पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि उसका आरोपी रविन्द्र के साथ करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था और आरोपी रविन्द्र ने महिला का एक अश्लील वीडियो बनाया हुआ था। आरोपी महिला व विक्रम (मृतक) के एक लड़का व एक लड़की है, जिसमें लड़की ने खेलते-खेलते एक दिन रविन्द्र के फोन में अपनी मां का वीडियो देख लिया।

### पीड़िता के भाई की शिकायत पर केस, युवक अरेस्ट

# अश्लील तस्वीरें व वीडियो व्यू वन्स सेटिंग भेजे किया ब्लैकमेल

### युवक के पास से मोबाइल बरामद, आरोपी से पूछताछ

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम जिला साइबर पुलिस स्टेशन ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए 28 वर्षीय प्रभात चौधरी उर्फ पीयूष नामक ब्लैकमेलर को गिरफ्तार किया है, जो एक युवती को इंस्टा के माध्यम से अश्लील तस्वीरें और वीडियो भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। उसके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोई परिचित व्यक्ति ने इंस्टा के जरिए उनकी बहन की अश्लील तस्वीरें और वीडियो भेजी है। आरोपी अपनी मांगें पूरी न होने पर इन तस्वीरों और वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी दे रहा था। इस शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस स्टेशन में आईटी एक्ट की धारा 67ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी के पंजीकृत पते पर उत्तर प्रदेश में छापेमारी की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद, उसकी डिजिटल गतिविधियों का गहन विश्लेषण किया गया और तकनीकी निगरानी के जरिए उसकी पहचान बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी प्रभात के रूप में हुई। पुलिस ने उसे यूपी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि वह शिकायतकर्ता की बहन को ब्लैकमेल कर अपनी निजी मांगें पूरी करना चाहता था। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए कई इंस्टा अकाउंट्स का इस्तेमाल किया और अपने मोबाइल फोन को बंद रखा। उसने अश्लील सामग्री को व्यू वन्स सेटिंग के साथ भेजा, ताकि सामग्री एक बार देखने के बाद गायब हो जाए। इसके बावजूद, पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल निगरानी के जरिए उसे पकड़ने में सफलता हासिल की।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किया गया एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अब उसके सहयोगियों और अन्य संभावित मामलों में उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

## आईपीयू: स्पॉट राउंड काउंसलिंग 5 अगस्त से

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी के दस प्रोग्राम में दाखिले के लिए आयोजित की जा रही स्पॉट राउंड काउंसलिंग की ऑनलाइन प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू हो रही है। इन दस प्रोग्राम्स में बीसीए, बीएड, बीबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, बीए जेएमसी बी टेक डिप्लोमा धारकों के लिए, बी टेक, बी कॉम-ऑनर्स, बीएड-स्पेशल एजुकेशन, बीए इंग्लिश-ऑनर्स और बीए इकोनॉमिक्स-ऑनर्स शामिल है। छह अगस्त तक इस चरण की काउंसलिंग में भागीदारी के लिए विकल्प चयन भी करना है। 7 अगस्त को इस चरण की काउंसलिंग का परिणाम आ जाएगा।

### विजय नगर डबल स्टोरी में पूर्वोत्तर के छात्रों पर चाकू से हमला

# अभद्र व्यवहार का विरोध करने पर बढ़ा था विवाद, दो आरोपी संग नाबालिग हिरासत में

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

विजय नगर डबल स्टोरी इलाके में 31 जुलाई की सुबह पूर्वोत्तर के दो छात्रों पर हुए चाकू हमले की घटना ने सनसनी फैला दी थी। इस मामले में मॉडल टाउन पुलिस स्टेशन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल किया गया खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया है। इस हमले के पीछे आपसी विवाद को कारण माना जा रहा है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार, 31 जुलाई को मॉडल टाउन पुलिस को अस्पताल में चाकू के वार से घायल दो युवकों को भर्ती जाने की सूचना मिली थी। घायलों की पहचान मूल रूप से मणिपुर के निवासी जेरी और शेफर्ड के रूप में हुई है। जेरी ने बताया कि वह और शेपर्ड विजय नगर डबल स्टोरी में एक दुकान से पानी खरीद रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात युवकों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर विवाद इतना बढ़ गया कि एक आरोपी ने चाकू निकालकर जेरी के पेट और शेपर्ड के बाएं कूल्हे पर वार किया और फरार हो गए। मौके पर मौजूद उनके दोस्त पाओबोई ने तुरंत दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने आसपास के सभी प्रत्यक्षदर्शियों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए और संदिग्धों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उनकी पहचान के बाद उनके ठिकानों पर छापेमारी करके दो आरोपियों गुरमंडी निवासी कृष्णा और कृष्णा कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया। वहीं, चौथे आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे जल्द गिरफ्तार करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# हादसे के बाद कार में लगी आग, फंसे चालक की जलने से मौत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ दिल्ली के उल्दे एक्सटेंशन रोड-II, झंडा चौक के पास हुए एक हादसे के बाद कार में लगी आग में चालक पानीपत निवासी विपेंद्र (40) की जलने से मौत हो गई है। वहीं कार में साथ बैठा सवार इशराना, पानीपत निवासी जगबीर (40) किसी प्रकार समय रहते कार से निकलने में कामयाब रहा, वैसे इस दौरान वह भी लगी आग में झुलसने से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा शनिवार रात करीब 2 बजे हुआ। डीसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसे के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी, इस दौरान चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा।

इसके बाद कार सड़क से उतर गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके साथ ही कार में आग लग गई, जो तेजी से फैलते हुए पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के कारण चालक की ओर से कार का दरवाजा जाम हो गया, जिसके कारण चालक फंस गया और समय रहते कार से निकल नहीं पाया। उन्होंने कहा कि मृतक के शव को बीजेआरएम अस्पताल में भेजा गया, जबकि घायल को नरेला के एसआरएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के अन्य कारणों का पता लगाने के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विवाह के दो साल बाद युवती ने की आत्महत्या, जांच जारी

### ससुरालवालों पर लगातार प्रताड़ना का आरोप

एजेंसी | नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी इलाके में 20 वर्षीय युवती साधना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने उसके पति और ससुरालवालों पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को शनिवार दोपहर एक PCR कॉल मिली, जिसमें सिद्धार्थ बस्ती इलाके में आत्महत्या की आशंका जताई गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को उसके कमरे में फंदे से लटका पाया। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साधना रोती हुई नजर आ रही है और अपने पति योगेश व ससुरालवालों पर मारपीट और अत्याचार का आरोप लगा रही है। वीडियो में वह कहती है कि उसने अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ योगेश से शादी की थी, जिसके बाद से उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस वीडियो की सत्यता और संदर्भ की जांच की जा रही है। डिफेंस कॉलोनी के एसडीएम ने मृतका की मां सुनीता और भाई के बयान दर्ज किए हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आगे की कार्रवाई एसडीएम की रिपोर्ट और जांच के नतीजों के आधार पर की जाएगी। मृतका की मां सुनीता ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरी बेटी को शादी के बाद से ही ससुरालवालों ने कभी चैन से नहीं जीने दिया। वे उसे रोज मारते थे। वह कभी खुश नहीं थी। सुनीता ने बताया, शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे मेरी उससे फोन पर बात हुई थी। उसने कुछ भी असामान्य नहीं बताया। फिर मैं काम पर चली गई। दोपहर में मेरी बड़ी बेटी का फोन आया कि साधना ने फांसी लगा ली है। जब तक मैं पहुंची, शव नीचे उतार दिया गया था। परिजनों ने पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी है, जिसमें साधना के आखिरी वीडियो की प्रति भी दी गई है। सुनीता ने कहा, हमने सबूत दिए हैं। मेरी बेटी को जिसने भी प्रताड़ित किया, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हमें न्याय चाहिए।

पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और कहा है कि मामले की जांच हर संभव कोण से की जा रही है।

## सीआईएसएफ: 5 वर्षों तक प्रतिवर्ष 14,000 कर्मियों की भर्ती करेंगे: दहिया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश के आर्थिक विकास में सहयोग हेतु औद्योगिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में गृह मंत्रालय (एमएचए) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की संख्या को मौजूदा 1,62,000 से बढ़ाकर 2,20,000 कर्मियों की अधिकृत सीमा तक करने को मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ के मुख्य प्रवक्ता डीआईजी अजय दहिया ने बताया, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में वामपंथी उग्रवाद में कमी के साथ, नए औद्योगिक केंद्र उभरने की उम्मीद है। इससे नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। अकेले 2024 में 13,230 कर्मियों की भर्ती की गई, और 2025 में 24,098 अतिरिक्त कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। बल में हर वर्ष लगभग 14,000 कर्मियों की नियुक्ति की उम्मीद है।

### अपग्रेड का विकल्प चयन भी कर सकेंगे

# डीयू दाखिला: यूजी कोर्स के लिए तीसरी अलॉटमेंट लिस्ट 13 को

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) कोर्स के लिए जल्द तीसरी अलॉटमेंट लिस्ट जारी करेगी। इस लिस्ट में जिन छात्रों का नाम होगा, उन्हें तय समय के भीतर कॉलेज में रिपोर्टिंग करनी होगी। यूनिवर्सिटी की ओर से ये लिस्ट 13 अगस्त को आएगी, यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। ऐसे छात्र जिन्हें डीयू की सीट अलॉटमेंट की तीसरी लिस्ट में सीट मिलेगी, उन्हें 15 अगस्त तक फीस भरनी होगी। कोई छात्र अलॉट की गई सीट से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपग्रेड का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं ऐसे छात्र जो पहले ही सीट ले चुके हैं, वे नई सीट आने पर पुरानी सीट को छोड़ सकते हैं। दूसरी अलॉटमेंट के बाद डीयू के कई कॉलेजों में अब भी कई सीटें खाली हैं।

जानकारी के अनुसार, नॉर्थ कैंपस के कई कॉलेजों की लगभग सभी सीटें भर चुकी हैं। लेकिन साउथ कैंपस और कुछ ऑफ कैंपस कॉलेजों में कई कोर्स में सीटें अभी खाली हैं। वहीं तीसरी राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं, तो चौथी राउंड की काउंसलिंग आयोजित की जा सकती है। हालांकि डीयू प्रशासन की ओर से अभी चौथी लिस्ट को लेकर कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। हालांकि, स्पॉट राउंड की काउंसलिंग तो तय है।

## सीएम दौरे से पहले प्रशासन ने हिंदूरॉव अस्पताल में चमकाने का निर्देश

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए सोमवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के हिंदू राव अस्पताल का दौरा करेंगी। सीएम दौरे को देखते हुए अस्पताल को चमकाने में सारा अमला जुट गया है। इसको लेकर निदेशक स्वास्थ्य प्रशासन (डीएचए) की अध्यक्षता में हिंदू राव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में बैठक की गई। निर्देश दिया कि पीडीएस, आईपीडी, प्रतीक्षा क्षेत्र, मुख्य द्वार, प्रशासनिक ब्लॉक, वार्ड, नर्सिंग स्टेशन, सीढ़ियां, लिफ्ट, आपातकालीन क्षेत्र और सार्वजनिक शौचालयों की गहन सफाई और सेनिटाइजेशन होना चाहिए। अस्पताल के सभी कोनों, बिस्तरों के नीचे, अलमारियों और प्रवेश द्वारों पर विशेष ध्यान दें।

# ठगी के मामले में इंदौर से पहले जीजा अब साले को पकड़ा

## दोनों आरोपी इंदौर के रहने वाले, बीए तृतीय वर्ष में पढ़ रहा है एक आरोपी

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

पुलिस ने 11 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने पहले आरोपी के जीजा को गिरफ्तार किया था। अब साला भी धर लिया गया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार साइबर थाना सेंट्रल में आईपी कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा कि उनके पास एक काल आई। फोन करने वाले ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करने को कहा। उसने निवेश के लिए एप पर दस्तावेज का काम पूरा किया। फिर पीड़ित ने आईपीओ के लिए 11 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद उन्होंने कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया तब उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हो गई है। उन्होंने साइबर थाना सेंट्रल में ठगी का केस दर्ज कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंदौर निवासी अनिकेत चौधरी (22) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने जीजा विजय का खाता लेकर ठगों को बेच दिया था। इस खाते में ठगी के 50 हजार रुपए आए थे। आरोपी बीए तृतीय वर्ष में पढ़ रहा है। आरोपी के जीजा विजय को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी अनिकेत को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने साइबर ठग गैंग का भंडाफोड़ कर दो आरोपी किए गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | पलवल

पुलिस ने साइबर ठग गैंग का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों यूपी के फिरोजाबाद के रहने वाले है। इनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 31 एटीएम कार्ड व 67 हजार रुपए, छह फोन व एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार के अनुसार सूचना मिली कि दोनों आरोपी लोगों को बहला-फुसलाकर उनके खाते खुलवाते हैं। फिर उन खातों में ठगी की रकम जमा करते हैं। इसके बाद पुलिस ने बघौला गांव के निकट से दोनों को काबू कर लिया। इनकी पहचान फिरोजाबाद निवासी अमित कुमार व वेदप्रकाश के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अमित कुमार के पास से पांच मोबाइल फोन, 30 एटीएम कार्ड व 60 हजार रुपए बरामद हुए हैं। जबकि वेद प्रकाश के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड व सात हजार रुपए बरामद हुए है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के लिए करते थे। पुलिस ने बरामद कुछ खातों को एनसीआरपी पोर्टल पर चेक किया तो उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज मिलीं। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### खेल महाकुंभ • दूसरे दिन ताइक्वांडो और शूटिंग के मुकाबले

# ताइक्वांडो में पंचकूला के साहिल और अंबाला के अंकित ने जीते स्वर्ण पदक

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

खेल विभाग की ओर से चल रहे राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ के दूसरे दिन रविवार को ताइक्वांडो व शूटिंग के मुकाबले हुए। ताइक्वांडो के परिणाम तो जारी कर दिए गए, जबकि शूटिंग के परिणाम सोमवार को जारी होंगे। ताइक्वांडो के मुकाबले सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर व शूटिंग के मुकाबले ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित अकादमी में हुए। महाकुंभ में मेजबान खिलाड़ियों का ताइक्वांडो में निराशाजनक परिणाम रहा। फरीदाबाद की एकमात्र खिलाड़ी निकिता ने पदक जीता है।

ताइक्वांडो के परिणाम:

जिला खेल अधिकारी आशा रानी के अनुसार लड़कों के 58 किलो भारवर्ग में अंबाला के अंकित ने स्वर्ण, करनाल के पुष्कर गोरखिया ने रजत व गुरुग्राम के भावेश व जींद के हरदीप ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता। जबकि 80 किलो भार वर्ग में पंचकूला के साहिल, सोनीपत के राहुल ने क्रमशः स्वर्ण व रजत और झज्जर के हार्दिक अहलावत व महेंद्रगढ़ के राहुल ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता। इसी तरह 87 किलो भारवर्ग में झज्जर के विशाल चतुर्भुज, रेवाड़ी के रविंदर ने स्वर्ण एवं रजत व हिसार के विकास व जींद के रमन ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता। इसके अलावा 87 किलो से अधिक भार वर्ग में सिरसा के रॉबिन ने स्वर्ण, कैथल के नितिन ने रजत व यमुना नगर के लोकेश व भिवानी के राइज ने कांस्य पदक जीता। जबकि लड़कियों के 53 किलो भार वर्ग में सोनीपत की कशिश ने स्वर्ण, जींद की पर्ल ने रजत, व अंबाला की गगनीत व नंदिनी ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता।

इसके अलावा 57 किलो में सोनीपत की एंजेल व रोहतक की खुशी ने क्रमशः स्वर्ण व रजत और पंचकूला की हर्षिता व सिरसा की जनिशा ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। 62 किलो में सिरसा की विनीता ने पहला, रोहतक की अर्चिका ने दूसरा और रेवाड़ी की निर्मला व फतेहाबाद की यशिका ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। 73 किलो वर्ग में फतेहाबाद की पूजा ने स्वर्ण, सोनीपत की लक्षिता ने रजत और सिरसा की रेखा व झज्जर की राखी ने कांस्य पदक हासिल किया। 73 किलो से अधिक भार वर्ग में कुरुक्षेत्र की तनिशा ने स्वर्ण, फरीदाबाद की निकिता ने रजत और अंबाला की देवांशी व हिसार की अनिशा ने संयुक्त रूप कांस्य पदक हासिल किया।

# उद्योग मंत्री ने बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का किया दौरा, दिए अहम निर्देश

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने रविवार को गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट के संचालन व सौंदर्यकरण को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्लांट के संचालन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन पर विशेष जोर दिया।

दौरे के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट के फरीदाबाद रोड की ओर घने और सुंदर पेड़ लगाए जाएं ताकि क्षेत्र की हरियाली बढ़े और प्रदूषण स्तर में कमी आए। इसके साथ ही उन्होंने प्लांट से लिचेट के बाहर रिसाव को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि लिचेट ट्रीटमेंट प्लांट को मुख्य परिसर के भीतर ही बनाया जाए ताकि प्रदूषण नियंत्रण बेहतर हो सके। प्लांट की बाहरी परिधि पर बांध बनाकर वहां पौधारोपण करने के भी निर्देश दिए गए। राव नरबीर ने प्लांट के आस-पास बसे गांवों की पानी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और स्वच्छता के लिए ठोस योजनाएं बनाई जाएं।



### निगमायुक्त ने दी कार्यों की जानकारी

नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने मंत्री को अवगत कराया कि प्लांट में व्यू-कटर लगाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त चारदीवारी निर्माण, पौधारोपण और अंदरूनी सर्कुलर रोड का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। दहिया ने बताया कि एनवीवीएनएल द्वारा भी इस प्लांट पर एक परियोजना प्रस्तावित है। बंधवाड़ी दौरे के बाद मंत्री ने राजीव चौक का भी निरीक्षण किया और वहां सौंदर्यकरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें नजफगढ़ ड्रेन क्षेत्र में जलभराव की समस्या पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में राजीव चौक, सुभाष चौक, हीरो होंडा चौक, नरसिंहपुर जैसे स्थानों पर जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

HARERA
GURUGRAM

**सार्वजनिक सूचना**

**डीडीजेएवाई के अंतर्गत किफायती आवासीय प्लॉट वाली कालोनी के पंजीकरण हरेरा आरसी संख्या 128/2022 के विस्तार के संबंध में, जिसका नाम है "एम2के आलिव ग्रीन्स" जो कि सेक्टर–104, गुरुग्राम में स्थित है, जिसको मेसर्स सदन रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।**

गुरुग्राम के सेक्टर–104 में स्थित **"एम2के ऑलिव ग्रीन्स"** नामक परियोजना के आवंटियों एवं आम जनता की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि **मेसर्स सदन रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा प्राधिकरण में अधिनियम 2016 की धारा 6 के अंतर्गत परियोजना के पंजीकरण की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन दिनांक 18.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है।

हरियाणा के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गुरुग्राम के सेक्टर 104 में डीडीजेएवाई के तहत किफायती आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी की स्थापना के लिए मेसर्स सदन रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड को 14.1375 एकड़ क्षेत्रफल का लाइसेंस संख्या 174/2022 दिनांक 21.10.2022 प्रदान किया है, जो 20.10.2027 तक वैध है।

परियोजना **"एम2के ऑलिव ग्रीन्स"** प्राधिकरण के साथ **आरसी संख्या 128/2022 दिनांक 23.12.2022 के तहत पंजीकृत है, जो 20.10.2025 तक वैध है और दिनांक 14.06.2024 को इसमें संशोधन किया गया है।**

अब, प्रमोटर अर्थात **मेसर्स सदन रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड** ने दिनांक 18.07.2025 के आवेदन के माध्यम से रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 6 के अंतर्गत डीडीजेएवाई के तहत किफायती आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी के पंजीकरण के विस्तार के लिए आवेदन किया है।

प्राधिकरण इस परियोजना के लिए अधिनियम की धारा 6 के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र के विस्तार के लिए प्रमोटर के आवेदन पर विचार कर रहा है और इसके द्वारा इस संबंध में विशेष रूप से आवंटियों और सामान्य रूप से किसी भी अन्य संबंधित व्यक्ति से आपत्तियां आमंत्रित करता है।

संबंधित आवेदन और संबंधित दस्तावेज हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान 14.08.2025 तक प्रातः 10:00 बजे तक देख सकता है। यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे प्राधिकरण की रजिस्ट्री में 18.08.2025 प्रातः 10:00 बजे तक दर्ज किया जा सकता है और 18.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे सुनवाई के दौरान प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।

**प्राधिकरण के अनुमोदन एवं उसकी मुहर के अधीन दिया गया।** हस्ता./–
सचिव,
दिनांक: 04.08.2025 हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष दशमी, सोमवार प्रातः 11:42 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 9, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 4 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** अनुराधा नक्षत्र प्रातः 09:13 तक, इसके बाद ज्येष्ठा नक्षत्र रहेगा। ब्रह्म योग प्रातः 07:05 तक, इसके बाद ऐन्द्र योग रहेगा। गर करण प्रातः 11:42 तक, इसके बाद वणिज करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** प्रातः 07:30 से 09:00 तक रहेगा।

**दिशाशूल : पूर्व दिशा :** यदि जरूरी हो तो मिश्री या सौंफ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** भद्रा रात्रि 12:27 से, चतुर्थ श्रावण वन सोमवार व्रत, झूलन यात्रा प्रारंभ प्रदोष में, गंडमूल प्रारंभ प्रातः 09:13 से।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 05:56 से 07:36 तक अमृत का, प्रातः 09:15 से 10:54 तक शुभ का, दोपहर 02:12 से 03:51 तक चर, दोपहर बाद 03:51 से सायं 07:09 तक लाभ व अमृत का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज श्रावण के सोमवार को शिवमंदिर जाकर भगवान शिव का पूजन कर उनका जलाभिषेक अथवा रुद्राभिषेक करें, एक समय भोजन करें तो शिवजी की कृपा बनी रहती है। आज ऐन्द्र योग में कांसी का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:56 | अनुराधा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | ने |
| 09:13 | ज्येष्ठा | 1 | ताम्र | वृश्चिक | नो |
| 15:48 | ज्येष्ठा | 2 | ताम्र | वृश्चिक | या |
| 22:21 | ज्येष्ठा | 3 | ताम्र | वृश्चिक | यी |
| 04:53 | ज्येष्ठा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | यू |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 3, शुभ रंग जामुनी :** स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। तनाव के चलते मन अशांत रहेगा। धार्मिक कार्यों पर खर्च संभव है। व्यापारिक विस्तार की योजना को बल मिलेगा। अध्ययन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**वृष : शुभ अंक 4, शुभ रंग लाल :** विवाद को टालने में सफलता मिलेगी। साझेदारी में बड़ी योजना शुरू हो सकती है। अपनी मीठी बातों से सबका दिल जीत लेंगे। भावनात्मक संबंध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा सुखद रहेगी।

**मिथुन : शुभ अंक 1, शुभ रंग बादामी :** काम की धीमी गति से परेशानी होगी। पारिवारिक मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव संभव है। लेनदेन के मामले उलझेंगे। साझेदारी में गतिरोध बढ़ने के आसार हैं।

**कर्क : शुभ अंक 9, शुभ रंग आसमानी :** स्वास्थ्य में सुधार से राहत मिलेगी। बुजुर्गों का मार्गदर्शन तरक्की में सहायक रहेगा। सुविधा नहीं मिलने से काम में परेशानी हो सकती है। दिखावे के चलते कर्ज का बोझ बढ़ सकता है।

**सिंह : शुभ अंक 8, शुभ रंग काला :** व्यापारिक कार्यों में प्रगति संभव है। नौकरी तलाश रहे लोगों को सफलता मिलेगी। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होगा। विरोधी उलझाने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा।

**कन्या : शुभ अंक 6 , शुभ रंग भूरा :** कार्यस्थल पर सबकी सहमति से फैसले लें, लाभ मिलेगा। दाम्पत्य संबंधों में टकराव कम हो सकता है। मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मांगलिक खर्च संभव है।

**तुला : शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा :** समय पर काम पूरा नहीं होने से नुकसान की आशंका है। अधिकारी आपके कामकाज से नाराज हो सकते हैं। अटकी योजना शुरू होने से लाभ संभव है। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक : शुभ अंक 5, शुभ रंग पीला :** नए संपर्क भाग्योदय में सहायक हो सकते हैं। तनाव से छुटकारा मिलेगा। शुभ समाचारों से उत्साहित रहेंगे। धन लाभ की संभावना है।अब तक अटके काम आसानी से पूरे होंगे।

**धनु : शुभ अंक 1, शुभ रंग बैंगनी :** परिणय संबंधों में चल रहा गतिरोध दूर होगा। सामूहिक कार्यों में सोच-समझकर आगे बढ़ें। अधीनस्थों के कारण काम में रुकावट आ सकती है। अधिकारियों से मेलजोल लाभदायी रहेगा।

**मकर : शुभ अंक 4, शुभ रंग स्लेटी :** राजकाज में आ रही बाधा दूर होगी। अपने हितों के लिए मजबूरी में समझौता कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के आसार हैं। कानूनी मामलों में आपका पक्ष मजबूत होगा।

**कुंभ : शुभ अंक 8, शुभ रंग नारंगी :** विवादास्पद मसलों के समाधान की उम्मीद है। कारोबारी लेनदेन में सावधानी बरतें, धोखा हो सकता है। समय पर काम पूरा करने का दबाव रहेगा। अनजान पर भरोसा मुश्किल बढ़ाएगा।

**मीन : शुभ अंक 6, शुभ रंग सफेद :** समय पक्ष का बना है। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। नए सौदे हाथ में आने के आसार हैं। पारिवारिक जीवन में आनन्द की अनुभूति होगी। नौकरी में तरक्की की संभावना बनेगी।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

### नई पीढ़ी को कठिनाई से उबरने में मदद करके आपका कद और बढ़ता है

ये सिर्फ आकांक्षा का ही सपना नहीं था कि वह महिला पुलिसकर्मी बने, बल्कि उसके पिता धर्मेन्द्र सिंह का ख्वाब भी था कि वह उसे वर्दी पहने देखें। इसीलिए धर्मेन्द्र ने अपने कैंसर के पहले चरण के उपचार का भी बलिदान दिया, ताकि दोनों का सपना पूरा किया जा सके। एमए पास होने के बावजूद आकांक्षा ने अगस्त 2024 में हुई कांस्टेबल भर्ती परीक्षा दी और उत्तीर्ण हुई। उसे अपना नियुक्ति पत्र किसी और से नहीं, बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना था। सोच रहे हैं कि क्यों एक कॉन्स्टेबल को इतनी बड़ी हस्तियों से नियुक्ति पत्र मिलना था? यह उप्र में अब तक का सबसे बड़ा पुलिस भर्ती अभियान था, जिसमें 60,244 (48,195 पुरुष और 12,049 महिलाएं) नियुक्त किए गए। पूरे राज्य की पुलिस को इन सभी को राज्य परिवहन बसों से लखनऊ में होने वाले समारोह में लाने के लिए तैयार किया गया था, जो 15 जून को निर्धारित था। सभी बसें 14 जून को विभिन्न स्थानों से रवाना हुईं।

माता-पिता से गले मिलने के बाद आकांक्षा सरकार द्वारा भेजी गई सात बसों में से एक में बैठकर सुबह 9.30 बजे बुलंदशहर से रवाना हुई। लखनऊ तक साढ़े छह घंटे की यात्रा थी। दोपहर करीब 3.30 बजे चाय-नाश्ते के लिए बस मैनपुरी में सड़क किनारे के ढाबे पर रुकी। एक के बाद एक, सभी उतरकर ढाबे पर पहुंचने लगे। बारी आने पर आकांक्षा भी बस से उतरी। वह तीन ही कदम चली थी कि चौथे कदम पर गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मारकर हवा में उछाल दिया। यहां लगा कि उसके सपने का अंत हो गया। उसका दाहिना पैर टूट गया, बाएं घुटने में गंभीर चोट लगी, सिर में टांके आए और पूरे शरीर में चोटें थीं। चूंकि बसों में पुलिसकर्मी थे तो उन्होंने तुरंत पीछा कर लापरवाह ड्राइवर को पकड़ लिया और आकांक्षा को अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय पुलिस व उसके माता-पिता को सूचित करने के बाद वे कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

माता-पिता रात 9 बजे पहुंचे। सूजन के कारण उसका ऑपरेशन नहीं हो सका। उसे दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर किया गया, 26 जून को ऑपरेशन हुआ। उसके दाहिने पैर में प्लेट लगी। इधर, लखनऊ में दूसरे अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले और एक महीने का जॉइनिंग ट्रेनिंग कोर्स (जेटीसी) शुरू हुआ। ऐसी सर्विस सिलेक्शन नौकरियों में नियमानुसार अभ्यर्थी को नियुक्ति तिथि से एक माह के भीतर जॉइन करना होता है। अन्यथा इसे 'उम्मीदवार की रुचि नहीं' की श्रेणी में मान लेते हैं। आकांक्षा को उस 1500-सदस्यीय बल में शामिल होना था, जो हाथरस जिले की 19 लाख की आबादी को मैनेज करता है। इसका नेतृत्व एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा करते हैं। वह उस जिले में जॉइन करने का मौका नहीं खोना चाहती थी, जिसका संबंध महाभारत काल से माना जाता है।

सौभाग्य से, एक महीने के ग्रेस पीरियड की अवधि खत्म होने से ठीक एक दिन पहले सहारे से चलती हुई आकांक्षा, सिन्हा के केबिन में पहुंची। सिन्हा समझते थे कि हर उम्मीदवार ने उस स्तर तक पहुंचने के लिए कितने संघर्ष किए हैं। समय कम था, इसलिए उन्होंने कागजी खानापूर्ति में समय गंवाए बिना सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को फोन किया और अनुमति ली। क्योंकि सेवा नियमों में ऐसा प्रावधान भी है, जिसके तहत घायल उम्मीदवारों को रिकवरी टाइम मिलता है, लेकिन उन्हें जिला मुख्यालय के महिला छात्रावास में ही रहना होता है। इस रविवार मैंने उससे बात की। वह ठीक हो रही थी और उम्मीद थी कि वह भर्ती प्रशिक्षण केन्द्रों पर शुरू हो रहे जेटीसी व मुख्य प्रशिक्षण में दूसरे बैच के साथ शामिल हो जाएगी। पुलिस के आला अधिकारियों का मानना है कि कंप्यूटर बैकग्राउंड वाले ग्रेजुएट्स, पोस्ट ग्रेजुएट्स अभ्यर्थी कॉन्स्टेबल वर्ग में खाली होते हैं। ये वे तेजी से पदोन्नति पाते हैं, जिससे कॉन्स्टेबल की नौकरी में गौरव का भाव आता है।

**फंडा यह है कि** जब आप भावी पीढ़ी को उसकी कठिनाइयों से ऊपर उठाने में मदद करते हैं, तो वास्तव में इससे ना सिर्फ किसी पुलिसकर्मी को आत्मसंतुष्टि मिलती है। बल्कि पूरे राज्य का दर्जा और ऊंचा दिखने लगता है।

## कावड़ यात्रा में शिव तांडव...



जयपुर | डबल शंकर महादेव मंदिर के लिए गलताजी से रविवार सुबह 6 बजे 400 कावड़िये ढोल, ताशे और नगाड़े बजाते हुए रवाना हुए। चौड़ा रास्ता स्थित द्वारकाधीश मंदिर में कावड़िये पहुंचे। यहां 1100 महिलाएं कलश लेकर कावड़ यात्रा में शामिल हुईं। फिर कावड़ यात्रा में भूत, गणों के साथ शिव की बारात भी साथ-साथ चली। शिव ने भूतों और गणों के साथ जमकर तांडव नृत्य किया। इससे पूरा परकोटा शिवमय हो गया। -फोटोः दिनेश कुमार सैनी

**मानसून •** प्रदेश में 305 सड़कें, 284 बिजली ट्रांसफॉर्मर और 210 पेयजल योजनाएं अब भी ठप

# सड़क धंसने से चंडीगढ़-मनाली हाईवे फिर बंद, आज 5 जिलों में भारी बारिश की संभावना



तस्वीर बिंदु ढांक के पास चंडीगढ़ मनाली हाईवे की हैं।



ऊना के पेखूबेला सोलर प्लांट में हुआ जलभराव।

भास्कर न्यूज़ | हिमाचल टीम

हिमाचल प्रदेश में बारिशों का दौर जारी है, बीते तीन दिनों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य से 71 फीसदी अधिक बारिश रिकार्ड की गई। इससे सूबे में अव्यवस्था का आलम है, ऊना और कांगड़ा में लगातार बारिश से शहरी इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई। हालांकि रविवार को प्रदेश में महज 7.8 एमएम बारिश हुई, जो सामान्य से 24 प्रतिशत कम है। उधर, भारी बारिश के कारण चंडीगढ़-मनाली हाईवे एक बार फिर से बंद हो गया है। यहां मनाली से 10 किमी पहले बिंदु ढांक के पास सड़क धंस गई है। ऐसे में सड़क पर जाम लग गया है, वाहनों को मुश्किल से एकतरफा निकाला जा रहा है। यहां एक ही जगह पर बार-बार सड़क धंसने से एनएचएआई की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

प्रदेश में रविवार को कुल 305 सड़कें बंद रही, जबकि 284 बिजली ट्रांसफॉर्मर और 210 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में 1692 करोड़ का नुकसान और 179 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 36 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को पांच जिलों ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की संभावना बताई है।

### खराब मौसम के चलते मुख्यमंत्री का चंबा दौरा रद्द

खराब मौसम के चलते मुख्यमंत्री का चंबा दौरा रद्द हो गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू रविवार को मिंजर मेले के समापन समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली दौरा छोड़ से शिमला पहुंच थे। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मिंजर मेले का समापन किया। जिला प्रशासन के मुताबिक मौसम ख़राब होने की वजह से मुख्यमंत्री का चम्बा दौरा रद्द हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को फिर दिल्ली जाएंगे। वह पार्टी हाईकमान से सत्ता-संगठन से जुड़े विषयों के अलावा पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री, पार्टी अध्यक्ष के अलावा मंत्री और पूर्व मंत्री भी शामिल होंगे।

**सामान्य से 71% ज्यादा बारिश...** प्रदेश में पिछले तीन दिनों के भीतर 50.9 एमएम बारिश हुई, जो सामान्य से 71% ज्यादा है। बीते 24 घंटे के दौरान भराड़ी में सर्वाधिक 108.2 मिमी, नैना देवी में 74.4, ऊना में 38, जोत में 36.2, बड़सर में 23, नंगल डैम में 21, हमीरपुर और चंबा में 18 और जोगिंदरनगर में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## गुंडे- गुस्से में हुए अपराध पुलिस- योग करें शांत रहें

बाणगंगा थाने पर लगी गुंडों की परेड संग पाठशाला

भास्कर संवाददाता | इंदौर

बाणगंगा थाने पर शनिवार को गुंडों की क्लास लगी। गुंडे बोले कि ज्यादातर अपराध गुस्से में किए हैं। अफसर ने उन्हें गुस्सा काबू करने के लिए कई योग करवाए। साथ ही परिवार वालों को भी जिम्मेदारी दी कि ऐसे योग हर दिन करवाएं। उन्हें नशे और गुस्से से दूर रखने में मदद करें। अपराध रोकने, अपराधियों में सुधार लाने, मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुलिस ने अनोखी पहल की है। इसके चलते बाणगंगा और हीरानगर थाने के करीबन 47 गुंडे और निगरानी बदमाशों को शनिवार को उनके परिवार सहित थाने पर बुलवाया था। एडिशनल डीसीपी रामसनेही मिश्रा ने बताया, हमने हर आरोपी से वन टू वन बात की। उनके परिवार से बात की। यह तय हुआ कि वे तय समय पर परिवार के साथ थाने आएंगे, जिससे वे पुलिस की नजरों में और अपराध से दूर रहें।



### गुस्सा और नशे पर काबू पाना जरूरी

एसीपी रुबीना मिजवानी ने बताया, पिछली पाठशाला में नशे से कैसे दूर रहा जाए समझाया था। इस शनिवार क्रोध पर कैसे नियंत्रण किया जाए, यह बताया गया। इसके लिए उन्हें कई योगासन करवाए। इसे आगे परिवार वालों को जिम्मेदारी दी है। साथ ही उनसे अपराधों से दूरी बनाने के लिए शपथ कराई गई। हिदायत दी कि कोई अपराध किया तो वह स्वीकार्य नहीं होगा।

### युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीर पुरी इलाके में रविवार को एक 20 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रोहिणी सेक्टर 16 के सरदार कॉलोनी निवासी रोहित बरार के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। साथ ही वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। गोली लगने के बाद रोहित को उसके कुछ दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस वारदात के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के दोस्तों व स्थानीय लोगों समेत अन्य से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि रविवार को बाबू जगजीवन राम अस्पताल से जहांगीरपुरी थाने में मामले की सूचना दी गई। पुलिस तत्काल मामले की सूचना के बाद अस्पताल पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान युवक की पहचान रोहित बरार के रूप में हुई। पुलिस रोहित के परिचितों से पूछताछ करने के अलावा मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है

### पंजाब में बिना विकल्प चुने एनपीएस कर्मियों को मिलेगा पेंशन का लाभ

चंडीगढ़ | वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने घोषणा की कि वित्त विभाग ने न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत आने वाले कर्मियों को पारिवारिक या दिव्यांगता (इन्वैलिड) पेंशन लेने संबंधी विकल्प चुनने की अनिवार्य शर्त को वापस ले लिया है। वित्तमंत्री चीमा ने बताया कि पहले 8 अक्तूबर 2021 के वित्त विभाग के निर्देश पर एनपीएस कर्मियों को, जो सेवा के दौरान दिव्यांग हो जाते हैं या जिनकी मृत्यु हो जाती है, पारिवारिक या दिव्यांगता (इन्वैलिड) पेंशन के रूप में अतिरिक्त राहत प्रदान की गई थी। मंत्री ने कहा कि वित्त विभाग ने 27 जून को आधिकारिक निर्देशों की शर्त 6 को हटा दिया है। यह फैसला पहले पंजाब एनपीएस कर्मियों पर लागू होता था।

### उत्तम नगर में दो नाइजीरियन नागरिक मृत पाए गए, हत्या की आशंका नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका क्षेत्र के उत्तम नगर इलाके में रविवार को दो नाइजीरियन नागरिकों के शव एक मकान से बरामद किए गए। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी। मृतकों के शव चाणक्य प्लेस स्थित एक कपड़ों के शोरूम के पीछे बने एक मकान की पहली मंजिल पर मिले, जो डाबरी थाना क्षेत्र में आता है। पुलिस के मुताबिक, यह मकान हेनरी नामक व्यक्ति ने किराए पर लिया हुआ था। मृतकों की पहचान जोसेफ और चिबिटर्न के रूप में हुई है, जो दोनों बुराड़ी इलाके के निवासी थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों शनिवार को बुराड़ी से चाणक्य प्लेस आए थे। पुलिस को रविवार को इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और इलाके को सुरक्षित किया गया। अपराध स्थल पर क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

## पंजाब में विस चुनाव 2027 का बिगुल : केंद्र की स्कीमों को अपना बता गुमराह कर रही आप गैंगवार-तस्करों पर लगाम कसने को आगे आएं : शर्मा

मोगा | पंजाब भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने मोगा (मालवा) में पहली रैली आयोजित की। उन्होंने कहा कि आप अब किसानों पर जुल्म और उनकी जमीनें छीनने वाली पार्टी के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में गैंगस्टरों का राज चल रहा है और गैंगस्टर जेलों से विरोधियों को फोन कर अपनी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आप कन्वीनर केजरीवाल ने लोगों को कहा था कि उनकी पार्टी को एक मौका दो, लेकिन एक मौका देकर धोखा खा लिया। आप ने महिलाओं को ₹1-1 हजार देने का वादा पूरा नहीं किया और न किसानों की फसलें उठाने का वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा, गैंगवार और नशा तस्करों पर लगाम कसने के लिए लोग आगे आएं और पार्टी से जुड़कर 2027 विस में भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब की 117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर चुकी है, जिसकी पहली रैली की मोगा से शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आप केंद्रीय स्कीमों को अपनी स्कीमें बताकर लोगों से धोखा कर रही है। भाजपा व्यापारियों, मजदूरों, किसानों, मुलाजिमों, पेंशनरों और आम लोगों की पार्टी है और लोगों की भलाई के लिए केंद्र सरकार योजनाएं चला रही है।

**भास्कर खास** धार्मिक स्वतंत्रता संशोधन विधेयक को विधानसभा सत्र के दौरान पारित किया जाएगा

# धर्म-परिवर्तन आसान नहीं...60 दिन पहले देनी होगी जानकारी, 9 राज्यों के कानून की स्टडी से बना ड्राफ्ट, छत्तीसगढ़ में जल्द लागू होगा कानून

मोहित सिंह सेंगर | रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब किसी एक धर्म से दूसरे धर्म में जाना आसान नहीं होगा। पूरी प्रक्रिया और नियम कानून का पालन करने के बाद धर्म बदला जा सकेगा। छत्तीसगढ़ सरकार धार्मिक स्वतंत्रता कानून बनाने जा रही है। नियमों का उल्लंघन या जबरिया धर्म परिवर्तन कराने पर जेल के साथ कड़ी सजा का प्रावधान किया जाएगा। राज्य सरकार में धर्मांतरण के मुद्दे पर ईसाई समुदाय और हिंदू संगठनों के बीच लगातार बढ़ते विवाद के बीच धार्मिक स्वतंत्रता संशोधन विधेयक बना रही है। विधेयक को विधानसभा सत्र के दौरान सार्वजनिक कर पारित किया जाएगा। धर्म परिवर्तन से 60 दिन पहले जानकारी देनी होगी।

सरकार ने धार्मिक स्वतंत्रता कानून बनाने के लिए ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के अधिनियम की स्टडी की है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने 52 मीटिंग लेकर मसौदा तैयार करवाया है। 5 पेज के ड्राफ्ट में 17 बिंदु शामिल किए गए हैं। इसमें प्रलोभन या दबाव देकर धर्म बदलवाने पर सजा का प्रावधान रहेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा ने संकेत दिए हैं कि सरकार संशोधित धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सार्वजनिक कर सकती है।

### धर्मांतरण की प्रक्रिया को वैधानिक मान्यता देने वाला कोई नियम नहीं

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में धर्मांतरण की प्रक्रिया को वैधानिक मान्यता देने वाला कोई स्पष्ट नियम नहीं है। अक्सर देखा जाता है कि, लोग किसी अन्य धर्म के अनुयायी की बातों या प्रभाव में आकर उस धर्म को अपनाते हैं। उसकी पूजा-पद्धतियों को मानकर खुद को उस धर्म का अनुयायी घोषित कर देते हैं। अगर कोई व्यक्ति इस प्रस्तावित नियम के बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे वैध नहीं माना जाएगा। साथ ही किसी पर दबाव बनाकर या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**ये है धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियमः** इस अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने का अधिकार है। इस स्वतंत्रता को लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद के धर्म का अभ्यास करने और उसका पालन करने का अधिकार है।

### ...कानून की जरूरत

छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों में खासकर बस्तर, जशपुर, रायगढ़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आदिवासियों को ईसाई धर्म में लिया जा रहा है। यह विवाद का विषय बना हुआ है। बस्तर के नारायणपुर क्षेत्र में तो यह गुटीय संघर्ष में तब्दील हो चुका है। आदिवासी और धर्म परिवर्तन करने वाले आदिवासियों के बीच कई बार गंभीर विवाद हो चुका है।


## भास्कर CLASSIFIED



भास्कर APPOINTMENT
से मेरे ऑफिस के लिए मिले अनुभवी और प्रतिभाशाली लोग

दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम

BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान

• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट

9772019222

अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

**एनाउंसमेंट**
**ANNOUNCEMENTS**

**नाम परिवर्तन**

**It is for general information** that , I Santosh S/0 Subhash Garhi Ujale Khan Gohana Distt.- Sonipat State Haryana 131301 , decalre that my mother name is worngly written as NIRMALA DEVI in my 8th and 10th and 12th marksheet . The actual of my mother name is NIRMLA which may be amended accordingly. It is certified that I have completed with other legal requirements in this connection. SANTOSH

**I Julfekar Ali S/O Nasarodin** Miya R/O vill JaladiTola, Post Sankhe khas, Sankhekhas, GopalGanj 841438, has changed name from Julfikar Ali to Julfekar Ali for all future purposes

**सर्विसेस**
**SERVICES**

**लोन फायनेंस**

लोन धमाका ऑफर(श्रीबालाजी फाइनेंस) 1965 से Regd (50,000-95,00,000), मार्कशीट, ग्रुपलोन, प्रोपर्टी, दुधडेरी, पर्सनल, बिजनेस, आधारकार्ड, राशनकार्ड, BPL, पशुपालन, मॉर्गेज लोन (ब्याज-1%, छूट-60%) कम कागज़ी कार्यवाही(महिलाओं/ किसानों को विशेष ऑफर),सिबिल खराब लोन पाये (एजेंट आमंत्रित)संपर्क:-आरती शर्मा:- 9599213674, 9599213783

**अन्य**

**मच्छरों का दुश्मन**
मच्छरों को दूर भगाने और घर के अंदर सुगंधित वातावरण पाने के लिए लगाएं
Only 30/-
कॅप्टन हर्बल
No Side Effect
कीमत मात्र 30 रुपये
एक पैकेट की पावर 20 दिन तक चलती है
इस पैकेट को खुला रखें, जलाने की जरूरत नहीं, कोई साइड इफेक्ट नहीं,
ग्राहकों की भारी मांग
जिला एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक एजेंसी उपलब्ध करायी जाती है.
कोई डिपॉझिट जमा नहीं है
सेवानिवृत्त व्यक्तियों एवं महिलाओं को प्रथम प्राथमिकता
8856050644
9689637151
नागपूर

**ज्योतिष**
**ASTROLOGY**

**ज्योतिष**

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792

**Vastu Shastra**

आपके घर , प्लॉट , दुकान , होटल, रेस्टोरेन्ट, कारखाना आदि की त्रुटियां वास्तुशास्त्र समस्त सुधार हेतु सम्पर्क करें। महावीर प्रजापत वास्तुशास्त्री , दिल्ली शहर , दिल्ली , मो. 8233937978

**एजुकेशन**
**EDUCATION**

**Study Abroad**

यूके स्टडी वीज़ा 2025! सभी भुगतान वीज़ा के बाद ही। बिना IELTS भी अवसर। सीमित सीटें, आज ही संपर्क करें: mob 95925-26088 | 77079-96088

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.

**फंड का फंडा**

## वैल्यू फंड्सः 10 वर्ष में दिया 20% तक रिटर्न

हर निवेशक चाहता है कि वह ऐसे शेयर में पैसे लगाए, जो फिलहाल अपनी सही कीमत से नीचे चल रहा हो, यानी अंडर-वैल्यूड हो। ऐसे शेयरों में लॉन्ग टर्म में ऊंचा रिटर्न मिलने की संभावना अधिक होती है। वैल्यू फंड, म्यूचुअल फंड का एक प्रकार हैं जो ऐसे ही शेयरों में निवेश करते हैं, जो लॉन्ग टर्म में ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता रखते हों। इससे बाजार के उतार-चढ़ाव में नुकसान का जोखिम कम होता है। ये फंड निवेश के पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई करने में मददगार होते हैं।

### एसआईपी रिटर्न के आधार पर जेएम वैल्यू फंड टॉप परफॉर्मर

| स्कीम | निवेश | मूल्य | रिटर्न(%) |
|---|---|---|---|
| जेएम वैल्यू फंड | 12 | 34.92 | 20.27 |
| एचएसबीसी वैल्यू | 12 | 34.64 | 20.12 |
| निप्पॉन इंडिया वैल्यू | 12 | 33.85 | 19.69 |
| ICICI प्रू वैल्यू | 12 | 33.66 | 19.58 |
| बंधन वैल्यू फंड | 12 | 33.02 | 19.23 |

आंकड़े लाख रु. में 18 जुलाई 2025 के अनुसार। (स्रोतः एस एमएफ)

**प्राइमरी मार्केट**

## इस हफ्ते 11 आईपीओ, जुटाएंगे 8,783 करोड़

**मुंबई** | इस हफ्ते प्राइमरी मार्केट में 11 आईपीओ खुलेंगे। इनमें तीन बड़ी (मेनबोर्ड) और आठ छोटी (एसएमई) कंपनियों के हैं। इनका बाजार से 8,780 करोड़ रु. से ज्यादा पूंजी जुटाने का लक्ष्य है। मेनबोर्ड सेगमेंट में हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर, नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट और जेएसडब्ल्यू सीमेंट के आईपीओ खुलेंगे।

### नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट आईपीओ से जुटाएगा 4,800 करोड़ रुपए

| कंपनी | खुलेगा/बंद | साइज |
|---|---|---|
| भदौरा इंडस्ट्रीज | 4/6 अग. | 56 |
| पार्थ इलेक्ट्रिकल्स | 4/6 अग. | 50 |
| ज्योति ग्लोबल प्लास्ट | 4/6 अग. | 35 |
| आराध्या डिस्पोजल | 4/6 अग. | 45 |
| बीएलटी लॉजिस्टिक्स | 4/6 अग. | 10 |
| एसेक्स मरीन | 4/6 अग. | 23 |
| हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर | 5/7 अग. | 130 |
| नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट | 5/7 अग. | 4,800 |
| जेएसडब्ल्यू सीमेंट | 7/11 अग. | 3,600 |
| सवालिया फूड्स | 7/11 अग. | 35 |
| एएनबी मेटल कास्ट | 8/12 अग. | - |
| कुल | | 8,783 |

(आंकड़े करोड़ रु. में)

**क्रिप्टो**

## ट्रम्प के टैरिफ से क्रिप्टो करेंसी में प्रॉफिट बुकिंग

**मुंबई** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनिया के कई देशों के खिलाफ 10-41% के बीच नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इससे महंगाई बढ़ने और फेडरल रिजर्व की रेट कट करने की क्षमता को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। जोखिम बढ़ने का सेंटिमेंट तेज हो होने से निवेशकों ने क्रिप्टो एसेट में मुनाफा वसूली शुरू की है। बीते शुक्रवार बिटकॉइन की कीमत 3% गिरकर 1,13,231.41 डॉलर पर आ गई, जबकि ईथर और सोलाना टोकन क्रमशः 6% और 5% गिरे। इस गिरावट ने लंबी अवधि की कीमतों में गिरावट की लहर पैदा की है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसे जोखिम घटाने (डी-रिस्किंग) के दौर में क्रिप्टो को नुकसान पहुंचता है क्योंकि निवेशक ऐसी अस्थिर एसेट में से सबसे पहले और सबसे ज्यादा पैसे निकालते हैं। कुछ एक्सपर्ट्स के मुताबिक जुलाई में क्रिप्टोकरेंसी में अच्छे खासे इन्फ्लो के बाद अगस्त की शुरुआत में ये गिरावट अच्छी है। क्रिप्टो रिसर्च प्लेटफॉर्म ड्योर के सीईओ बेन कुरलैंड के मुताबिक मार्केट किसी संकट पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं।

**पर्सनल फाइनेंस**

## RBI फ्लोटिंग बॉन्ड से कमाएं 8 फीसदी ब्याज

**मुंबई** | आरबीआई के फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बॉन्ड (एफआरएसबी) एक सरकार समर्थित स्कीम है, जिसमें 7 साल की लॉक-इन अवधि होती है। हर छह महीने में ब्याज मिलता है। वर्तमान ब्याज दर 8.05% है, जो हर छह महीने में रीसेट होती है। यह राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) दर प्लस 0.35% स्प्रेड से जुड़ी है। एफआरएसबी अब इसलिए लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि ये कई बैंकों की एफडी की तुलना में बेहतर रिटर्न की पेशकश करते हैं। शीर्ष बैंक एफडी पर लगभग 7% ब्याज देते हैं, लेकिन एफआरएसबी सॉवरेन गारंटी के साथ ज्यादा रिटर्न देते हैं।

आरबीआई के फ्लोटिंग रेट सेविंग्स बॉन्ड एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे ऑथराइज्ड बैंकों के माध्यम से ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। निवेशक के पास पैन कार्ड होना अनिवार्य है। न्यूनतम निवेश 1,000 रु. है। अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। एफआरएसबी से प्राप्त ब्याज टैक्सेबल है और स्रोत पर कोई टीडीएस नहीं लगता है। इन बॉन्ड्स की ट्रेडिंग नहीं होती है।

**मार्केट इनसाइट** खींचतान जारी... प्रमुख इंडिकेटर्स का रुझान गिरावट की तरफ, पर एक अच्छी खबर पलट सकती है पूरा ट्रेंड

# शॉर्ट टर्म में पैसे बनाना मुश्किल, गिरावट में क्वालिटी शेयर खरीदें



**सुदीप शाह**
वाइस प्रेसिडेंट, हेड ऑफ टेक्निकल एंड डेरिवेटिव्स रिसर्च, एसबीआई सिक्युरिटीज

बाजार में बिकवाली हावी है। निफ्टी लगातार 5 हफ्तों से गिर रहा है, जो अगस्त 2023 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं। मसलन, ट्रेड टैरिफ को लेकर भारत-अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और खराब कॉरपोरेट नतीजे। साप्ताहिक चार्ट पर लंबी ऊपरी छाया वाली कैंडल्स बन रही हैं। यह पैटर्न दर्शाता है कि ऊंचे स्तरों पर कीमतें टिक नहीं पा रही है और उन्हें भारी बिकवाली का सामना करना पड़ रहा है। बुल्स (खरीदने वाले) बार-बार कोशिश करते हैं, लेकिन बेयर (बेचने वाले) हावी हो जाते हैं। यानी बिकवाली और अनिश्चितता का माहौल है।

### फिलहाल निफ्टी के लिए 24,900-24,950 का स्तर लांघना बड़ी चुनौती

**निफ्टीः 100 दिन ईएमए से नीचे ट्रेड कर रहा**

निफ्टी 20-दिन, 50-दिन और 100-दिन के ईएमए (एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज) से नीचे है। दैनिक आरएसआई भी 40 से नीचे है, जो मंदी के ट्रेंड को मजबूत करता है। निफ्टी को 24,400–24,350 पर सपोर्ट है। यह स्तर टूटता है तो और गिरावट आ सकती है। वहीं, 24,900–24,950 का स्तर लांघना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

**चिंताः निफ्टी से ज्यादा टूट मिडकैप, स्मॉल कैप में**

निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉल कैप 100 ने लगातार दूसरे सप्ताह निफ्टी की तुलना में खराब प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 150 और निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स और बुरी तरह पिटे। वे क्रमशः 1.92% और 2.97% नीचे थे। बीते हफ्ते सिर्फ बीएसई एफएमसीजी ही बढ़त में बंद होने में कामयाब रहा। इसमें 2.41% की उछाल देखी गई।

**एफआईआईः बीते महीने 50 हजार करोड़ निकाले**

कैश मार्केट में, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जुलाई 2025 से अब तक 50 हजार करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। डेरिवेटिव सेगमेंट में, एफआईआई का लॉन्ग-शॉर्ट अनुपात हाल के दिनों में सबसे निचले स्तर 10% पर आ गया है। यह आक्रामक शॉर्ट पोजिशन की तरफ इशारा करता है। ये मंदी का संकेत है।

**सेक्टरः आईटी, ऑयल दबाव में, एफएमसीजी में तेजी**

निफ्टी आईटी, इंडिया डिफेंस, ऑयल एंड गैस, रियल्टी, मेटल, सरकारी बैंक, मीडिया, सीपीएसई जैसे कई सेक्टर दबाव में रहने की संभावना है। निफ्टी एफएमसीजी में कुछ मजबूती दिख रही है।
**स्टॉकः** तकनीकी रूप से, जेएसएल, इमामी, ह्युंडई, जियो फाइनेंस, ग्रेफाइट और इंडिगो शॉर्ट टर्म में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

**सलाहः बड़ी खरीदारी से बचें, सारे पैसे एक साथ न लगाएं**

इस अस्थिर माहौल में अच्छी गुणवत्ता वाले शेयरों पर ध्यान दें। जोखिम प्रबंधन का पालन करें। बाजार के बड़े रुझान के साथ चलें। अत्यधिक खरीदारी से बचें। लॉन्ग टर्म निवेश करने वाले लोगों को इस गिरावट को मौके के तौर पर लेना चाहिए। हर गिरावट में थोड़ी-थोड़ी खरीदारी करें। ऐतिहासिक रूप से, जब भी एफआईआई लॉन्ग-शॉर्ट अनुपात 10-15% से नीचे गिरता है, तो बाजार में शॉर्ट-कवरिंग रैली की संभावना बनती है। वजह यह है कि मार्केट ने तमाम निगेटिव फैक्टर्स को पहले जज्ब कर लिया है। ऐसे में एक अच्छी खबर पूरा ट्रेंड पलट सकती है।

**बिजनेस एक्सप्लेनर** रियल एस्टेट में रीट्स और एआईएफ निवेश बढ़ने के क्या हैं मायने

# रियल एस्टेट कंपनियों की वैल्युएशन ₹16 लाख करोड़, फंडिंग 3 गुना बढ़ी

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत का रियल एस्टेट सेक्टर तेजी से बदल रहा है और अब यह अर्थव्यवस्था के सबसे परिपक्व और गतिशील क्षेत्रों में से एक बन गया है। ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, देश की सबसे मूल्यवान रियल एस्टेट कंपनियों का कुल वैल्युएशन 16 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। यह पिछले साल की तुलना में 1.9 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। यानी 14% की सालाना वृद्धि हुई। इतना ही नहीं, एक्वीरस कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कंपनियों द्वारा जुटाए गए फंड की राशि तीन गुना बढ़कर 32,853 करोड़ रुपए हो गई है, जबकि वित्त वर्ष 2024 में यह 10,955 करोड़ थी। इस बढ़ोतरी से पता चलता है कि निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और सेक्टर में फिर से तेजी आई है।

रीट्स, ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) इस बदलाव में अहम भूमिका निभा रहे हैं। एसबीआई कैप्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेवलपर्स अब आईपीओ, रीट, क्यूआईपी, विदेशी फंडिंग और पीपीपी मोड के जरिये निवेश के रास्ते तलाश रहे हैं। प्रमोटरों ने वित्त वर्ष 2025 में इक्विटी जुटाने के लिए क्यूआईपी के रास्ते पर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। 3 स्थापित कंपनियों द्वारा कुल 12,500 करोड़ रुपए के क्यूआईपी जारी किए गए।

### अमेरिका में 98% प्रॉपर्टी रीट्स में, भारत में 12% ही, यानी बड़ी संभावनाएं




### एआईएफ का सबसे ज्यादा 13% निवेश रियल एस्टेट में आ रहा है

▪ **रियल एस्टेट सेक्टर क्यों आकर्षित होता जा रहा है?** यह सेक्टर का प्रीमियम संपत्तियों पर फोकस है। हाइब्रिड वर्किंग मॉडल का दबदबा बढ़ रहा है। रेरा और आईबीसी जैसे नियमों ने इस सेक्टर को पारदर्शी बनाया है।

▪ **फंडिंग और निवेश के ट्रेंड कैसे बदल रहे हैं?** आज भी बैंक रियल एस्टेट को सबसे ज्यादा 35 लाख करोड़ रुपए की फंडिंग देते हैं, लेकिन बैंक जमीन खरीदने जैसे जोखिम भरे कामों में सीधे निवेश नहीं कर सकते। इसमें बैंक क्रेडिट 2021 के 17.8 लाख करोड़ से 2025 में दोगुना होकर 35 लाख करोड़ हो गई है। कुल बैंक क्रेडिट में 20% शेयर है। **एआईएफः** जमीन खरीदने जैसे जोखिम भरे कामों में एआईएफ की भूमिका बढ़ रही है। ये जोखिम वाले शुरुआती चरणों (जैसे जमीन अधिग्रहण और निर्माण) में निवेश करते हैं। एआईएफ में सालाना 20% से अधिक की ग्रोथ है और रियल एस्टेट सेक्टर में एआईएफ का एक्सपोजर 13% है। ये दूसरे पसंदीदा सेक्टर आईटी से दोगुना है। एआईएफ ने रियल एस्टेट सेक्टर में करीब 70 हजार करोड़ रुपए फाइनेंस किए हैं।

**4. रीट्स के तहत निवेश 30% सालाना बढ़ रहाः** ये एक तरह के म्यूचुअल फंड की तरह हैं, जहां छोटे निवेशक भी बड़ी व्यावसायिक संपत्तियों (जैसे ऑफिस, मॉल) में निवेश कर सकते हैं। 5 वर्ष में रीट्स का कुल एयूएम 30% की सालाना दर से बढ़ा है। यह 1 लाख करोड़ रुपए पार कर चुका है। घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों की रीट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 46% हो गई है, जो पहले 28% थी। देश में अभी 7 लाख करोड़ की एसेट्स हैं, जो रीट्स में जुड़ सकती हैं।

▪ **इस सेक्टर की मांग क्यों बढ़ रही है?** **ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी):** ये विदेशी कंपनियों के दफ्तर हैं जो भारत में सर्विसेज देते हैं। जीसीसी ने 2024 में रिकॉर्ड 2.8 करोड़ वर्ग फुट ऑफिस स्पेस लीज पर ली, और 2025 में भी यह मांग जारी है। कैलेंडर वर्ष 25 की पहली छमाही में को-वर्किंग स्पेसेज लीजिंग में सालाना 43% की वृद्धि हुई। ये सब फैक्टर इस सेक्टर को नए फेज में ले जा रहे हैं।

**बिजनेस आइडिया**

## 45 हजार में आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग शुरू करें

भास्कर न्यूज | मुंबई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इसकी मांग युवाओं, कामकाजी महिलाओं और फैशन-प्रेमियों में काफी है, क्योंकि यह सस्ती, ट्रेंडी और वैरायटी से भरपूर होती है। अगर आप कम लागत में एक मुनाफे वाला बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो आर्टिफिशियल ज्वेलरी मैन्युफैक्चरिंग एक बेहतरीन विकल्प है। इस बिजनेस की सफलता में आपकी क्रिएटिविटी और सोशल रूप से एक्टिव होना सबसे ज्यादा मायने रखता है।

इस बिजनेस में आप खुद की डिजाइन तैयार करके ईयररिंग्स, नेकलेस, चूड़ियां, ब्रेसलेट, रिंग आदि बना सकते हैं। इसके लिए आप बीड्स, स्टोन, धागा, मेटल चैन, कुंदन आदि कच्चे माल का उपयोग करेंगे। ये सामान किसी भी शहर के होलसेल मार्केट में आसानी से मिल सकता है। शुरुआत में आप घर से ही काम कर सकते हैं। बाद में कारीगर जोड़कर बिजनेस का विस्तार कर सकते हैं।



**लागत कम, घर से ही शुरू कर सकते हैं काम**

| खर्च का प्रकार | अनुमानित लागत |
|---|---|
| कच्चा माल | ₹20,000 |
| टूल्स-इक्विपमेंट | ₹8,000 |
| पैकेजिंग सामग्री | ₹5,000 |
| ऑनलाइन कोर्स | ₹5,000 |
| मार्केटिंग | ₹10,000 |
| कुल लागत | ₹45,000 |

**मुनाफाः शुरुआत में हर माह ₹30 हजार कमाई संभव**

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के बिजनेस में आसानी से 100 से 150% मार्जिन मिल सकता है। एक ज्वेलरी सेट की मैन्युफैक्चरिंग लागत 50-100 होती है जिसे आप 200-500 में बेच सकते हैं। हर महीने यदि 300 पीस बेचते हैं। औसतन 100 रु./ यूनिट का मुनाफा होता है तो प्रॉफिट 30 हजार हो सकता है।

**मार्केटिंग रणनीतिः अपने सर्कल से शुरुआत करें**

▪ **सोशल मीडियाः** इंस्टाग्राम, फेसबुक और पिनस्ट्रीट जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रोफाइल बनाकर प्रोडक्ट प्रमोट करें। ▪ **ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मः** अमेजन, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, मीशो आदि पर लिस्टिंग करें। ▪ **लोकल मार्केट/हाट्सः** मेलों, कॉलेज फेस्ट और लोकल बुटीक में बिक्री करें। ▪ **वाट्सएप बिजनेस ग्रुपः** सर्कल में प्रचार करें। कस्टमर से रिव्यू लें।

**बफे स्ट्रैटजी** बीती तिमाही 26,154 करोड़ रु. के शेयर बेचे

## वॉरेन बफे ने लगातार 11वीं तिमाही शेयर बेचे, कैश रिकॉर्ड 30 लाख करोड़ रुपए

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने सीईओ के पद से उनके हटने की घोषणा के बाद अपनी पहली तिमाही रिपोर्ट जारी की है। इसमें कुछ अहम बातें सामने आई हैं। कंपनी का ऑपरेटिंग मुनाफा 4% गिरकर 11.2 अरब डॉलर (97,642 करोड़ रु.) रहा। बर्कशायर ने लगातार 11वीं तिमाही में शेयरों को बेचा है।

पिछली तिमाही में उसने 6.9 अरब डॉलर के शेयर बेचे और 3.9 बिलियन डॉलर के शेयर खरीदे, यानी कुल मिलाकर 3 अरब डॉलर (26,154 करोड़ रु.) के शेयर बेचे गए। मुनाफे में गिरावट की मुख्य वजह बीमा कारोबार में कम कमाई और विदेशी मुद्रा के विनिमय में 7,646 करोड़ रु. का नुकसान होना था। पिछले साल कंपनी ने एपल और बैंक ऑफ अमेरिका जैसे प्रमुख शेयरों में भी अपनी हिस्सेदारी कम की थी।

**कोका-कोला के मार्केट कैप से ज्यादा पहुंची नकदी**



कंपनी के पास अब 344 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रु) की रिकॉर्ड नकदी है। यह राशि कोका-कोला और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी बड़ी कंपनियों के कुल बाजार मूल्य से भी ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों से वॉरेन बफे और उनकी टीम को अच्छे निवेश के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, क्योंकि शेयर, निजी कंपनियों और यहां तक कि बर्कशायर के शेयरों का मूल्यांकन बहुत ज्यादा है।

**कंपनी को जानें** इस कंपनी ने देश में 92 साल पहले कदम रखा था

## एचयूएलः 90% भारतीय रोज इस्तेमाल करते हैं इसके प्रोडक्ट, पहली महिला सीईओ मिलने से मार्केट उत्साहित

भास्कर न्यूज | मुंबई

हर 10 में से 9 भारतीय रोज हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) का कोई न कोई प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। चाहे लक्स, पियर्स, लाइफबॉय, डव, जैसे साबुन हों या सनसिल्क जैसे शैम्पू या फिर क्लोज-अप, पेप्सोडेंट जैसे टूथपेस्ट। कंपनी ने हाल ही में अपने मैनेजमेंट में बदलाव किया है। प्रिया नायर को एमडी और सीईओ नियुक्त किया है। वे कंपनी में इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। वे बीते 30 वर्षों से (1995 से) कंपनी के साथ जुड़ी हैं। 2023 से, प्रिया यूनिलीवर के सबसे तेजी से बढ़ते बिजनेस में से एक, ब्यूटी एंड वेलबीइंग के प्रेसिडेंट के रूप में काम कर रही थीं। एमडी-सीईओ के रूप में प्रिया नायर की नियुक्ति को मार्केट में सकारात्मक नजरिये से देखा जा रहा है। इसके बाद ब्रोकरेज फर्मों ने कंपनी के प्रति सकारात्मक रुख रखते हुए इसके शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ा दिया है। यह 1956 में सार्वजनिक होने वाली पहली बहुराष्ट्रीय कंपनियों में से एक थी। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों ने इस साल 1 जनवरी से 1 जुलाई तक 9.83% रिटर्न दिया है। बीते पांच वर्षों में कंपनी का औसत रिटर्न 15.29% है। बीते हफ्ते शुक्रवार को इसके शेयर बीएसई पर 2,551 रुपए पर बंद हुए।

**ब्रोकरेज फर्मों को एचयूएल के शेयर में 27% तक उछाल की उम्मीद**

| ब्रोकरेज फर्म | रेटिंग | टारगेट |
|---|---|---|
| जेएम फाइनेंशियल | बाय | ₹2,770 |
| गोल्डमैन सैक्स | बाय | ₹2,900 |
| मोतीलाल ओसवाल | बाय | ₹3,000 |
| यूबीएस | बाय | ₹3,000 |
| नुवामा | बाय | ₹3,240 |

▪ जून तिमाही में एचयूएल का प्रॉफिट सालाना आधार पर 5.6% बढ़कर 2,756 करोड़ हो गया। होम केयर सेगमेंट की आय 2% बढ़कर 5,783 करोड़ रही। ब्यूटी और वेलबीइंग की आय 4.7% बढ़कर 3,349 करोड़ रही।

**इक्विटी मास्टर क्लास** सेक्टर-स्पेसिफिक, थीम-बेस्ड, या स्ट्रैटजी-बेस्ड फंड की तरह सीधे शेयरों में निवेश करने का स्मार्ट तरीका

# स्टॉक बास्केटः इक्विटी में सीधे निवेश, लेकिन म्यूचुअल फंड जैसे फायदे

**पार्ट-25**



**श्रीकांत चौहान**
इक्विटी रिसर्च हेड, कोटक सिक्युरिटीज

**शेयर** बाजार में निवेश अब सिर्फ अलग-अलग शेयर चुनने तक सीमित नहीं रहा। निवेशक ऐसे स्मार्ट थीम-आधारित तरीके चाहते हैं, जिसमें डाइवर्सिफिकेशन और सरलता दोनों का फायदा मिल सके। ऐसा ही एक आधुनिक तरीका जो तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, वह है स्टॉक बास्केट। एक स्टॉक बास्केट निवेशकों को एक ही लेनदेन में शेयरों के एक चुने हुए ग्रुप में खरीदने की सुविधा देती है। इससे किसी खास थीम, सेक्टर या रणनीतियों के आधार पर निवेश करना आसान हो जाता है। समझते हैं कि स्टॉक बास्केट क्या हैं, कैसे काम करती हैं और आप अपने लक्ष्यों के लिए सही बास्केट कैसे चुन सकते हैं...

**खूबी....ये बास्केट अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा बनाई जाती हैं**

स्टॉक बास्केट पहले से चुने गए शेयरों का एक कलेक्शन है। इन शेयरों को किसी सामान्य थीम, सेक्टर या निवेश रणनीति के आधार पर एक ग्रुप में रखा जाता है। इसमें हर शेयर को अलग-अलग खरीदने की बजाय, निवेशक पूरी बास्केट को एक साथ खरीद सकते हैं। ये बास्केट अक्सर अनुभवी विश्लेषकों या ब्रोकरेज फर्मों द्वारा बनाई जाती हैं। इन्हें सेक्टर-स्पेसिफिक (जैसे बैंकिंग, आईटी या फार्मा), थीम-बेस्ड (जैसे ग्रीन एनर्जी, कंजम्पशन या डिजिटल इंडिया), या स्ट्रैटजी-बेस्ड (जैसे हाई डिविडेंड, ग्रोथ स्टॉक या वैल्यू पिक्स) बनाया जा सकता है।

**लचीलापन.... एक पूंजी को कई शेयरों में एक साथ लगाने का मौका**

जब आप स्टॉक बास्केट में निवेश करते हैं, तो पैसा बास्केट में शामिल सभी शेयरों में बांटा जाता है। मान लीजिए, आप 'बैंकिंग लीडर्स बास्केट' में 50 हजार रु. लगाते हैं, जिसमें 5 प्रमुख बैंक एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस, एसबीआई और कोटक महिंद्रा हैं। सभी 5 बैंकों में बराबर-बराबर राशि बांटी जाएगी। यानी 10-10 हजार रुपए लगेंगे।
▪ ये शेयर सीधे आपके डीमैट में आ जाएंगे। इससे पूरे सेक्टर में लक्ष्य-आधारित एक्सपोजर मिलता है। आपको हर शेयर की अलग से रिसर्च या खरीदारी नहीं करनी पड़ती है।

**फायदे... पोर्टफोलियो में कम पूंजी से विविधता, निवेश जोखिम भी कम**

1. **डाइवर्सिफिकेशन आसानः** एक ही बार में कई शेयरों में निवेश होने से एक शेयर से जुड़ा जोखिम कम हो जाता है।
2. **विशेषज्ञों की रायः** ज्यादातर बास्केट मार्केट एक्सपर्ट्स द्वारा तैयार की जाती हैं।
3. **पारदर्शिता और नियंत्रणः** आपको पता होता है कि कौन से शेयर और कितनी मात्रा में आपके पास हैं।
4. **कम निवेशः** कुछ बास्केट 5 हजार या 10 हजार रुपए से शुरू होती हैं।
5. **कस्टमाइजेशनः** कुछ प्लेटफॉर्म बास्केट में बदलाव या रीबैलेंस करने की सुविधा देते हैं।

**वैरायटी... जानिए मार्केट में किस तरह की स्टॉक बॉस्केट चर्चित हैं**

**सेक्टोरल बास्केटः** ये किसी एक उद्योग पर केंद्रित होती हैं जैसे आईटी या बैंकिंग सेक्टर।
**थीमैटिक बास्केटः** ये ईवी, मेक इन इंडिया या इंफ्रा ग्रोथ जैसे आइडिया के इर्द-गिर्द होती हैं।
**जोखिम-आधारित बास्केटः** ये निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार होती हैं- जैसे कंजरवेटिव, बैलेंस्ड या अग्रेसिव।
**मोमेंटम या टेक्निकल बास्केटः** ये शेयरों के मूल्य के प्रदर्शन और तकनीकी तकनीकी संकेतों के आधार पर बनाई जाती हैं।
**लॉन्ग-टर्म ग्रोथः** ब्लू-चिप कंपनियों पर फोकस, जो लॉन्ग टर्म में बेहतर ग्रोथ की संभावना।

**ध्यान रखने योग्य बातें** | बास्केट स्टॉक-स्पेसिफिक जोखिम कम करते हैं, लेकिन बाजार जोखिम को खत्म नहीं कर सकते। किसी भी पोर्टफोलियो की तरह, समय-समय पर बास्केट के प्रदर्शन की समीक्षा करें। ▪ **थीम समझें:** ऐसी बास्केट में निवेश करें जिनकी थीम आपके वित्तीय लक्ष्यों से मेल खाती हो। ▪ **शुल्क चेक करें:** चार्जेज अक्सर म्यूचुअल फंड की तुलना में कम होते हैं, लेकिन प्लेटफॉर्म शुल्क लग सकता हैं।

**दैनिक भास्कर स्पोर्ट्स चैलेंज**

**चैलेंज-42 के सही जवाब और विजेताओं के नाम**

सवाल 1 : C | सवाल 2 : B | सवाल 3 : C
सवाल 4 : B | सवाल 5 : A | 10 विजेता

| | |
|---|---|
| गौरव भाटिया | (******1940,ग्वालियर) |
| प्रियंका सिंह | (******2568,रीवा) |
| रुकणमी बघेल | (******8113,बिलासपुर) |
| अभिनव बजाज | (******1819,संगरूर) |
| लक्ष्मीकांत | (******3563,वणी) |
| स्नेहा गुप्ता | (******4041,दिल्ली) |
| आकृति दोषी | (******1821,भुज) |
| अश्वनी जायसवाल | (******5033,अंबाला) |
| बिंदेश्वर राय | (******4401,पटना) |
| छाया पटेल | (******7438,सूरत) |

▪ सभी विजेताओं को मिलेंगे कुल 20 हजार रुपए मूल्य के 10 इनाम... विजेताओं से भास्कर की टीम जल्द संपर्क करेगी।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### स्विमिंगः अमेरिका ने मेडले रिले में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ा




**सिंगापुर** | अमेरिका ने वर्ल्ड स्विमिंग चैम्पियनशिप के अंतिम दिन महिला 4x100 मीटर मेडले रिले में 3:49.34 मिनट का समय निकालकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इसी के साथ ग्रेचेन वॉल्श, रीगन स्मिथ, केट डगलस और टोरी हस्के की टीम ने गोल्ड हासिल किया। अमेरिका ने अपना ही रिकॉर्ड (3:49.63 मिनट, पेरिस ओलिंपिक) तोड़ा। अमेरिका ने 9 गोल्ड सहित 29 मेडल जीते और शीर्ष स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया 8 गोल्ड समेत 20 मेडल के साथ दूसरे पर रहा।

### फुटबॉलः इंटर मियामी की लगातार दूसरी जीत, नेकाक्सा को शूटआउट में हराया

**फोर्ट लॉडरडेल** | लीग कप में अमेरिकी फुटबॉल क्लब इंटर मियामी ने नेकाक्सा को शूटआउट में 5-4 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत में ही लियोनेल मेसी के हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने से मियामी को बड़ा झटका लगा। हालांकि, टेलास्को सेगोविया ने 12वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद टॉमस बडालोनी (33') व रिकार्डो मोनरियल (81') के गोल से फुलटाइम तक नेकाक्सा 2-1 से आगे था। लेकिन जोर्डी अल्बा ने इंजरी टाइम में गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

### बॉक्सिंगः अंडर-22 एशियन चैम्पियनशिप में भावना और यात्री पटेल सेमीफाइनल में

**बैंकॉक** | अंडर-22 एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भारत की भावना शर्मा और यात्री पटेल ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और दो मेडल पक्के कर लिए। महिला 48 किग्रा में भावना ने वियतनाम की लिंह ची एनगो को और 57 किग्रा में यात्री ने श्रीलंका की कीर्थाना उथायकुमार को सर्वसम्मत फैसले से हराया। अंडर-19 में शिवम ने तुर्कमेनिस्तान के बेजिर्गेन अन्नायेव को हराया, जबकि मौसम सुहाग ने कजाखस्तान के नुरकाब्युलुली मुखित को 3-2 से मात दी। वहीं, शुभम 60 किग्रा में तोरटुबेक आदिलेट से 0-5 से हार गए।

**ओवल टेस्ट** • 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड चौथे दिन स्टंप्स तक 339/6; बारिश की वजह से पांचवें दिन तक खिंचा मैच

# अंतिम दिन 35 रन और 4 विकेट का रोमांच

### लगातार पांचवें मुकाबले में अंतिम दिन आएगा नतीजा

भास्कर न्यूज़ | लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में पांचवां टेस्ट बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। सोमवार को मैच के आखिरी दिन भारत को जीत के लिए 4 विकेट चाहिए, जबकि इंग्लैंड को 35 रन बनाने होंगे। इंग्लिश टीम 374 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही है। चौथे दिन स्टंप्स तक उसने 339/6 का स्कोर बनाया। जेमी स्मिथ (2*) और जेमी ओवर्टन (0*) क्रीज पर थे। दोनों भारतीय तेज गेंदबाजों के आगे असहज लग रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से खेल रोकना पड़ा। दिन में सिर्फ 62.3 ओवर फेंके गए। अब लगातार पांचवें मैच में नतीजा अंतिम दिन तय होगा, जो 25 दिन तक लड़ी गई इस सीरीज का रोमांच बयां करता है। 1-2 से पिछड़ रही भारतीय टीम को सीरीज बचाने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है।

चौथे दिन इंग्लैंड ने 50/1 से पारी आगे बढ़ाई और भारत ने 106 रन तक तीन विकेट झटक लिए। डकेट (54) ने अर्धशतक जमाया जबकि कप्तान ओली पोप (27) सस्ते में आउट हुए। इस स्टेज तक भारत का दबदबा था, लेकिन जो रूट (105) और हैरी ब्रूक (111) ने चौथे विकेट की 195 रन की साझेदारी से भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। लगा कि मैच चौथे दिन ही इंग्लैंड जीत जाएगा, लेकिन चायकाल से पहले भारत को 301 के स्कोर पर ब्रूक का विकेट मिला। इसके बाद क्रमशः 332 और 337 रन पर बेथेल (5) और रूट भी आउट हो गए। भारत ने दबाव बनाया और बारिश से पहले आखिरी 20 गेंदों में सिर्फ दो रन दिए।

अब अंतिम दिन भारतीय टीम नई ऊर्जा के साथ उतरेगी और 22 गेंद बाद नई बॉल भी उपलब्ध हो जाएगी। वहीं, बतौर बैटिंग टीम इंग्लैंड के पास हेवी रोलर चलवाने का विकल्प है ताकि पिच बैटिंग के लिए आसान हो सके।

**चौथे दिन रूट और ब्रूक के शतक**




ब्रूक (10वां शतक) और रूट (39वां शतक) ने 211 गेंद में 195 रन जोड़े।

**फील्डिंग में चूकः ब्रूक का कैच लेकर बाउंड्री के पार चले गए सिराज**







इंग्लिश पारी के 35वें ओवर की पहली गेंद पर ब्रूक को जीवनदान मिला। प्रसिद्ध की शॉर्ट बॉल पर ब्रूक ने पुल शॉट खेला। लॉन्ग लेग बाउंड्री पर मोहम्मद सिराज ने उनका कैच पकड़ा और प्रसिद्ध जश्न मनाने लगे। हालांकि, संतुलन खोते हुए सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया, जिससे ब्रूक को जीवनदान के साथ छक्का भी मिल गया। तब ब्रूक 19 रन पर थे और अपनी पारी को 111 तक ले गए।

### निरंतरताः बैजबॉल में मई 2022 से इंग्लैंड की चौथी पारी में 13वीं शतकीय साझेदारी

374 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लिश टीम ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े। यह चौथी पारी में इंग्लैंड की ओर से मई 2022 के बाद 13वीं शतकीय साझेदारी थी। दुनिया की अन्य 11 टेस्ट टीमों ने कुल मिलाकर चौथी पारी में 13 बार ही शतकीय साझेदारी की है।

### रिकॉर्डः सीरीज में 9 बल्लेबाजों के 400+ रन

ब्रूक ने सीरीज में 400 रन पूरे किए। वे इस सीरीज में 400+ रन बनाने वाले 9वें बल्लेबाज बने। किसी सीरीज में ऐसा पहली बार हुआ, जब 9 बल्लेबाजों ने 400 से ज्यादा रन बनाए। इससे पहले 1975-76 की वेस्ट इंडीज-ऑस्ट्रेलिया सीरीज और 1993 की एशेज में 8-8 बैटर्स 400 रन तक पहुंचे थे।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड ने टॉस जीता (गेंदबाजी)

भारत पहली पारी 224/10.
इंग्लैंड पहली पारी 247/10.
भारत दूसरी पारी 396/10.
इंग्लैंड दूसरी पारी (50/1 से आगे)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डकेट कै राहुल बो प्रसिद्ध | 54 | 83 | 6/0 |
| पोप LBW बो सिराज | 27 | 34 | 5/0 |
| रूट कै जुरेल बो प्रसिद्ध | 105 | 152 | 12/0 |
| ब्रूक कै सिराज बो आकाश दीप | 111 | 98 | 14/2 |
| बेथल बो प्रसिद्ध | 5 | 31 | 1/0 |
| स्मिथ नाबाद | 2 | 17 | 0/0 |
| ओवर्टन नाबाद | 0 | 8 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 21, **कुलः** 339/6. **विकेटः** 2-82, 3-106, 4-301, 5-332, 6-337. **गेंदबाजीः** आकाश दीप 20-4-85-1, प्रसिद्ध 22.2-3-109-3, सिराज 26-5-95-2, वॉशिंगटन 4-0-19-0, जडेजा 4-0-22-0.

### शानदार फॉर्मः डकेट, रूट और ब्रूक के इस सीरीज में 4-4 बार 50+ रन

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट चौथे दिन 83 गेंदों में 54 रन बनाकर आउट हुए। वे भारतीय टीम की दिन की पहली सफलता रहे, जब प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें 82 के स्कोर पर राहुल के हाथों कैच कराया। डकेट का यह सीरीज में चौथा 50+ स्कोर था और ऐसा करने वाले वे इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बने। हालांकि, कुछ ही देर बाद ब्रूक-रूट ने भी चार 50+ स्कोर की बराबरी कर ली। भारत की ओर से सीरीज में सर्वाधिक 50+ स्कोर जडेजा (छह बार) और ऋषभ पंत (पांच बार) ने बनाए।

**दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस की खिताबी जीत में टॉप स्कोरर रहे**

# पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन बने एबीडी

### डिविलियर्स ने टूर्नामेंट में 3 शतक सहित 429 रन बनाए

भास्कर न्यूज़ | बर्मिंघम

दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स (एबीडी) 20 साल से भी ज्यादा लंबे करियर में पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन बने। उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लेजेंड्स का खिताब उठाया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान चैम्पियंस को 9 विकेट से मात दी। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट में अपना तीसरा शतक लगाते हुए सिर्फ 60 गेंदों में 12 चौके और 7 छक्के की मदद से 120* रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत अफ्रीकी टीम ने पाक की ओर से मिले 196 के लक्ष्य को 16.5 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।



पत्नी के साथ एबीडी। वे प्लेयर ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

उन्होंने इस टूर्नामेंट के जरिए संन्यास के चार साल बाद प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अपने पुराने अंदाज में ही खेलते हुए 40 वर्षीय डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 143 की औसत और 220 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बना दिए। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और एक अर्धशतक जड़ा।

### पाक ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से किया इनकार

▪ फाइनल में हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम के टूर्नामेंट में दोबारा हिस्सा लेने पर बैन लगा दिया है। बोर्ड ने टूर्नामेंट के आयोजकों पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

▪ दरअसल, इस टूर्नामेंट में इंडिया चैम्पियंस ने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल सहित दो मुकाबले नहीं खेले। भारतीय खिलाड़ियों ने दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति के चलते पाक के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था।

▪ पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के दोनों संस्करणों में फाइनल तक का सफर तय किया है। पिछली बार टीम भारत के खिलाफ फाइनल हारी थी।

### ऐज फ्रॉड पर बीसीसीआई का बड़ा कदम, जांच के लिए बनाएगी एजेंसी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयु धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, बोर्ड खिलाड़ियों के डॉक्यूमेंट्स की पुष्टि के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त करने की तैयारी में है। हाल ही में इसके लिए एक रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया गया है। इसमें प्रतिष्ठित एजेंसियों को सर्विस देने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह एजेंसी अगस्त के अंत तक नियुक्त हो सकती है। बोर्ड ने इन एजेंसियों से तीन वर्षों का अनुभव, देशभर में नेटवर्क, डिजिटल व फिजिकल वेरिफिकेशन की क्षमता और ग्रामीण क्षेत्रों में फील्ड चेकिंग की योग्यता मांगी है। इस प्रक्रिया के जरिए बोर्ड आयु जांच की प्रक्रिया को अधिक पेशेवर और पारदर्शी बनाना चाहता है। मौजूदा समय में बीसीसीआई का दो-स्तरीय आयु सत्यापन प्रणाली है- पहले डॉक्यूमेंट्स की जांच, फिर टैनर-व्हाइटहाउस 3 यानी टीडब्ल्यू बोन टेस्ट। यह प्रक्रिया अंडर-16 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों पर लागू होती है। हर साल जुलाई-अगस्त में बोर्ड खिलाड़ियों के उम्र की जांच करता है, लेकिन इस बार यह प्रक्रिया सितंबर तक बढ़ाई जा सकती है।

## माइंड गेम # 167

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | | 1 | | 2 | | | |
| | 3 | | | 6 | | | | 7 |
| | 6 | | | | 8 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | | |
| 3 | | 2 | | 7 | | | | 8 |
| 6 | | | | | | | 3 | 2 |
| | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 2 | | 3 | | | | 7 | |
| 4 | 5 | | | 8 | 7 | | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

▪ बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
▪ सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
▪ हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 166 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 | 7 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 6 | 9 |

## वर्ड-लूप # 167




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 166 का जवाबः REISSUES

**कनाडा ओपन** • सिर्फ 62 मिनट में जीत गईं

## टेनिसः 18 साल की विक्टोरिया ने टॉप सीड गॉफ को चौंकाया

भास्कर न्यूज़ | मॉन्ट्रियल

कनाडा की 18 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने कनाडा ओपन में उलटफेर किया। विक्टोरिया ने टॉप सीड और वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। उन्होंने गॉफ के खिलाफ मुकाबला सिर्फ 62 मिनट में खत्म किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। विक्टोरिया ने चारों ब्रेक प्वाइंट बचाए और गॉफ की सर्विस तीन बार तोड़ी। यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं, नौवीं सीड एलिना रायबकिना ने यूक्रेन की डायाना यास्त्रेम्स्का को 5-7, 6-2, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनका सामना यूक्रेन की मार्ता कोस्ट्युक से होगा, जिन्होंने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7, 6-3, 6-3 से मात दी।



**महिला फुटबॉलः** ब्राजील नौवीं बार कोपा अमेरिका चैम्पियन, शूटआउट में 5-4 से जीता



**क्विटो (इक्वाडोर)** | ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने कोपा अमेरिका का खिताब जीत लिया है। रोमांचक फाइनल में ब्राजील ने पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया को 5-4 से हराकर लगातार पांचवीं और कुल नौवीं बार खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय और इंजरी टाइम तक स्कोर 4-4 से बराबर था। पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील की गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने दो शानदार सेव कर टीम को जीत दिलाई। यह टूर्नामेंट का 10वां सीजन था।

**दूसरा टी20** • आखिरी गेंद पर चौका लगाकर जीते

## 8 साल बाद पाक से जीता विंडीज

भास्कर न्यूज़ | लॉडरहिल

वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच अमेरिका में चल रही तीन टी20 की सीरीज के दूसरे मुकाबले में विंडीज ने दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इस नतीजे से सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई।

134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विंडीज को आखिरी ओवर में 8 रन बनाने थे। शाहीन अफरीदी की शुरुआती पांच गेंदों में एक वाइड सहित छह रन बने। अंतिम गेंद पर जेसन होल्डर (16* रन, 10 गेंद) ने चौका लगाकर टीम को यादगार जीत दिला दी। प्लेयर ऑफ द मैच जेसन होल्डर ने इससे पहले 19 रन



देकर चार विकेट भी झटके और पाकिस्तान को निर्धारित 20 ओवर में 133/9 के स्कोर पर रोक दिया। मैच में कोई अर्धशतक नहीं लगा। विंडीज ने पाक को टी20 में 2017 के बाद पहली बार हराया। इस बीच खेले गए 9 मैच पाक ने जीते जबकि तीन रद्द रहे थे।

## क्रॉसवर्ड # 957



**बायें से दायेंः**

1. गुड़हल, अड़हुल (5)। 5. हरी पत्तेदार सब्जी, सागों की सरदार (3)। 7. यमपुर (4)। 8. एक कीमती भैंस (2)। 9. चीनी/गुड़ को पानी में उबालकर बनाई जाती है (3)। 11. दाना, बीया (2)। 12. हृदय, मन (2)। 14. मगरमच्छ मुद्रा का योगासन (5)। 16. ताप का सुचालक (2,3)। 18. परमार्थ, भलाई (5)। 22. मुसीबत, कष्ट (4)। 23. कुल, पूरा, सभी (2)। 25. कच्चे आम का शरबत (2,2)। 27. विद्युत धारा (3)। 28. मृतक की प्रथम पुण्यतिथि (3)। 29. पेंटिंग और वार्निश (2,3)।

**ऊपर से नीचेः**

1. महाभारत का मूल नाम (2,3)। 2. स्त्री, कामिनी (2)। 3. मैदे से बनी मोटी रोटी (3)। 4. ख्याति, यश (3)। 5. भिंड, ततैया (2)। 6. उम्मीदजनक (5)। 10. कैंचीधाम वाले बाबा (5)। 11. उन्नीस, इक्कीस के बीच (2)। 13. जीवन निर्वाह, गुजारना (3)। 15. राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (3)। 17. कैच करना (4)। 19. कश, फुलाना (2)। 20. दैनिक भास्कर का रविवारीय पृष्ठ (4)। 21. दो नदियों के बीच की भूमि (3)। 22. तपस्वी (3)। 24. शर्ट की घुंडी (3)। 26. मृत्यु (2)। 27. '...' या मरो (2)।

**क्रॉसवर्ड 956 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | 2 फ | 3 ल | 4 र | ■ | 5 प | ट | 6 स | 7 न |
| 8 स | र | ग | म | ■ | र | ■ | 9 म | न्दी |
| 10 क | फ | न | ■ | 11 स्व | दे | 12 शी | य | ■ |
| 13 ली | रा | ■ | 14 पा | रा | श | र | ■ | 15 ए |
| ■ | 16 ना | 17 जा | य | ज | ■ | 18 खु | 19 रा | क |
| 20 धुं | ■ | 21 ग | ल | ■ | 22 ग | र्मा | ह | ट |
| 23 आ | 24 ब | रू | ■ | 25 गां | जा | ■ | 26 च | क |
| 27 धा | र | क | री | ■ | 28 ध | 29 व | ल | ■ |
| 30 र | म | ता | ■ | 31 त | र | न | ता | ल |

**मंडे पॉजिटिव** हरदीप सिंह ने अंडर-17 रेसलिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप में 110 किग्रा ग्रीको-रोमन में जीता था गोल्ड

# 8 की उम्र में पैरेंट्स को खो दिया, 16 में बने वर्ल्ड चैम्पियन

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

एथेंस के एक लगभग खाली कुश्ती अखाड़े में जब 16 साल के हरदीप सिंह ने कदम रखा, तब शायद किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ मिनटों में एक भारतीय युवा इतिहास रचने जा रहा है। ईरान के यजदान डेलरूज को 3-2 से हराकर हरदीप ने अंडर-17 ग्रीको-रोमन 110 किग्रा वर्ग में भारत को पहली बार वर्ल्ड चैम्पियन बनाया। लेकिन यह सिर्फ एक खेल की जीत नहीं थी, यह जीवन की कठिनाइयों, अभावों और अंधेरों पर जीत थी।

हरदीप की कहानी एक आम पहलवान की नहीं है। आठ साल की उम्र में उन्होंने माता-पिता को खो दिया। उनके पिता सतवीर सिंह बीएसएफ में थे। वे कुश्ती खिलाड़ी थे, लेकिन नशे की लत ने उन्हें तोड़ा और परिवार को भी। मां, आशा देवी शिक्षा मंत्रालय में कार्यरत थीं, जिनका दुर्घटना में निधन हो गया था। उस दिन से हरदीप और उनके बड़े भाई समीर की परवरिश की जिम्मेदारी चाचा जसजीत सिंह पर आ गई।

जसजीत कहते हैं, 'मेरे भाई ने मरने से पहले एक चिट्ठी छोड़ी थी कि उनके पास बच्चों के लिए कुछ भी नहीं है। हमें जमीन तक बेचनी



पड़ी ताकि परिवार जिंदा रह सके।' इन कठिन परिस्थितियों ने हरदीप को न सिर्फ मानसिक रूप से मजबूत बनाया, बल्कि उन्हें हर मोड़ पर लड़ना सिखाया। परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जसजीत ने दोनों भाइयों को कुश्ती में ही भविष्य तलाशने की राह दिखाई। शुरुआत गांव के अखाड़े से हुई, लेकिन जब हरदीप 12 साल के हुए तो जसजीत उन्हें लेकर मंडोठी (हरियाणा का वह गांव जो अंतरराष्ट्रीय पहलवानों के साथ-साथ अपराध की वजह से भी सुर्खियों में रहा है) पहुंचे। यहीं कोच धर्मेंद्र दलाल के अखाड़े में हरदीप ने असली पहलवानी सीखी।

धर्मेंद्र दलाल मानते हैं कि हरदीप शारीरिक रूप से मजबूत है, लेकिन उससे भी ज्यादा उसके अंदर मानसिक मजबूती है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में वो पीछे था, लेकिन हार नहीं मानी। यही असली चैम्पियन की पहचान है। हालांकि, यह सफर अभी लंबा है। कोच धर्मेंद्र दलाल मानते हैं कि हरदीप अभी पूरी तरह तैयार नहीं हैं और कई तकनीकी पहलुओं पर काम किया जाना बाकी है, खासकर 'ग्राउंड पोजिशन' में। लेकिन एक बात तय है कि 16 साल की उम्र में, इतने संघर्षों को झेलकर, अगर कोई वर्ल्ड चैम्पियन बन सकता है, तो उसकी कहानी सिर्फ खेल की नहीं, इंसानी जज्बे की भी मिसाल बन जाती है।

### चोट के कारण न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम में बदलाव

भास्कर न्यूज़ | बुलावायो

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर नाथन स्मिथ पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। स्मिथ को यह चोट बुलावायो में खेले गए पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लगी थी। वे उस समय 22 रन पर खेल रहे थे, जब उन्हें पेट में तेज दर्द हुआ और वे रिटायर्ड हर्ट हो गए। बाद में कराए गए एमआरआई स्कैन में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई, जिसके चलते वे करीब 4 हफ्तों तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। उनकी जगह 23 साल के पेसर जैक फोल्क्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। फोल्क्स हाल ही में जिम्बाब्वे और द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 ट्राई सीरीज में खेले थे। दूसरा टेस्ट 7 अगस्त से खेला जाएगा।



कैलाशनाथन शिव मंदिर

श्रीलंका के कोलंबो के कोट्टाहेन क्षेत्र में स्थित श्री कैलाशनाथन स्वामी मंदिर धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिव मंदिर है। वर्षों पुराना यह मंदिर भगवान शिव के कैलाशनाथ स्वरूप को समर्पित है। यहां शिवलिंग के साथ देवी पार्वती, गणेश, मुरुगन और नटराज की भी पूजा होती है। दक्षिण भारतीय द्रविड़ शैली में निर्मित इस मंदिर का भव्य गोपुरम रंगीन मूर्तियों से सुसज्जित है। **फोटोः अमारासी भंडारा**

## श्रीलंका में भगवान शिव को समर्पित 5 बड़े मंदिर 'पंच ईश्वरम्' हैं, इनमें मुन्नेश्वरम अहम



मुन्नेश्वरम मंदिर

श्रीलंका के पश्चिमी तट पर चिल्लाव शहर में स्थित मुन्नेश्वरम मंदिर भगवान शिव को समर्पित ऐतिहासिक मंदिर है, यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित श्रीलंका 'पंच ईश्वरम्' में से एक है। दरअसल, श्रीलंका के समुद्र तटीय 5 प्रमुख शिव मंदिरों को 'पंच ईश्वरम्'कहा जाता है, इसमें मुन्नेश्वरम के अलावा, कोनेश्वरम (त्रिंकोमाली), केथीश्वरम (मन्नार), तिरुकेतेश्वरम (मन्नार), नागेश्वरम (जाफना) शामिल हैं।

**मंडे मेगा स्टोरी** भगवान राम-शिव के चलते संवर रही श्रीलंका की तस्वीर; यहां कैलाशनाथन, मुन्नेश्वरम शिवलिंग भी

# भारतीयों का फेवरेट डेस्टिनेशन बना श्रीलंका, दो साल में 8 लाख पर्यटक पहुंचे, ये सर्वाधिक

**भास्कर न्यूज़** | कोलंबो

रामायण कालीन हिंदू धार्मिक स्थलों से भरपूर श्रीलंका, टूरिज्म के सहारे तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। भगवान राम, शिव से जुड़े पौराणिक स्थल, बौद्ध संस्कृति और खूबसूरत समुद्री तटों से भरपूर श्रीलंका, भारतीयों के बीच एक नए फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीलंका में एक बार फिर भारतीय पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। पिछले 2 सालों में 8 लाख से ज्यादा भारतीय टूरिस्ट यहां पहुंचे। विदेशी पर्यटकों के मामले में भारत, रूस और ब्रिटेन को पछाड़कर पहले नंबर पर पहुंच गया है। पहले भी भारतीयों का आना-जाना बड़ी संख्या में होता था, लेकिन कुछ अप्रिय घटनाओं के चलते यह संख्या काफी गिर गई थी। 2022 तक बमुश्किल 1 लाख पर्यटक ही यहां का रुख करते थे, लेकिन रामलला की प्रतिष्ठा प्राण प्रतिष्ठा के बाद 2024 मैं यह संख्या एक बार फिर 4 लाख को पार कर गई। श्री लंका टूरिज्म डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुताबिक इस वर्ष 1 जुलाई तक ही भारतीय पर्यटकों का आंकड़ा 3 लाख को पार कर चुका है। बता दें कि आज श्रीलंका की आय का सबसे बड़ा स्रोत टूरिज्म ही है, इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी भारतीयों की है। उसमें भी एक बड़ी संख्या धार्मिक श्रद्धालुओं की है।

### यूं तो यहां कई पौराणिक हिंदू धर्मस्थल हैं, उनमें से 9 मुख्य दैनिक भास्कर के पाठकों के लिए

▪ **मुन्नेश्वरम मंदिरः** मान्यता के अनुसार भगवान राम ने इसी जगह पर ब्रह्म हत्या (रावण वध) के पाप से मुक्ति पाने के लिए प्रार्थना की थी। मंदिर के प्रवेश द्वार में रामायण सहित पौराणिक कथा प्रसंग उकेरे गए हैं।

▪ **उस्संगोडा (रावण का हवाई अड्डा)ः** वह प्राचीन हवाई अड्डा माना जाता है। यहां कई हजार साल पुराने पुरातात्विक अवशेष भी मिले हैं। मान्यता है कि यही वह जगह है जहां से रावण का उड़ता हुआ रथ (पुष्पक विमान) उड़ान भरता था।

▪ **अशोक वाटिकाः** हनुमान ने पहली बार सीता से मुलाकात की थी। प्रमाण के रूप में भगवान राम की अंगूठी उन्हें दी थी। कभी हनुमान जी द्वारा उजाड़ दी गई इस वाटिका में अब 10 हजार प्रजातियों के पौधे हैं।

▪ **सीता अम्मन मंदिरः** अशोक वाटिका से कुछ दूरी पर स्थित यह रंगीन मंदिर माता सीता को समर्पित एकमात्र मंदिर है। मान्यता है कि यह मंदिर उसी स्थान पर है जहां रावण ने माता सीता को बंदी बनाकर रखा था।



कोनेश्वरम शिव मंदिर के नंदी से प्रार्थना।

▪ **दिवुरुम्पोला मंदिरः** सिंहली भाषा में दिवुरुम्पोला का मतलब 'शपथ स्थल' होता है। मान्यता है कि इसी जगह पर सीता जी ने अग्नि परीक्षा दी थी। यहां मंदिर में राम, लक्ष्मण और सीताजी की मूर्तियां हैं।

▪ **संजीवनी पहाड़ीः** यह स्थल लक्ष्मण के घायल होने और हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के प्रसंग से जुड़ा है। मान्यता है कि यहीं पर पर्वत का एक टुकड़ा गिराया गया था।

▪ **कन्निया हॉट स्प्रिंग्सः** मान्यता है कि रावण ने गुस्से में तलवार जमीन पर मार दी थी। उसी से गर्म पानी के झरने पैदा हुए। यहां 7 कुएं हैं, सभी के पानी का तापमान अलग है।

▪ **रावण जलप्रपातः** श्रीलंका के सबसे चौड़े और 25 मीटर ऊंचाई से गिरने वाले इस झरने का नाम रावण के नाम पर रखा गया है।

▪ **रावण की गुफाः** एला शहर के पास सबसे खास रामायण कालीन स्थलों में से एक है। यह रावण जलप्रपात के पीछे स्थित है।



प्रार्थना वृक्ष

त्रिनकोमाली के कोनेश्वरम मंदिर में स्थित 'प्रार्थना वृक्ष' पर श्रद्धालु रंग-बिरंगे कपड़ों से सजे लकड़ी के पालने बांधते हैं, जो उनकी मनोकामनाओं का प्रतीक होते हैं।



कोनेश्वरम मंदिर

त्रिंकोमाली में स्थित कोनेश्वरम मंदिर को 'दक्षिण का कैलाश' कहा जाता है। यहां 32 फुट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा है, जो तमिल शैव परंपरा का सुंदर उदाहरण है।

---

**यूटिलिटी इन्फो**

## ऐसे जानें, कौनसी सरकारी योजनाएं आपके लिए हैं...

**नई दिल्ली** | आम लोगों के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की 3800 से ज्यादा योजनाएं हैं। ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं चल पाता कि वे किस-किस योजना के लिए पात्र हैं। आइए, 5 आसान स्टेप्स में जानें आप किस-किस योजना के लिए पात्र हैं...

**myScheme पोर्टल से जानें**

▪ **myScheme वेबसाइट खोलें:** मोबाइल या कंप्यूटर पर ब्राउजर में myscheme.gov.in टाइप करें और पोर्टल खोलें।

▪ **प्रोफाइल भरें:** होमपेज पर 'फाइंड स्कीम्स फॉर यू' का टैब दिखेगा। इस पर क्लिक करें। आयु, लिंग, आमदनी, राज्य, श्रेणी जैसी बेसिक जानकारी मांगी जाएगी।

▪ **योजनाओं की सूचीः** जानकारियां सबमिट करते ही आपके लिए उपयुक्त केंद्र व राज्य की सभी योजनाओं की लिस्ट आ जाएगी। इसमें डिटेल व पात्रता दिखेगी।

▪ **डिटेल्स देखेंः** किसी भी योजना पर क्लिक करें और उसके फायदे, जरूरी डॉक्यूमेंट्स, आखिरी तारीख और पात्रता शर्तें विस्तार से पढ़ें।

▪ **ऑनलाइन आवेदनः** जिस योजना में आवेदन करना चाहें, उसके विवरण में आवेदन करें का लिंक मिलेगा। क्लिक करके डिजिटली फॉर्म भरें और दस्तावेज़ अपलोड करें। डायरेक्ट एप्लिकेशन लिंक उपलब्ध न हो तो संबंधित विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## गाजा युद्ध रोकने की मांग... सिडनी में रिकॉर्ड तीन लाख लोग सड़क पर उतरे

**भास्कर न्यूज़** | सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रविवार को गाजा युद्ध के विरोध में 'मार्च फॉर ह्यूमैनिटी' नामक विशाल प्रदर्शन हुआ, जिसमें आयोजकों के मुताबिक रिकॉर्ड 3 लाख लोग सड़कों पर उतरे। भारी बारिश और कड़ी सुरक्षा के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने चर्चित सिडनी हार्बर ब्रिज पर मार्च किया और युद्धविराम की मांग को लेकर नारे लगाए। इस मार्च में जूलियन असांज (इनसेट में), पूर्व विदेश मंत्री बॉब कार और ग्रीन्स पार्टी की मेहरीन फारूकी जैसी चार्चित हस्तियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में बच्चों की भूख, नागरिकों की मौत और युद्ध से हो रहे मानवीय संकट के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।



### गाजा में राहत सामग्री के लिए जुटे लोगों पर गोलीबारी, 27 की मौत

**राफेह** | गाजा पट्टी में रविवार को इजराइली सेना ने एक बार फिर राहत सामग्री लेने आए फिलिस्तीनी लोगों पर फायरिंग की। गाजा प्रशासन ने कहा है कि इसमें 27 फिलिस्तीनी लोगों की मौत की खबर है। यह घटना दक्षिण गाजा में अमेरिका समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन संचालित के राहत वितरण केंद्र के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि गोलीबारी अंधाधुंध थी। यूएन के अनुसार 27 मई से अब तक सहायता की तलाश में 1,400 लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को भुखमरी से 6 अन्य की मौत की खबर है।

▪ **अल-अक्सा में इजराइली मंत्री की प्रार्थना पर विवादः** यरुशलम में स्थित अल-अक्सा मस्जिद परिसर में इजराइली मंत्री इतामार बेन-गवीर द्वारा सार्वजनिक प्रार्थना के बाद तनाव बढ़ गया है। बेन-गवीर पहले इजराइली मंत्री हैं जिन्होंने यहां प्रार्थना की है, जिसे यहूदी 'टेंपल माउंट' और मुसलमान 'हरम अल-शरीफ' कहते हैं। अल-अक्सा परिसर पर दशकों से यथास्थिति समझौता लागू है, जिसके तहत मुसलमानों को प्रार्थना जबकि यहूदियों को सिर्फ भ्रमण करने की अनुमति है। बेन-गवीर ने सार्वजनिक प्रार्थना कर इस समझौते का उल्लंघन किया है।

## बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा बताने पर दिल्ली पुलिस पर भड़कीं ममता

**भास्कर न्यूज़** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सीएम और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने रविवार को दिल्ली पुलिस की आलोचना की है। उन्होंने एक कथित पत्र में बंगाली भाषा को 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' बताए जाने को अपमानजनक, राष्ट्र-विरोधी और असंवैधानिक करार दिया। पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली पुलिस का पत्र एक्स पर साझा करते हुए आरोप लगाया कि यह 'बंगाल को बदनाम करने' की भाजपा की सुनियोजित कोशिश है। बता दें कि दिल्ली पुलिस के लोधी कॉलोनी थाने के इंस्पेक्टर ने 29 जुलाई को नई दिल्ली स्थित बंग भवन के प्रभारी अधिकारी को एक सरकारी पत्र लिखा था। इसमें 'बांग्लादेशी भाषा' के लिए अनुवादक की मांग की गई थी। पत्र में कहा गया है कि जांच के दौरान 8 लोगों को अवैध बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह के चलते गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से जन्म प्रमाण पत्र, बैंक खाते की प्रतियां मिली हैं। पहचान संबंधी दस्तावेजों में बांग्लादेशी भाषा में लिखे पाठ हैं, जिनका अनुवाद करने की आवश्यकता है। इसलिए 'बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा' में कुशल आधिकारिक अनुवाद की मांग की थी।

## ओडिशा की किशोरी का दिल्ली एम्स में पीएम, विपक्ष के निशाने पर पुलिस

**भास्कर न्यूज़** | भुवनेश्वर

ओडिशा में जलाई गई 15 वर्षीय किशोरी के पिता ने रविवार को कहा कि उनकी बेटी 'मानसिक दबाव में थी और उसने अपनी जान ले ली।' हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किशोरी मानसिक रूप से दबाव में क्यों थी? शुरुआत में उन्होंने आरोप लगाया था कि उसका अपहरण कर आग लगा दी गई थी। मालूम हो, 19 जुलाई को पुरी जिले में भार्गवी नदी के किनारे किशोरी जली हुई अवस्था में भागती हुए एक घर पहुंची थी। 70% जली हुई हालत में उसे एयर लिफ्ट कर दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया, जहां उसकी दो सर्जरी और स्किन ग्राफ्टिंग की गई। शनिवार को किशोरी ने दम तोड़ दिया था। रविवार उसका पोस्टमार्टम किया गया और शव ओडिशा के लिए रवाना कर दिया। विपक्ष ने पुलिस की जांच सवाल उठाए हैं। विपक्षी कांग्रेस और बीजद ने आलोचना की है। हालांकि पुलिस के इस बयान को खारिज कर दिया कि लड़की को आग लगाने में कोई अन्य व्यक्ति शामिल नहीं था।

**न्यूज विंडो**

### मैंने व्यापार से दुनियाभर में कई युद्ध रोके, इनमें भारत-पाक युद्ध भी शामिल हैः ट्रम्प

**वॉशिंगटन** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाक के संघर्ष को खत्म कराया। ट्रम्प ने कहा 'मैंने बहुत से खूबसूरत युद्धों को खत्म किया है। भारत-पाकिस्तान का परमाणु संघर्ष, थाईलैंड-कंबोडिया, कांगो-रवांडा... मैंने इन्हें सुलझाया, व्यापार के जरिए। मैंने कहा- तुम लड़ सकते हो, लेकिन हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। अचानक उन्होंने लड़ना बंद कर दिया।' वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने भी ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के योग्य बताया।

### बांग्लादेशः पूर्व पीएम हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध मामला...सुनवाई शुरू

**ढाका** | बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराधों का मुकदमा रविवार से शुरू कर दिया। 2024 के छात्र आंदोलनों पर हिंसक दमन को लेकर हसीना पर अनुपस्थित रहते हुए सुनवाई हो रही है। मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने उन्हें सभी अपराधों की जड़ बताते हुए अधिकतम सजा की मांग की। हसीना के सहयोगी पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमान खान भी आरोपी हैं।

### दुष्कर्म में उम्रकैद पाए प्रज्ज्वल को मिला कैदी नंबर, हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया

**बेंगलुरु** | दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा पाए पूर्व सांसद और जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल में कैदी नंबर 15528 आवंटित किया गया है। जेल में पहली रात बिताते हुए प्रज्ज्वल तनाव में दिखे और मेडिकल जांच के दौरान रो पड़े। डॉक्टरों ने देर रात उनकी सेहत की जांच की और उन्हें हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। प्रज्ज्वल को शनिवार को विशेष अदालत ने दोषी ठहराकर आजीवन जेल की सजा सुनाई। साथ ही 11.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्रज्ज्वल ने हाई कोर्ट में अपील दायर की है।

---

**भास्कर इंटरव्यू** परमवीर मेजर शैतान सिंह की बायोपिक '120 बहादुर' के प्रोड्यूसर और एक्टर फरहान अख्तर से खास बातचीत...

# एक एक्टर की जिंदगी निकल जाती है...मेजर शैतान सिंह जैसा एक किरदार ढूंढ़ने और निभाने में, फिल्म राइट्स के लिए उनके परिवार ने एक पैसा नहीं लिया

**वीरेंद्र सिंह चौहान** | जोधपुर

एक कमांडर और पीछे 119 सैनिक। सामान्य हथियार। बैकअप नहीं। कड़ाके की ठंड। सामने 3000 दुश्मनों की सेना। थर्मल वर्दी में, हाथों में स्वचालित हथियार थामे। निश्चित मृत्यु...इसके बावजूद मौत की आंखों में आंखें डाल, दहाड़कर, लहू के आखिरी कतरे तक लड़े हिंदुस्तानी वीर। 1300 चीनियों को मौत के घाट उतार दिया। ये कहानी है 1962 में परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह व सैनिकों की। जोधपुर के सपूत की कहानी '120 बहादुर' फिल्म में साकार कर रहे हैं एक्टर और प्रोड्यूसर फरहान अख्तर। उन्होंने कई विषयों पर एक्सक्लूसिव बात की।

▪ **किस चीज ने आपको '120 बहादुर' मूवी बनाने व किरदार निभाने को प्रेरित किया?**

इस फिल्म के डायरेक्टर रजनीश आर्मी फैमिली से हैं, जो ऐसी वीरगाथाएं सुनते बड़े हुए। उनसे ये कहानी सुन मेरा जोश उफान पर पहुंच गया। लगा कि ये एक खास कहानी है... पूरे हिंदुस्तान को प्रेरित करने वाली है। उसी वक्त मैंने सोच लिया था कि मुझे इसे करना ही है। एक एक्टर की जिंदगी निकल जाती है, एक ऐसा किरदार निभाने में, जो दर्शकों के दिल-दिमाग में छप जाए। 'भाग मिल्खा' के बाद इस रोल में वो आग लगी।

▪ **मेजर शैतान सिंह के रोल के लिए फिजिकल मेंटल लेवल पर क्या तैयारी क्या चैलेंज रहे?**



मेजर शैतान सिंह के किरदार में फरहान अख्तर की पहली तस्वीर।

मेजर साहब जैसी पर्सनेलिटी की जिम्मेदारी उठाने में जज्बा, जुनून, धीरज चाहिए। मैं जोधपुर आया। उनके बेटे नरपसिंहजी, फैमिली, बुजुर्गों से मिला। जाना कि- उनके पिता की पर्सनेलिटी कैसी थी। उनके बारे में सब सुना। लेखक जय समोटा सहित उन पर जो भी किताबें लिखी थीं, पढ़ीं। रिसर्च किया। सब पढ़कर, सुनकर उन्हें खुद में उतारा। मुंबई में पूरी ट्रेनिंग की। हाई एल्टीट्यूड और कड़ाके ठंड में शूटिंग के लिए खुद को ढालने 2 हफ्ते पहले ही लद्दाख गया। आर्मी पर्सन के लिए बारीक से बारीक तैयारी की।

**इंटरनेशनल लेवल पर हमारी फिल्में पीछे क्यों?**

**फरहानः** हमें अपनी फिल्मों को लेकर इतना कॉन्शियस क्यों होना चाहिए कि वो लोग इन्हें देख रहे हैं या नहीं ? हम फिल्में हिंदुस्तानियों के लिए बनाते हैं। हमें गर्व है कि इनकी ऑडियंस दुनियाभर में है। जहां भी हिंदुस्तानी रहते हैं, वो थिएटर जाकर मूवी देखते हैं। यूएस फिल्म इंडस्ट्री के बाद भारतीय फिल्म इंडस्ट्री ही इस लेवल पर है। हमें अपने को छोटा नहीं समझना चाहिए।

▪ **क्या आपने मेजर साहब के परिवार से इस फिल्म को बनाने के राइट्स खरीदे ?**

आप ऐसे इंसान की कोई कीमत नहीं लगा सकते। हर कीमत कम होगी। मेजर साहब के परिवार ने राइट्स के लिए कोई पैसा नहीं लिया। वो चाहते थे कि- यह फिल्म पूरी जिम्मेदारी से बनाएं। जैसे हम मेजर साहब को याद करते हैं, वो सोच हिंदुस्तानियों तक पहुंचे। उन्हें मुंबई बुला मूवी दिखाई वो बहुत खुश हुए।

▪ **ब्रेन ड्रेन, मनी माइंडेड होते यूथ, वहीं देश में फोर्सेज, साइंस, आईटी में यूथ की जरुरत?**

यूथ आर्म्ड फोर्सेज में आ रहा है। हाल ही में जॉइन करने वाले कई यंग ऑफिसर्स से मैं लद्दाख में मिला।

**यूपी** • जल चढ़ाने जा रहे थे, 3 बच्चे भी शामिल

## गोंडा में कार नहर में गिरी; 11 की मौत, इनमें 9 एक ही परिवार के

**भास्कर न्यूज़** | गोंडा

यूपी के गोंडा के सीहा गांव से सरयू नदी में जल चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो रविवार सुबह बेकाबू होकर नहर में गिर गई। हादसे में 6 महिलाओं, 2 पुरुषों और 3 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। बोलेरो में 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग सवार थे, जबकि दो पड़ोसी महिला थीं। हादसा तेज बारिश के बीच करीब 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही बोलेरो के पुलिया क्रॉस करते समय फिसलने से हुआ।

नहर में गिरते ही बोलेरो पूरी तरह पानी में डूब गई और उसके दरवाजे लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग काफी देर तक छटपटाते रह गए और बाहर नहीं निकल पाए। ड्राइवर समेत 4 लोग कूदकर जान बचाने में सफल रहे। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और ग्रामीणों ने रस्सों से गाड़ी किनारे खींचकर शीशा तोड़ा, लेकिन तब तक अंदर फंसे सभी लोगों की सांसें थम चुकी थीं। बोलेरो में सवार सभी लोग गोंडा के मोतीगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे।



## न्यूज ब्रीफ

### कोल्हापुर: वंतारा से हथिनी को वापस लाने के लिए मौन रैली



**कोल्हापुर** | महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के नंदनी गांव की हथिनी महादेवी (माधुरी) को गुजरात के वंतारा पशु देखभाल केंद्र भेजा गया है। इसे वापस लाने की मांग को लेकर रविवार को हजारों लोगों ने मौन रैली निकाली। महादेवी पिछले 30 वर्षों से नंदनी में रह रही थी। लेकिन स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर उसे वंतारा भेजा गया था। वंतारा सेंटर में उसकी देखभाल की जा रही है।

### इजरायल: वैज्ञानिकों ने 2 हजार साल पुराने बीजों से उगाए पैधे



**यरूशलेम** | इसरायल के वैज्ञानिकों ने 2 हजार साल पुराने खजूर के बीजों से पौधे उगाए है। ये बीज यहूदी मरुस्थल के पास गुफाओं से मिले थे। सूखे मौसम और कम ऑक्सीजन के कारण ये बीज सड़ने से बच गए। वैज्ञानिकों ने बीजों को गर्म पानी, पोषक तत्व और हार्मोन से उपचारित कर विशेष मिट्टी में रोपा। इसके कुछ हफ्तों में अंकुर निकल आए।

### तमिल अभिनेता मदन बॉब का 71 साल की उम्र में निधन

**चेन्नई** | प्रसिद्ध तमिल अभिनेता और कॉमेडियन मधन बॉब ( एस. कृष्णमूर्ति) का 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे



पिछले कुछ वर्षों से कैंसर से जूझ रहे थे और शनिवार शाम चेन्नई के आद्यार स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। उनकी शानदार कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय के लिए उन्हें खूब सराहा गया। उन्होंने 'चाची 420' जैसी हिंदी फिल्म में भी अभिनय किया था।

### तिरुवनंतपुरम: 2 रुपए में इलाज करने वाले डॉ. गोपाल का निधन

**तिरुवनंतपुरम** | केरल के कन्नूर में पिछले 50 सालों से गरीब मरीजों का दो रुपए में इलाज



करने वाले डॉक्टर ए.के. रायरू गोपाल का निधन हो गया। वे हर दिन सुबह 4 बजे से शाम 4 बजे तक अपने गर लक्ष्मी में क्लिनिक चलाते थे। यहां सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते थे। वे जरूरतमंदो को मुफ्त दवांए भी देते थे। उन्हें लोग दो रुपए वाले डॉक्टर के नाम से जानते थे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने उनके निधन पर शोक जताया और कहा कि उनकी सेवा भाव गरीबों के लिए बड़ी राहत थी।

### रूस के हमले के बाद यूक्रेनी सेना में महिलाओं की संख्या दोगुनी हुई

# यूक्रेन की सेना में अब महिलाओं का दबदबा बढ़ा, रूस से ले रहीं मोर्चा

भास्कर न्यूज | कीव

यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यूक्रेन की सेना में 10 लाख सैनिक हैं। इनमें लगभग 1 लाख महिलाएं वॉलंटियर हैं। पुरुषों में कई सिपाही अनिच्छा से भर्ती हुए हैं, जबकि महिलाएं खुद आगे आ रही हैं। सशस्त्र बलों की जेंडर सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि साढ़े 5 हजार महिलाएं मोर्चे पर हैं। इनमें डॉक्टर, ड्राइवर और ड्रोन ऑपरेटर शामिल हैं। 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15% महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

हालांकि, हिस्सेदारी अब भी कम है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कॉलेजों में अब करीब 20% छात्राएं हैं, जो एक बड़ा बदलाव है। 2018 में यूक्रेन की सरकार ने इन स्कूलों को लड़कियों के लिए खोला और उनकी नौकरियों में पाबंदियां हटाईं। इसके अलावा सेना में यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून अब सख्त हो रहे हैं। उनका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को दूसरे दर्जे का न माना जाए।

### तकनीक और ताकत से तोड़ रहीं समाज की पुरानी धारणाएं



पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की। लेकिन, उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपने ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलॉजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी।

### यूक्रेन की महिला ड्रोन कमांडर: युद्ध में साहस और नई ताकत दिखाती हैं

यूक्रेनी सेना की एक औ महिला कमांडर हैं द्विग। वे पांच सदस्यों वाली महिला ड्रोन इकाई का हिस्सा हैं। वे अपनी पांच महिला दोस्तों के साथ एक कैफे में रुकती हैं और मोजितो ऑर्डर करती है। वहीं, इस कैफे से कुछ दूर तोपों की गड़गड़ाहट सुनाई देती रही है। ट्विग की साथी टाइटन कहती हैं कि किलिंग शब्द का अर्थ हत्या है, जो गलत है। वह अपने काम को रशियन का सफाया कहना पसंद करती हैं। यूक्रेन सेना की सैनिक मारिया बर्लिंस्का कहती हैं कि ड्रोन उड़ाने में लड़का-लड़की का अंतर मायने नहीं रखता।

### महिलाओं को युद्ध में नई भूमिका दिलाने की कोशिश: बर्लिंस्का

इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में सहायता करने वाली मारिया बर्लिंस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, 'हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है। कई महिलाएं कानून के बावजूद लड़ाई में हिस्सा ले रही थीं, जिसमें वे कुक और क्लीनर के रूप में रजिस्टर होती थीं। हालांकि, महिलाओं को भर्ती करने पर कोई राजनीतिक बहस नहीं हुई है। थिंक-टैंक फ्रंटियर इंस्टीट्यूट के येवगेन ह्रिबोवित्स्की कहते हैं कि यह जोखिम भरा हो सकता है।

# ब्रिटेन: ट्रैक्शन इंजन रैली का आयोजन, भाप इंजनों की गूंज में दिखी पुरानी टेक्नोलॉजी



**लंदन** | ब्रिटेन के विटबी शहर में शनिवार को विटबी ट्रैक्शन इंजन रैली का शानदार आयोजन हुआ। इस तीन दिवसीय मेले की शुरुआत ऐतिहासिक भाप इंजनों और मिनिएचर मशीनों की रंग-बिरंगी परेड से हुई। भाप इंजनों की सीटी और धुएं की लहरों के बीच, सैकड़ों दर्शकों ने पुरानी टेक्नोलॉजी की इस जीवंत झलक को देखा। रैली में ट्रैक्शन इंजन, लघु भाप इंजन, क्लासिक कारें, विंटेज ट्रैक्टर, फेयरग्राउंड ऑर्गन, मिलिट्री वाहन और मोटरसाइकिलें शामिल रहीं। इस मेले का उद्देश्य पुरानी इंजीनियरिंग तकनीकों को संरक्षित करना, नई पीढ़ी को तकनीकी विरासत से जोड़ना था।

## छात्रों को खिलाया कुत्ते का जूठा खाना, 78 को लगा एंटी-रेबीज

भास्कर न्यूज | रायपुर

छत्तीसगढ़ के लच्छनपुर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मध्याह्न भोजन में लापरवाही सामने आई है। 29 जुलाई को स्कूल में खुले रखे भोजन को आवारा कुत्ता जूठा कर गया था, जिसकी जानकारी बच्चों ने शिक्षकों को दी। शिक्षकों ने खाना परोसने से मना किया, लेकिन जय लक्ष्मी स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बच्चों की शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए 84 बच्चों को वही सब्जी परोस दी। बच्चों ने यह बात अपने अभिभावकों को बताई, जिसके बाद पालक, ग्रामीण और शाला समिति अध्यक्ष झालेंद्र साहू स्कूल पहुंचे। बच्चों और शिक्षकों से पूछताछ के बाद 78 बच्चों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रभारी डॉ. वीणा वर्मा ने बीएमओ के निर्देश पर एंटी-रेबीज का एक डोज लगाया। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक और संकुल समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामले में जय लक्ष्मी स्वसहायता समूह को मध्याह्न भोजन संचालन से अस्थायी रूप से हटा दिया है।

### पेपर मिल से एडमिशन का नया फर्जी ट्रेंड

# चीन: युवा बेरोजगारी से तंग, कॉलेज के लिए बनवा रहे फर्जी रिसर्च पेपर

भास्कर न्यूज | बीजिंग

भारत में चीनी सामान को जिस तरह से दोयम दर्जे का समझा जाता है, उसी तरह चीन के एजुकेशन सिस्टम में फर्जीवाड़े का भी चलन बढ़ा है। कई चीनी कंपनियां ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिले के लिए आसान रास्ता दे रही हैं। ये पेपर मिल कंपनियां पैसे लेकर छात्रों के लिए रिसर्च पेपर तैयार करवाती हैं, जो बड़े जर्नल्स में छपवाकर स्टूडेंट का आवेदन मजबूत करती हैं। हालांकि, एडमिशन के लिए एग्जाम जरूरी है, लेकिन ये रिसर्च पेपर एडमिशन को आसान बना देते हैं। इस साल चीन के 1.2 करोड़ स्टूडेंट ग्रेजुएट होकर नौकरी की तलाश में हैं। वहीं, चीन में भारी बेरोजगारी है। यही कारण है कि कई युवा नौकरी की तलाश छोड़ पढ़ाई चुन रहे हैं। इसका फायदा ये कंपनियां उठा रही हैं।

इसके अलावा कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं, जो अधिक पैसे देने पर सब्जेक्ट चुनने और पेपर लिखने में मदद भी करती हैं। शेनझेन की एक एजेंसी की कर्मचारी किउ ने बताया, 'हम 80 क्लाइंट्स एक साथ संभालते हैं, रोज 5 नए क्लाइंट आते हैं। उनकी वन-टू-वन सेवा 1.30 लाख रु. में 10 घंटे की ट्यूटरिंग और टॉप जर्नल में पब्लिकेशन की गारंटी देती है। इस चलन पर एजुकेशन एक्सपर्ट शियोंग बिंगची कहते हैं कि यह चीनी लोगों के लिए सिर्फ रिजल्ट वाली सोच को दर्शाती है।

### कई एजेंसी 2.34 लाख रुपए में रिसर्च पेपर तैयार करके दे रहीं है

ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर चुके चीन के क्रिस वोंग विदेश में जाकर पढ़ना चाहते हैं। बीजिंग



की एक एजेंसी ने उन्हें 2.34 लाख रुपए में तीन महीने का ऑनलाइन कोर्स ऑफर किया, जिसमें रिसर्च पेपर बनाकर उसे प्रतिष्ठित जर्नल में छपवाने का वादा था। यह पेपर उन्हें चीन और विदेश में कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे रखने में मदद करेगा।

## रूस: 600 साल बाद फटा ज्वालामुखी, 6 किलोमीटर ऊंचा उठा राख का गुबार



**मॉस्को** | रूस के कामचाटका में स्थित क्राशेनिन्निकोव ज्वालामुखी 600 साल बाद अचानक फट गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह विस्फोट पिछले हफ्ते आए तेज भूकंप के कारण हो सकता है। वैज्ञानिक ओल्गा गिरीना के मुताबिक, इस ज्वालामुखी से पिछली बार 1463 में लावा निकला था, और उसके बाद कोई पुष्टि नहीं हुई थी। भूकंप के बाद इसी क्षेत्र के क्ल्युचेवस्कॉय ज्वालामुखी में भी गतिविधि देखी गई थी। क्राशेनिन्निकोव से निकले राख के गुबार की ऊंचाई 6,000 मीटर तक दर्ज की गई है।

# 2.25 करोड़ के स्मार्टबोर्ड... 70 में से 35 बिना इंटरनेट

भास्कर न्यूज | रांची

रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्मार्ट तरीके से पढ़ाने के लिए दो फेज में लगभग 2.25 करोड़ रुपए खर्च स्मार्ट बोर्ड तो लगवा दिए, लेकिन ये आधुनिक उपकरण महज एक दिखावटी शो पीस बनकर रह गए हैं। आरयू के पीजी विभागों में दो फेज में 70 स्मार्ट बोर्ड लगे हुए हैं, लेकिन इनमें 35 से अधिक में इंटरनेट कनेक्शन ही नहीं दिया गया है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया है कि विश्वविद्यालय के लगभग 70% शिक्षकों को इन स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाना नहीं आता, जिसके चलते ये महंगे उपकरण पूरी तरह से बेकार पड़े हुए हैं। कुछ विभागों के विभागाध्यक्ष बताते हैं कि स्मार्ट बोर्ड का उपयोग सिर्फ सेमिनार या प्रेजेंटेशन के लिए किया जाता है, बाकी समय वे बिना इस्तेमाल के पड़े रहते हैं।



### लेक्चर रिकॉर्डिंग की सुविधा भी स्मार्ट बोर्ड में

रांची विवि के मोरहाबादी कैंपस स्थित लगभग ढाई दर्जन पीजी विभागों में स्थापित इन स्मार्ट बोर्ड का उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में क्रांति लाना था। स्टूडेंट्स को ऑडियो- वीडियो के माध्यम से जटिल विषयों को आसानी से समझाना और पढ़ाई को अधिक आकर्षक बनाना था। अनुपस्थित छात्रों के लिए लेक्चर रिकॉर्डिंग की सुविधा भी है, ताकि कोई भी छात्र पढ़ाई में पीछे न छूटे। लेकिन इन उद्देश्यों की पूर्ति हो नहीं पाई है।




Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTI NAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ : SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. SOUTH DELHI: LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. OKHLA: TREO AUTO: 7506019457. SAFDARJUNG ENCLAVE: TREO AUTO: 7506019454. NEHRU PLACE: TREO AUTO: 7506019457. SAKET: TREO AUTO: 7506019454. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: BHOJPUR: SAB MOTORS : 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. GURUGRAM: HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291522893. MANESAR: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291210154. PATAUDI: HIMGIRI AUTOMOBILES: 8291518973. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Terms and Conditions apply. **Benefits up to differs from model to model and is inclusive of consumer offer, exchange bonus and maximum corporate offer. All offers are valid for limited period or till stocks last. *Finance at sole discretion of financier. *Offers are for multiple Financiers. ^^Price mentioned is Punch Pure MT ex showroom Delhi, Local taxes extra. *Punch is the highest selling SUV in India FY25 as per SIAM data. Punch rated 5 stars for adult safety by Global NCAP (2021). Punch.ev rated 5 Stars for adult and child safety by Bharat NCAP (2024). Terms and conditions apply.

प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादक: अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001